kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-341 ❒ गुरुवार, 15 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी ही पुलिस पर भरोसा नहीं किया। इससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिम बंगाल सरकार को अपनी पुलिस व्यवस्था पर भी विश्वास नहीं है। इसी कारण मुख्यमंत्री स्वयं वहां गईं।
सुधांशु त्रिवेदी

नितिन नबीन 19 को भाजपा अध्यक्ष पद के लिए पर्चा भरेंगे 11

शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव : सीएम 12

## संक्षेप

### 18 साल की आयु पूरी करने वालों को अभियान चलाकर बनाएं वोटर : सीईओ

**लखनऊ।** यूपी में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को विशेष अभियान चलाकर मतदाता बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बुधवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के अनुसार 18 व 19 साल की आयु पूरी कर चुके युवाओं को चिह्नित कर उन्हें वोटर बनाएं। विशेष शिविर लगाएं। सीईओ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मतदाता बनाया जाए। विश्वविद्यालय व कॉलेजों में इसके लिए विशेष शिविर लगाए जाएं। कैंपस एंबेस्डर व वॉलेंटियर की मदद से पात्र युवाओं को मतदाता बनवाने के लिए फॉर्म भरवाया जाए। मतदाता जागरूकता के लिए जिला स्तर पर नामित स्वीप नोडल अधिकारियों और युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्रत्येक विधानसभा में नियुक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों में मतदाता जागरूकता क्लब के साथ बैठक करें। शिक्षण संस्थानों को द्धददब्ढ्ढ्र एप व पोर्टल ध्वध्र्न्प.द्ददड्ढ.द्दध्प.द्ध के माध्यम से ऑनलाइन मतदाता फॉर्म-6 भरने को प्रोत्साहित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले कैंपस एंबेस्डर, वॉलेंटियर व कोआर्डिनेटर को पुरस्कृत किया जाए। नए मतदाताओं को मतदाता कार्ड देकर सम्मानित किया जाए। फॉर्म-6 भरते समय अपना मोबाइल नंबर जरूर भरें। जिससे आवेदन को ट्रैक करने व घर बैठे ई-मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड कर सकें। फोटोग्राफ साफ-सुथरी लगाएं और फॉर्म पर अपने अभिभावक का मतदाता पहचान पत्र संख्या जरूर दें। जिससे आवेदक का नाम उस बूथ पर दर्ज हो सके, जहां पर उनके परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज हैं।

### भेदभाव मिटा कर संगठित हो हिन्दू समाज : नरेन्द्र ठाकुर

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर ने बुधवार को वृन्दावन योजना स्थित त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि संघ भेदभाव नहीं मानता लेकिन समाज में जातिगत भेदभाव, छुआछूत, भाषा एवं क्षेत्र के आधार पर विभाजन आज भी मौजूद है। ऐसे भेद मिटाकर ही समाज संगठित हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म ग्रन्थों में जाति के नाम पर छुआछूत का उल्लेख नहीं है। छुआछूत गुलामी के काल में आई कुरीति है। इसलिए संघ के भीतर किसी प्रकार की जाति नहीं मानी जाती। संघ का स्वयंसेवक जाति को नहीं मानता। उन्होंने संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव राव सदाशिवराम गोलवलकर (गुरुजी) का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने सभी संतों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया।

# ईरान-यूएस टकराव तेज

एजेंसी



❒ कतर एयरबेस से हटाए जा रहे कर्मी
❒ तेहरान की चेतावनी के बाद अमेरिकी सुरक्षा सतर्क, युद्ध की आशंका तेज
❒ इजरायल ने ईरान से बढ़ते तनाव के मद्देनजर तेज की सैन्य तैयारी
❒ ट्रंप ने ईरानियों से सड़कों पर डटे रहने और संस्थानों पर कब्जा करने की अपील भी की

नई दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। तेहरान में हिंसक विरोध प्रदर्शनों और अमेरिकी हस्तक्षेप की आशंकाओं के बीच कतर स्थित अमेरिकी अल-उदीद एयरबेस से कुछ कर्मियों को हटाया जा रहा है। अधिकारी इसे पूरी तरह निकासी नहीं, बल्कि पोश्चर चेंज यानी सुरक्षा सतर्कता में बदलाव बता रहे हैं।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर वॉशिंगटन ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में सैन्य हस्तक्षेप किया तो क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमला किया जाएगा। ईरान ने स्पष्ट कहा कि सऊदी अरब, यूएई, तुर्की और कतर में स्थित अमेरिकी बेस भी इस दायरे में शामिल होंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार ईरान को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदर्शनकारियों को फांसी दी गई या हिंसा जारी रही, तो अमेरिका बहुत कड़ी कार्रवाई करेगा। ट्रंप ने ईरानियों से सड़कों पर डटे रहने और संस्थानों पर कब्जा करने की अपील भी की और कहा, मदद रास्ते में है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, ईरान में प्रदर्शन शुरू होने के बाद अब तक लगभग 2600 लोग मारे जा चुके हैं। यह पिछले कई वर्षों में इस्लामिक शासन के खिलाफ सबसे बड़े विरोध प्रदर्शन हैं। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों और विद्रोहियों के बीच हिंसा लगातार बढ़ रही है। तीन राजनयिक सूत्रों के अनुसार, कतर एयरबेस से हटाए जा रहे कर्मी सैन्य और गैर-सैन्य दोनों हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर सैनिक हटाने की कोई योजना फिलहाल नहीं बनाई गई। यह पिछले साल ईरान के मिसाइल हमले से पहले के संकेतों की तरह गंभीर स्थिति की तरफ इशारा करता है। अमेरिका और ईरान के बीच सीधे वार्ता के प्रयास फिलहाल ठप हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच चल रही बातचीत रोक दी गई है। इसी बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी ईरान से ● शेष पेज 11 पर

## 'ईरान को तुरंत छोड़ दें, जरूरी कागजात साथ रखें'

### विदेश मंत्रालय की भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी

नई दिल्ली। भारत ने ईरान में जारी हिंसा और आंदोलन के बीच अपने नागरिक को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी करते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को तुरंत लौटने को कहा है। साथ ही सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

ईरान में पिछले दो सप्ताह के अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ाने भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें। सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

# आई-पैक छापे में ममता घिरीं

एजेंसी



❒ कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी की याचिका खारिज की, प्रवर्तन निदेशालय का बड़ा आरोप – 'दस्तावेज़ एजेंसी नहीं, ममता खुद ले गईं'

कोलकाता। आई-पैक कार्यालय पर पड़े प्रवर्तन निदेशालय के छापे को लेकर दायर तृणमूल कंग्रेस की याचिका को कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि जब जांच एजेंसी स्वयं यह कह रही है कि उसने किसी भी तरह के दस्तावेज़ जब्त नहीं किए हैं, तो इस याचिका पर आगे सुनवाई का कोई आधार नहीं बचता।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में उस समय सनसनी फैल गई जब प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजू ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई फाइल या रिकॉर्ड कार्यालय से बाहर ले जाया गया है तो वह ईडी द्वारा नहीं, बल्कि ममता बनर्जी द्वारा गैरकानूनी तरीके से ले जाया गया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ह्लजब ईडी यह स्पष्ट कर चुकी है कि उसने कुछ भी जब्त नहीं किया है, तब इस मामले में अब कोई विवाद शेष नहीं रहता। इसलिए याचिका को खारिज किया जाता है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि यह मामला पहले से ही उच्चतम न्यायालय में लंबित है, इसलिए ईडी की ओर से दाखिल संबंधित याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद ही की जाएगी। गौरतलब है कि 8 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने चुनावी रणनीति बनाने वाली संस्था आई-पैक के सह-संस्थापक एवं आईटी प्रमुख प्रतीक जैन के कार्यालय पर छापा मारा था। इसी दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं वहां पहुंच गई थीं। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी ने पार्टी से जुड़े गोपनीय राजनीतिक डेटा और दस्तावेज़ जब्त कर लिए हैं। हालांकि अदालत में ईडी ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि पार्टी के किसी भी दफ्तर या आई-पैक कार्यालय से कोई भी सामग्री जब्त नहीं की गई। उलटे ईडी ने दावा किया कि मौके पर मौजूद ममता बनर्जी कुछ फाइलें अपने साथ ले गईं, जो कानून के विरुद्ध है। ईडी के वकील ने यह भी तर्क दिया कि तृणमूल कंग्रेस इस मामले में याचिकाकर्ता बनने का अधिकार ही नहीं रखती, क्योंकि छापा आई-पैक कार्यालय पर पड़ा था, न कि पार्टी दफ्तर पर। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था प्रभावित हुई है तो वह प्रतीक जैन हैं, जिन्हें स्वयं अदालत का दरवाज़ा खटखटाना चाहिए था। इस फैसले के बाद बंगाल की राजनीति में हलचल और तेज हो गई है। चुनाव से पहले आई-पैक और मुख्यमंत्री से जुड़ा यह मामला अब सीधे सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुका है और आगे की कानूनी लड़ाई वहीं तय होगी।

### सिपाही-आरओ भर्ती परीक्षा के पर्चा लीक मामला

# 18 आरोपियों के खिलाफ दूसरी चार्जशीट दाखिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ ईडी ने मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज किया था मुकदमा
❒ लखनऊ से लेकर बिहार, मध्य प्रदेश तक की सम्पत्तियों के दस्तावेज लगाए ईडी ने
❒ एसटीएफ भी इन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगा चुकी

लखनऊ। ईडी ने दो साल पहले यूपी पुलिस की सिपाही और आरओ-एआरओ भर्ती परीक्षा का पर्चा लीक कराने के मामले में बुधवार को विशेष न्यायालय लखनऊ में चार्जशीट दाखिल की। इसमें पर्चा लीक के मास्टरमाइंड राजीव नयन, शुभम मंडल समेत 18 आरोपियों के नाम हैं। ईडी ने मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में यह दूसरी चार्जशीट दी है। इसमें आरोपियों की लखनऊ से लेकर बिहार, मध्य प्रदेश तक की सम्पत्तियों से जुड़े साक्ष्य व बैंक खातों को साक्ष्य के तौर पर लगाया गया है। पहली चार्जशीट में सात आरोपियों के नाम थे। वर्ष 2024 में 16 व 18 फरवरी को सिपाही भर्ती परीक्षा और 11 फरवरी 2024 को समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की परीक्षा का पर्चा लीक हुआ था। इसके बाद ही दोनों परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं। शासन ने एसटीएफ को जांच सौंपी थी। इसमें गिरोह के मास्टरमाइंड राजीव नयन, सुभाष प्रकाश, रवि अत्री समेत कई आरोपियों का अभ्यर्थियों से करोड़ों रुपये वसूलने का खुलासा हुआ था। इसके बाद ईडी ने भी इन आरोपियों के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की थी। ईडी ने कई आरोपियों की सम्पत्ति जब्त की थी। इसी मामले में ईडी ने बुधवार को अपनी दूसरी चार्जशीट दाखिल कर दी। एसटीएफ भी इस मामले में तीन चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा, अंकित शेखर, शुभम मंडल, मनीष शर्मा उर्फ मोनू, बिट्टू सिंह बहादुर, श्यामवीर सिंह, गौरव कुमार उर्फ गौरव, सुनील रघुवंशी, विशाल दुबे, विवेक उपाध्याय, अमरजीत शर्मा, कामेश्वर नाथ, अमित सिंह, शरद सिंह, अरुण सिंह, नवीन सिंह, पुनीत सिंह और आयुष पांडे हैं।




### शौर्य, बलिदान और अनुभव से देश की सेवा जारी, सरकार ने कल्याण योजनाओं को मजबूत किया

# पूर्व सैनिक देशभक्ति का अलख जगाने वाले : रक्षामंत्री

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया है। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां 10 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर रैलियां, पुष्पांजलि अर्पण समारोह, शिकायत निवारण काउंटर तथा सहायता एवं सुविधा डेस्क लगाये गये। मुख्य समारोह दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में हुआ जिसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगभग 2500 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने पूर्व सैनिकों से युवाओं का मार्गदर्शन करने, अग्निवीरों और युवा सैनिकों को सही दिशा देने, आपात स्थितियों में नागरिक प्रशासन का सहयोग करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

श्री सिंह ने कहा कि भारत तेजी से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में पूर्व सैनिकों का अनुभव, नेतृत्व और मूल्य देश के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। उन्होंने ऑपरेशन पवन में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों को भी याद किया और कहा कि उनके साहस और बलिदान को पहले वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारतीय शांति सेना के सैनिकों के योगदान को खुले तौर पर स्वीकार किया है तथा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक सहित विभिन्न स्तरों पर उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए एक रैंक एक पेंशन, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के सुदृढ़ीकरण, दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और टेलीमेडिसिन को बढ़ावा देने जैसे कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सैनिकों का जीवन गरिमा और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण हो। इसके लिए कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता, आवास, ऋण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा ,'' सैनिक कभी वास्तव में सेवानिवृत्त नहीं होता। वर्दी का रंग बदल सकता है, ● शेष पेज 11 पर

# पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह की स्मृति में आयोजित हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

**कार्यक्रम में अखिलेश सिंह की स्मृति में आज उनकी छोटी बहन व कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह की स्मृति में आज उनकी छोटी बहन व कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने गणमान्य लोगों को सम्मानित किया साथ ही सैकड़ों लोगों को कंबल वितरित किया।

राही विकासखण्ड के लोधवारी ग्राम पंचायत में पूनम सिंह ने निस्वार्थ सेवाभाव से समाज को संगठित करने व समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने वाले लोगों को शॉल पहनाया और प्रशस्ति पत्र भी दिया। साथ ही इस अवसर पर सैकड़ों दिव्यांग जनों व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित करते हुए समाजसेवा के कार्य को और गति प्रदान की।इस मौके पर पूनम सिंह ने कहा कि समाज सेवा करना उनके परिवार की पुरानी परंपरा रही है। उनके पिता ठाकुर धुन्नी सिंह कोई राजनीतिक व्यक्ति नही थे लेकिन उनके समय में भी उनके परिवार के लोगों ने आम जनमानस के हितों के लिये बहुत कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को उनके बड़े भाई सदर विधायक स्व. अखिलेश सिंह ने भी जनता के बीच 25 साल लगातार विधायक रहकर सेवा की। आम लोगों के साथ जुड़ाव रखा। मेरी भी यही लक्ष्य है कि मैं अपने परिवार की समाजसेवा करने की परंपरा को आगे बढाती रहूं। इस दौरान पूनम सिंह द्वारा रामशंकर, रविन्द्र नाई, कृष्ण वीर सिंह, सोनू सिंह, गंगा राम पासी, गंगा त्रिपाठी, मनोज कुमार द्विवेदी, रोहित यादव, श्रीकांत मिश्रा, मंशा राम यादव, राहुल सिंह बब्बन,अचल सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, देवी नारायण मिश्रा जंगली महाराज, राम विलास सिंह रिटायर्ड फौजी, 106 साल की वृद्धा शांति द्विवेदी, महादेव नेता, मंशा राम, अन्नू द्विवेदी, वेदराम बीडीसी उत्कृष्ट कार्य के लिये इन्हें सम्मानित किया। इस दौरान मंच संचालन अध्यापक किरीटि भूषण सिंह ने किया। इस दौरान शालिनी सिंह, शिवानी अग्रहरि, अवनी जायसवाल, दामिनी पासवान, अंजली यादव, प्रदीप सोनकर, आमीन पठान, एडवोकेट संदीप मिश्रा, कुलदीप शर्मा, सुमित सिंह, संदीप, गोलू सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# माघ मेले में सतुआ बाबा का शाही अंदाज फिर चर्चा में





**काफिले में शामिल हुई तीन करोड़ की पोर्श टायकन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । माघ मेले में संतोष दास महाराज उर्फ सतुआ बाबा एक बार फिर अपने शाही ठाठ-बाट को लेकर सुर्खियों में हैं। लग्जरी गाड़ियों के शौक के लिए पहचाने जाने वाले सतुआ बाबा ने मेला क्षेत्र में जर्मनी की प्रतिष्ठित कार निर्माता कंपनी की इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार पोर्श टायकन मंगवाई, जिसका विधि-विधान से पूजन किया गया। बताया जा रहा है कि इस लग्जरी कार की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है।इससे पहले बाबा के काफिले में लैंड रोवर डिफेंडर शामिल हो चुकी है और अब पोर्श टायकन के आने से उनका शाही अंदाज और चर्चा में आ गया है। पोर्श ब्रांड अपनी हाई-स्पीड परफॉर्मेंस, एडवांस टेक्नोलॉजी और प्रीमियम लग्जरी के लिए दुनिया भर में मशहूर है। पूरी तरह इलेक्ट्रिक पोर्श टायकन को तेज रफ्तार के साथ पर्यावरण के अनुकूल तकनीक का प्रतीक माना जाता है।माघ मेला शिविर में पोर्श टायकन के पहुंचते ही खाक चौक के कई साधु-संत वहां मौजूद रहे। सतुआ बाबा ने कार को फूल-मालाओं से सजाकर पूजन किया और जयकारे लगाए गए। बाबा के इस लग्जरी अंदाज को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मेला परिसर में मौजूद लोग जुट गए, जिससे माघ मेले में यह दृश्य चर्चा का केंद्र बन गया।

## मकर संक्रांति पर्व पर ब्लाक अध्यक्ष की मां ने बाटी कंबल



कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के ब्लाक कोरांव अध्यक्ष पवन सोनकर ने अपनी मां गीता देवी के हाथों से कुकुरहटा गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करवाया पवन सोनकर ने बताया मेरी मां की इच्छा थी कि अपने हाथों से जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करे जो सपना साकार हुआ कम्बल ठंड से बचाव में काफी राहत देगा और इस तरह से लोगों के बीच में सामाजिक कार्य करने से समाज के और भी लोग बढ़चढकर हिस्सा लेगे

## मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति जेल से रिहा होने के बाद लापता



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के जौखंडी गांव में एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। यहां के निवासी विनोद कुमार त्रिवेदी (उम्र करीब 45 वर्ष) जेल से रिहा होने के बाद से लापता हैं। उनके छोटे भाई सुशील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि विनोद सितंबर 2024 में बाजार खाला थाने में दर्ज एक 13 साल पुराने एक चोरी के मुकदमे में गैरहाजिर चल रहे थे। इसी दौरान उनका गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ और गोसाईगंज पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।लगभग 13 महीने जेल में सजा काटने के बाद विनोद कुमार त्रिवेदी 25 दिसंबर 2025 को लखनऊ की नई जेल से लोक अदालत के माध्यम से रिहा हुए। लेकिन रिहाई के बाद वे घर नहीं लौटे और तब से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है। उनके भाई सुशील त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि उनका भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त है, जेल प्रशासन तथा पुलिस ने रिहाई की सूचना परिवार को नहीं दी, जिससे यह लापरवाही हुई।विनोद कुमार गोरे रंग के हैं, लंबा चेहरा, लंबाई करीब 5 फुट 3 इंच है। रिहाई के समय वे सफ़ेद शर्ट, नीली पैंट और पैरों में चप्पल पहने हुए थे। परिवार ने कई दिनों तक खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः गोसाईगंज पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और लापता व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।उनके भाई सुशील त्रिवेदी कहा कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति होने के कारण जल्द से जल्द विनोद कुमार को बरामद किया जाए।

## नारी सुरक्षा व सशक्तिकरण की दिशा में गंगानगर पुलिस का जागरूकता अभियान

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत गंगानगर जोन कमिश्नरेट प्रयागराज के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों ने बुधवार को व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित किया गया।मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक उपयोग के बारे में भी आवश्यक सुझाव दिए गए तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की अपील की गई।अभियान के दौरान महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों–पुलिस आपात सेवा 112, वूमेन पावरलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, सीएम हेल्पलाइन 1076, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं मिशन शक्ति केंद्र–की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं व छात्राओं को पंपलेट वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित किया।

## दुर्गा मंदिर में साधु के भेष में चोरी, मुकुट और नगदी गायब

लखनऊ, मोहनलालगंज,कैनविज टाइम्स संवाददाता। के मुरलीनगर स्थित दुर्गा माता मंदिर में साधु के भेष में आए एक अधेड़ द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। आरोपी मंदिर का गेट खोलकर मूर्ति का मुकुट और दानपात्र में रखी नगदी लेकर फरार हो गया। घटना मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में साफ कैद हुई है।मंदिर के व्यवस्थापक मधुसूदन त्रिवेदी ने बताया कि उन्हें मंगलवार को शक हुआ तो उन्होंने चुनरी हटाकर देखा, जहां से मूर्ति का मुकुट गायब मिला। इसके बाद जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो 11 जनवरी की शाम एक अधेड़ साधु वेश में मंदिर के अंदर जाता और कुछ देर बाद मुकुट व नगदी लेकर बाहर निकलता दिखा।व्यवस्थापक ने पूरी घटना की शिकायत मोहनलालगंज पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।मंदिर में हुई इस तरह की चोरी को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। लोग मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की मांग कर रहे हैं।

## 22 वर्षीय अमर ने लिया संन्यास, रोता रह गया परिवार

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आस्था और वैराग्य के संगम प्रयागराज माघ मेले से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने सबको भावुक कर दिया है। जिले के महराजगंज कस्बे के रहने वाले 22 वर्षीय युवक अमर कमल रस्तोगी ने संसार का त्याग कर संन्यास धारण कर लिया है। अब वे 'यश्वनी दास' के नाम से जाने जाएंगे।अमर कमल रस्तोगी महराजगंज में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास एक जनसेवा केंद्र चलाते थे। परिजनों के अनुसार, 1 जनवरी को वह यह कहकर घर से निकले थे कि वे लखनऊ के एक चर्च जा रहे हैं और शाम तक लौट आएंगे। जब वह रात तक नहीं लौटे और फोन बंद आने लगा, तो परिवार में हड़कंप मच गया। तीन दिन बाद मोबाइल स्टेटस के जरिए पता चला कि वह प्रयागराज में हैं। खबर मिलते ही मां सोनी रस्तोगी और बहनें भागती हुई प्रयागराज पहुंचीं। मेले में इकलौते बेटे को देखकर मां फफक पड़ी। शुरुआत में अमर ने अपनी मां को पहचानने से ही इनकार कर दिया।बाद में भावुक होकर मां को गले तो लगाया, लेकिन घर लौटने से साफ मना कर दिया। बहनों की भावुक अपीलों के बावजूद अमर अपने फैसले पर अडिग रहे। उन्होंने स्वामी गोपाल दास को अपना गुरु मानकर दीक्षा ली और संतों की सेवा में जीवन बिताने का संकल्प लिया। अमर के इस फैसले ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। घर में बुजुर्ग दादा-दादी और तीन बहनें हैं।पिता नवीन कमल रस्तोगी (48 वर्ष) अभी भी इस उम्मीद में हैं कि बेटा एक दिन जरूर लौटेगा। मां सोनी रस्तोगी भारी मन से वापस तो आ गई हैं, लेकिन ईश्वर से प्रार्थना कर रही हैं कि बेटा मन बदल ले।

# नैनी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी का किया भंडाफोड़, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। यमुनानगर जोन के थाना नैनी पुलिस ने बुधवार को मादक पदार्थ की बिक्री करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर लेप्रोसी चौराहे के पास अस्थायी बस अड्डा मैदान से पुलिस टीम ने 220 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम पाउडर तथा बिक्री से प्राप्त 330 रुपये नगद के साथ अभियुक्तों को पकड़ा। इस संबंध में थाना नैनी पर मुकदमा संख्या 25/2026 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तों में मोनू गौड पुत्र श्रीकान्त गौड निवासी दुबकी कला थाना हंडिया (हाल पता मानस नगर, नैनी) एवं आनंद भारतीया उर्फ बब्बू पुत्र संजय भारतीया निवासी इंदलपुर थाना नैनी शामिल हैं। पुलिस ने मोनू गौड के कब्जे से 117 ग्राम तथा आनंद भारतीया उर्फ बब्बू के कब्जे से 103 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम पाउडर बरामद किया। साथ ही दोनों के पास से नशे की बिक्री के 330 रुपये नगद भी बरामद हुए।पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे अल्प्राजोलम पाउडर की पुड़िया बनाकर बिक्री करते थे और शौक पूरे करने के लिए नशे के इस अवैध कारोबार में लिप्त थे। पुलिस के अनुसार अभियुक्त आनंद भारतीया उर्फ बब्बू का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, उपनिरीक्षक श्रीराम उपाध्याय, चौकी प्रभारी जेल रोड, उपनिरीक्षक आशीष यादव एवं कांस्टेबल सतेन्द्र यादव शामिल रहे।

# बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी का ताबड़तोड़ जनसंपर्क, अधिवक्ताओं का जबरदस्त समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव में क्रम संख्या-325 प्रत्याशी डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंक दी है। लगातार किए जा रहे ताबड़तोड़ दौरों और सशक्त जनसंपर्क अभियान से उन्होंने अधिवक्ता समुदाय में जबरदस्त माहौल बना दिया है।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न न्यायालय परिसरों और बार एसोसिएशनों में उन्हें अधिवक्ताओं का भारी समर्थन मिल रहा है।वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने साफ शब्दों में कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं,बल्कि अधिवक्ताओं के हक़ की निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी, बार काउंसिल में अधिवक्ताओं की आवाज़ को दबने नहीं दिया जाएगा और युवा अधिवक्ताओं के शोषण,बुनियादी सुविधाओं की कमी और कल्याणकारी योजनाओं में हो रही अनदेखी को पूरी मजबूती से उठाया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में जनसंपर्क के दौरान अधिवक्ताओं की भारी भीड़ जुटती दिखाई दे रही है।वरिष्ठ अधिवक्ताओं से लेकर नवोदित अधिवक्ताओं तक ने प्रत्याशी की निडर छवि और संघर्षशील नेतृत्व पर भरोसा जताया।कई बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खुले मंच से समर्थन की घोषणा करते हुए कहा कि अबकी बार काउंसिल को ज़मीनी और जुझारू प्रतिनिधि की आवश्यकता है। बार परिसर में प्रत्याशी वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव के पक्ष में लगातार बन रहे माहौल से अन्य प्रत्याशियों की बेचैनी साफ देखी जा सकती है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस बार चुनाव में बदलाव तय है और अधिवक्ता हितों के लिए मजबूती से लड़ने वाला प्रतिनिधि ही चुना जाएगा।वीरेंद्र प्रताप यादव ने दावा किया कि अधिवक्ताओं का यह अपार समर्थन उनकी जीत की मजबूत नींव है और वे हर हाल में अधिवक्ता समाज के सम्मान,अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई लड़ते रहेंगे।वही बुधवार को प्रत्याशी वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने जनपद बरेली,फरीदपुर तहसील व नवाबगंज में अधिवताओं से जनसंपर्क कर समर्थन प्राप्त किया।वही इस अवसर पर बरेली के सांसद धर्मेंद्र कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार यादव,वरिष्ठ अधिवक्ता जयपाल कश्यप,प्रदीप यादव,नवनीत यादव,ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र यादव,पूरा लाल प्रजापति, एशियन कॉलेज फरीदपुर बार के महामंत्री बृजेश कुमार यादव सहित अनेक प्रतिष्ठित अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि,समाजसेवी एवं प्रबुद्ध नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पानी भरे गड्ढे में मिला चार किशोरों का नग्न शव, हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशवां गांव में रेलवे प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते यह दर्दनाक हादसा सामने आया है या फिर हत्या मामला चर्चा का विषय बन गया है। मिट्टी निकालने के लिए रेलवे अथवा उसके ठेकेदार द्वारा खोदे गए गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबकर एक ही परिवार के चार किशोरों की मौत हो गई या फिर हत्या हुई है इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि सलाहपुर चौकी क्षेत्र में अवैध रूप से जेसीबी लगाकर मिट्टी खनन किया गया था, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए और उनमें बारिश का पानी भर गया। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे, जो हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है।जानकारी के अनुसार चारों किशोर मंगलवार शाम पशुओं के लिए चारा लेने घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों की तलाश के बाद बुधवार सुबह गांव के बाहर खोदे गए गड्ढे में चारों के शव पानी में उतराते हुए मिले।

शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में कोहराम मच गया।मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि चारों किशोरों के शव नग्न अवस्था में मिले, जिसे लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर ऐसा कैसे हुआ, यह पुलिस जांच का विषय बना हुआ है।सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्रामीणों की मांग है कि दोषी रेलवे अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

रायबरेली। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के अलीपुर ग्राम पंचायत में बुधवार को अन्नपूर्णा भवन के निर्माण की शुरुआत हुई। पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय व ग्राम प्रधान सूरज कुमार ने सरकारी उचित दर की दुकान ''अन्नपूर्णा भवन'' के निर्माण को भूमि पूजन कर शुरुआत की। अन्नपूर्णा भवन ग्रामीणों को लिए लाभकारी होगा। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के बाद ग्रामीणों को मिलने वाले सरकारी खाद्यान्न के अलावा आने वाले दिनों में सीएससी सेंटर सुविधा मिलने लगेगी। पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा लगभग साढ़े आठ लाख की लागत से अन्नपूर्णा भवन बनाया जा रहा है। जिसकी पहली किस्त में सवा चार लाख रूपये का बजट मिला है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई है। निर्माण व्यय का पूरा विवरण ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा रखा जाएगा।

# माघ मेला–2026: प्रमुख स्नान पर्वों को लेकर प्रशासन सतर्क



**अघोर–नागा संन्यासियों की तंत्र साधना आकर्षण का केंद्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला-2026 के मुख्य स्नान पर्व एकादशी और मकर संक्रांति के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. अजय पाल शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा मेला क्षेत्र का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकारियों ने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इधर माघ मेले में आध्यात्मिक वातावरण उस समय और गूढ़ हो गया जब अघोर साधुओं और नागा संन्यासियों द्वारा 10 महाविद्याओं की रात्रिकालीन तंत्र साधना की गई। रात 12 बजे श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के बाहर हुई इस साधना को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मान्यता है कि तंत्र साधना का फल निष्फल नहीं जाता, जिससे माघ मेले की आध्यात्मिक गरिमा और भी बढ़ गई।

# सीतापुर रोड़ पर बिना वेरिफिकेशन धड़ल्ले से दौड़ रहे अवैध ई–रिक्शा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । सीतापुर रोड पर कानून व्यवस्था पूरी तरह से सवालों के घेरे में है,बिना किसी वेरिफिकेशन व वैध दस्तावेज़ों के दर्जनों ई-रिक्शा खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं और यातायात पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है,नतीजा यह है कि हर रोज़ सीतापुर रोड़ के इटौंजा,सैरपुर थाना अंतर्गत छठामील चौराहा,रैंथा रोड़,महिगंवा थाना के कुम्हरावां चौराहा,बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत अस्ती रोड़ क्रॉसिंग,इंदौरा बाग तहसील मोड़,भैंसामऊ क्रॉसिंग,चंद्रिका देवी गेट के पास सजने वाले अवैध ई-रिक्शा स्टैंड की वज़ह से जनता को जाम से जूझना पड़ रहा है।

जाम के कारण कभी-कभी स्कूल बसें,एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाएं भी घंटों फंसी रहती हैं।अगर पुलिस सिर्फ़ खानापूर्ति न करे और सही से जांच करे तो कई चालकों के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस मिलेगा और कई ई-रिक्शा बिना फिटनेस के ही दौड़ते मिल जाएंगे।हैं,इन लापरवाह चालकों के द्वारा सवारियों की जान जोखिम में डालकर मनमानी की जा रही है,सड़क के बीचों-बीच ई-रिक्शा खड़े कर सवारी बैठाना अब आम बात हो गई है,कई बार इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों ने की लेकिन नतीजा शून्य ही निकला और ई रिक्शा चालकों की दबंगई अभी भी इन इलाकों में देखने को मिल सकती है।सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि कई बार प्रशासन ने ई-रिक्शा चालकों के वेरिफिकेशन व रूट तय करने को लेकर संबंधित को निर्देशित भी किया था,लेकिन उनके निर्देशों को शायद यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस ने ज़्यादा तवज्जों नहीं दिया और खानापूर्ति कर बैठ गई,जिससे इन समस्याओं से जनता को दो-चार होना पड़ रहा है। आखिर जनता को कब तक इन समस्याओं से जूझना पड़ेगा सबसे बड़ा सवाल।

वरिष्ठ अधिवक्ता नागेंद्र सिंह चौहान बताते है कि सीतापुर रोड़ बीकेटी तहसील मोड़ के पास दर्जनों ई-रिक्शा अवैध ढंग से सर्विस रोड़ पर खड़े रहते है, जिससे कभी कभी जाम जैसी स्थिति भी उत्पन्न होती है,प्रशासन से मांग करता हु तत्काल अभियान चलाकर अवैध ई-रिक्शा स्टैंडों को बंद किया जाए व सभी ई-रिक्शाचालकों का वेरिफिकेशन कर रूट तय हो,लापरवाहों पर सख्त कार्रवाई पुलिस द्वारा की जाए। वही विशाल यादव कहते है कि लखनऊ में ई रिक्शा चालकों की मनमानी से जनता बेहाल है,वो चाहे शहर का क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह इनकी मनमानी चरम पर है,प्रशासन को चाहिए इस पर कोई ठोस कदम उठाए,मुख्य कस्बों चौराहों से इनको दूर रखा जाए,सभी चालकों का वेरिफिकेशन अत्यंत आवश्यक है,अभी भी दर्जनों ई रिक्शा बिना पुलिस वेरिफिकेशन के सड़क पर दौड़ रहे है। अमरेंद्र सिंह पवांर, किसान नेताबीकेटी के अस्ती रोड़ क्रॉसिंग व तहसील मोड़ सहित अन्य स्थानों पर ई-रिक्शा चालकों की दबंगई देखने को मिल सकती है,सड़क पर ही दर्जनों ई रिक्शा खड़े रहते है,जो जाम का मुख्य कारण बन रहे है,वही इनसे जब कोई भी राहगीर सड़क से ई-रिक्शा किनारे करने को बोलता है तो मारने पर उतारू हो जाते है,प्रशासन से मांग करता हूं कि जनता को इन समस्याओं का सामना न करना पड़े,इस पर जल्द कोई ठोस कदम उठाए।

# फाफामऊ पुलिस ने 3 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, चोरी का जनरेटर बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। गंगानगर पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फाफामऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के नेतृत्व में थाना फाफामऊ क्षेत्र से तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में विशाल पुत्र रमेश कुमार निवासी महरौड़ा थाना मऊआइमा, अंकेज कुमार पुत्र स्व. रमेश पटेल निवासी मंहग का पुरा थाना नवाबगंज एवं अनूप कुमार पुत्र स्व. सुन्दर लाल श्रीवास्तव निवासी सरायफत्ते थाना नवाबगंज शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्तों को मलाक हरहर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का 20 खठ्ठइ जनरेटर व अन्य सामान बरामद किया।पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने 24 नवंबर 2025 को मलाक हरहर चौराहे स्थित एक दुकान से रिपेयरिंग के लिए आया जनरेटर चोरी किया था, जिसके संबंध में थाना फाफामऊ में मुकदमा संख्या 343/2025 धारा 303(2) भा.न्या.सं. दर्ज किया गया था। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) भा.न्या.सं. की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# लखनऊ में स्वच्छता की नई पहचान: कूड़ा स्थल से रीयूज आर्ट गार्डन का निर्माण

**अभियान के तहत अंतर्गत चमेली, बोगनवेलिया, फाइकस एवं नागफनी जैसे पौधों का रोपण किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में लखनऊ नगर निगम द्वारा एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की गई है। यह कार्य महापौर सुषमा खर्कवाल के कुशल मार्गदर्शन, नगर आयुक्त गौरव कुमार के प्रशासनिक सहयोग एवं पार्षद शैलेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

जोन 4 में सिनेपॉलिस मॉल के सामने शहीद पथ के नीचे का वह स्थान, जो वर्षों से कूड़ा डंपिंग स्थल के रूप में उपयोग में लाया जा रहा था, स्वच्छता, पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत समस्या-जनक बन चुका था। अभियान के अंतर्गत सबसे पहले उक्त कूड़ा स्थल को पूर्णतः बंद कराने की कार्यवाही की गई।

लखनऊ नगर निगम की कार्यदाई संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान द्वारा नगर आयुक्त के दिशा निर्देश पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें वर्षों से जमा कचरे का सुरक्षित निष्पादन कराया गया। साथ ही भूमि का समुचित समतलीकरण कर क्षेत्र को आगे के विकास के लिए उपयुक्त बनाया गया। इस कार्य में नगर निगम प्रशासन का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे कार्य समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सका।कूड़ा स्थल के समापन के पश्चात उक्त क्षेत्र को वेस्ट-टू-वंडर की अवधारणा पर आधारित एक आकर्षक रीयूज़ आर्ट गार्डन के रूप में विकसित किया गया। इस गार्डन में बेकार टायर, निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से निकले अपशिष्ट तथा अन्य अनुपयोगी सामग्रियों का रचनात्मक और सुरक्षित पुनः उपयोग किया गया। इन सामग्रियों से कलात्मक संरचनाएँ, सजावटी वस्तुएँ एवं बैठने की सुविधाएँ विकसित की गईं, जो स्वच्छता और पुनर्चक्रण का सशक्त संदेश देती हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर को एक हरित पट्टी के रूप में विकसित किया गया। इसके अंतर्गत चमेली, बोगनवेलिया, फाइकस एवं नागफनी जैसे पौधों का रोपण किया गया, जिससे क्षेत्र हरित, स्वच्छ एवं आकर्षक बन सका और स्थानीय पर्यावरण को भी लाभ मिला।

विकसित रीयूज़ आर्ट गार्डन का उद्घाटन पार्षद शैलेंद्र वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार के नेतृत्व में लखनऊ स्वच्छता अभियान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शहरी स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## मकर संक्रांति पर नगराम के समेसी में पेश की मानवता की मिसाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । मकर संक्रांति के पावन पर्व पर समेसी ग्राम पंचायत में सेवा, संस्कार और संवेदना का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। बुधवार को समाजसेवी दिव्यांशु मिश्रा ने अपने स्वर्गीय पिता जगदीश प्रसाद मिश्रा की स्मृति में सैकड़ों गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को खिचड़ी भोज कराया तथा कड़ाके की ठंड से राहत के लिए कंबल वितरित किए।

दिव्यांशु मिश्रा ने बताया कि यह सेवा कार्यक्रम उन्होंने अपनी माता उमा कुमारी के साथ मिलकर समेसी ग्राम पंचायत के सभी मजरों के जरूरतमंदों के लिए आयोजित किया। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी भोज ग्रहण किया और कंबल पाकर राहत महसूस की। कार्यक्रम में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी, समेसी ग्राम प्रधान अशोक रावत, महेंद्र मिश्र, ऐश्वर्य मिश्र, अतुल यादव, अंकुश शर्मा, सुरेंद्र यादव, आशू यादव, चंदन तिवारी, राम आधार, अंकित, धर्मेन्द्र, मोहित शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादाई बताया।

# समेसी में उर्स और मकर संक्रांति पर गंगा–जमुनी तहज़ीब की अनूठी मिसाल

**सैय्यद पीर बाबा की मजार पर चादरपोशी, बड़े बाबा मंदिर में भजन–कीर्तन , खिचड़ी भोज में जुटे जनप्रतिनिधि**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। समेसी गांव स्थित सैय्यद पीर बाबा की मजार पर बुधवार को उर्स के अवसर पर श्रद्धा और सौहार्द के साथ चादरपोशी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सपा सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सौहार्द का संदेश दिया।

चादरपोशी के उपरांत सभी जनप्रतिनिधि बड़े बाबा मंदिर पहुंचे, जहां भजन-कीर्तन में सहभागिता कर धार्मिक समरसता की मिसाल पेश की। इसके पश्चात मेले में पहुंचकर जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय नागरिकों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हिंदू-मुस्लिम एकता की सशक्त झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, श्रवण यादव, विजय यादव, राजकुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, अंजू यादव, पूर्व प्रधान कुलदीप यादव, अशर्फी लाल धीमान, बरजोर यादव, सुजीत यादव, अर्चना रावत, प्रीति रावत, प्रधान मंशाराम रावत, राधेश्याम यादव, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद जाहिर, मुन्ना, सलीम, राम सिंह, मोहम्मद आज़म, कमलेश और हरीशंकर रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके अलावा बुधवार को मोहनलालगंज स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मकर संक्रांति के अवसर पर सपा सांसद आर.के. चौधरी की ओर से खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# चेन स्नैचिंग करने वाले दो शातिर बाल अपचारी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा, लखनऊ । राजधानी में चेन स्नैचिंग की वारदातों पर लगाम कसते हुए लखनऊ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना दुबग्गा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चेन झपटमारी में शामिल दो शातिर बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। दोनों आरोपी नाबालिग हैं और पहले से ही कई आपराधिक मामलों में संलिप्त पाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, 13 जनवरी 2026 को थाना दुबग्गा क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू की।14 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सब्जी मंडी के पीछे जंगल के पास से दोनों बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर लिया।रिजवान उर्फ भूरा (17 वर्ष), निवासी फरीदीपुर, थाना दुबग्गा, लखनऊ सुमित गुप्ता (17 वर्ष), निवासी नई बस्ती बेनीगंज, जनपद हरदोई (हाल पता फरीदीपुर, थाना दुबग्गा, लखनऊ) बताई जा रही है।पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों बाल अपचारी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और इनके खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में लूट, झपटमारी व अन्य गंभीर धाराओं में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर मामले में बीएनएस की गंभीर धाराएं भी बढ़ाई गई हैं।गिरफ्तारी के बाद दोनों को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## एसजीपीजीआई की ओपीडी में 15 जनवरी को नहीं बनेंगे नये पर्चे

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी (गुरुवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित है। इसलिए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में इस दिन ओ पी डी में नये पंजीकरण नहीं होंगे। जिन पुराने रोगियों को ओपीडी परामर्श के लिए पहले से ही तारीख दी गयी है, उन्हें ओपीडी में देखा जाएगा। जिन रोगियों की विभिन्न विभागों में जाँचों की तारीख है, उनकी जांचें भी होंगी। पूर्व निर्धारित ऑपरेशन भी यथावत होंगे। लैब 24 घंटे क्रियाशील रहेगी। आकस्मिक सेवाएं यथावत चलेंगी। ओपीडी का सैम्पल कलेक्शन बंद रहेगा। प्रशासनिक भवन व शैक्षणिक ब्लाक बंद रहेगा।

## कार और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत, तीन युवक गंभीर रूप से घायल



मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गौरा स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।देर रात हुआ हादसा, ट्रैक्टर चालक फरार मिली जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार 13 जनवरी रात लगभग 10:30 बजे की है। सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुँची। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ठघ्65 उङ 1896 बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के पहुँचने से पहले ही ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया । वहीं पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुँचाया। घायलों की पहचान इस प्रकार हुई हैनिलेश मिश्रा 23 वर्ष निवासी अंतू, जनपद प्रतापगढ़। नीरज चौबे 19 वर्ष निवासी बदलापुर जनपद जौनपुर।अमन सोनी 26 वर्ष निवासी जनपद प्रयागराज।पुलिस की कार्रवाई मोहनलालगंज पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही राहत कार्य शुरू कर दिया गया था। सभी घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। गनीमत रही कि हादसे के बाद मौके पर शांति व्यवस्था बनी रही और यातायात बाधित नहीं हुआ। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को मार्ग से हटाकर यातायात सामान्य कराया।वर्तमान में पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार और कोहरे की संभावना के कारण अक्सर ऐसे हादसे होते रहते हैं।

## मकर संक्रांति पर ग्राम पंचायत भटवारा में लगा मेला

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत भटवारा में मकर संक्रांति के अवसर पर ब्रह्म देव स्थान पर मेले का आयोजन किया गया। भटवारा और आस पास के गांव वालों ने दिनभर चले मेले का आनंद लिया। मेले में दिन भर जवाबी विरहा होता रहा। विरहा गायकों ने एक दूसरे को मुंह तोड़ जवाब देने व्यस्त नजर आए। मेले का आयोजन भटवारा ( उदावत खेड़ा) के पूर्व प्रधान सुनिल कुमार यादव ने बताया कि 10 वर्षो इस आयोजन का प्रबंध आयोजन प्रतिवर्ष उनके द्वारा किया किया जाता है। उन्हों कहा कि यह मेला काफी पुराना है। मेला वर्तमान में भी पूर्व की भांति चल रहा है। इसका प्रबंध कार्य राम नरेश,दिनेश प्रसाद पूर्व दारोगा,भवर सिंह, सियाराम,गिरधारी, गया प्रसाद,हरि नारायण, बैजनाथ, गया प्रसाद,महादेव,प्रेम, राम गोपाल,मनोज कुमार,मनोज, जागेश्वर, मतन ,अवध बिहारी पंडित,राम चंद्र उर्फ नन्हू , छत्र पाल, रामा नंद उर्फ राजू, सुशील कुमार,गोविंद दिलीप, कृष्ण पाल रितेश, अरविंद कुमार शालिग्राम, कमलू पप्पू उर्फ राम प्रकाश, भाई लाल, आदि की देख रेख होता है।

## शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

निगोहां , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां शादी का झूठा वादा कर एक युवती का करीब दो वर्षों तक यौन शोषण किया गया। आरोप है कि राजाखेड़ा मजरा मीरानपुर निवासी अनूप ने प्रेमजाल में फंसाकर युवती से विवाह का भरोसा दिलाया और इसी बहाने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा और बाद में दूसरी युवती से विवाह कर लिया। धोखे का पता चलने पर पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# जल शक्ति मंत्री ने किया दो दिवसीय मेले का उद्घाटन

**आल देव मंदिर स्थापना दिवस पर उमड़ा आस्था का महाकुंभ, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने असहायों को बांटे**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र स्थित आल देव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय भव्य मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिंचाई एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह एवं रामचंद्र प्रधान मौजूद रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया, जिसका उद्घाटन भी अतिथियों द्वारा किया गया। इस कार्य में विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह की निधि तथा पतंजलि योग समिति गंगा के अध्यक्ष नागेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। नई सुविधाएं मिलने से महिलाओं सहित बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं में प्रसन्नता देखी गई। मेला कमेटी के सदस्यों ने आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं। मेले में लोक कला, नाटक, नौटंकी, आल्हा सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं गरीब एवं जरूरतमंदों को कंबल तथा अन्य सहायता सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, जिलाध्यक्ष विकास पटेल, गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख विनोद वर्मा, सुनील पटेल, नवीन मिश्रा, प्रधान विकास पटेल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की लापरवाही से लोग परेशान

**गढ़ी पीर खां मोहल्ले में 20 दिन से अधूरी पड़ी है सड़क**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गढ़ी पीर खां वार्ड के गढ़ी पीर खां मोहल्ले में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की लापरवाही से लोगों को बीते 18ऽ20 दिनों से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले में खुदी पड़ी सड़क ठेकेदार द्वारा अब तक नहीं बनाई गई, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है और स्थानीय लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है।

हैरानी की बात यह है कि दो दिन पहले इस मामले की खबर कैनविज़ टाइम्स अख़बार में भी प्रमुखता से प्रकाशित हो चुकी है, इसके बावजूद विभाग नहीं जागा। न तो ठेकेदार पर कोई कार्रवाई हुई और न ही सड़क निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराया गया। इससे विभागीय उदासीनता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस खुदी सड़क पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही बैरिकेडिंग की गई है, जिससे रोज़ाना दोपहिया वाहन फंस रहे हैं और कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि ठेकेदार मनमानी कर रहा है और विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। न कोई नोटिस जारी किया गया न जुर्माना लगाया गया और न ही काम जल्द पूरा कराने के लिए कोई सख्ती दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराया जाए और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते कदम उठाएगा या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही कार्रवाई होगी।

# हिन्दू समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए: नरेन्द्र ठाकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख ने नरेन्द्र ठाकुर कहा कि हिन्दू समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। संघ भेदभाव नहीं मानता, लेकिन समाज में है। समाज के अंदर के भेदभाव, जातिगत भेदभाव, छुआछूत, भाषा व क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर हमें एक साथ खड़ा होना होगा तभी हम संगठित हो सकते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख ठाकुर बुधवार को यहां वृन्दावन योजना स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि हमारे धर्म ग्रन्थों में जाति के नाम पर छुआछूत का उल्लेख नहीं है। छुआछूत गुलामी के काल में आयी हुई कुरीति है। इसलिए संघ के अंदर किसी प्रकार की जाति नहीं मानी जाती है। संघ का स्वयंसेवक जाति को नहीं मानता। ठाकुर ने कहा कि संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव राव सदाशिवराम गोलवलकर श्रीगुरूजी ने सभी संतों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। संतों के माध्यम से हिन्दवः सोदरा सर्वे का उदघोष कराया। सभी हिन्दू सहोदर हैं। हिन्दू पतित नहीं हो सकता। सब समान हैं। समाज में आयी बुराई को दूर करने के लिए संघ ने प्रयत्न किया। समाज की कुरीतियों को दूर करना होगा तब हमारा समाज एक हो सकता है। साथ चलना है, संगठित होना है तो जातिगत भेदभाव छुआछूत,भाषा के भेद से ऊपर उठना होगा।सारी समस्याओं का समाधान संघ नहीं करेगानरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि 1948 में संघ को समाप्त करने का प्रयत्न हुआ। वर्ष 1975 में आपातकाल लगाकर संघ को समाप्त करने का प्रयत्न हुआ। लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबसे अधिक संघ के लोग जेल गये। आज संघ का सहयोग समर्थन करने के लिए पूरा समाज खड़ा है। एक लाख से अधिक स्थानों पर हम संघ का काम करते हैं। समाज का चित्र बदलने के लिए संघ के स्वयंसेवक एक लाख 30 हजार सेवा कार्य चला रहे हैं। 32 से ?अधिक अखिल भारतीय संगठन हैं। संघ के स्वयंसेवक समाज जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय हैं, लेकिन अपना समाज बहुत बड़ा है। यह काम पूरे समाज को करने की आवश्यकता है। सारी समस्याओं का समाधान संघ नहीं करेगा। संघ का काम लोगों का जागरण करना है। व्यक्ति निर्माण का काम संघ 100 वर्षों से कर रहा है। संघ के प्रयत्नों के कारण एक वातावरण समाज में बना है।दुनिया का मार्गदर्शन करेगा भारत अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख ठाकुर ने कहा कि जब तक हिन्दू समाज स्वयं को नहीं पहचानेगा। हम कौन थे। हमारे पूर्वज, हमारी संस्कृति क्या है। इसका बोध नहीं होगा तब तक समाज आगे बढ़ नहीं सकता। दुनिया के लोग भारत में शिक्षा लेने आते थे। हम बलशाली थे समृ?द्धशाली थे। उन्होंने कहा कि जीवन मूल्यों पर गर्व कर उन जीवन मूल्य को अपने जीवन में उतारना होगा, तभी हमारा देश दुनिया का सक्षम शक्तिशाली व समृद्धशाली राष्ट्र बनेगा। तभी भारत दुनिया को ज्ञान देगा और दुनिया का मार्गदर्शन करेगा।अमेरिका, रूस व चीन हमें बड़ा नहीं करेगाठाकुर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर देशभक्ति का भाव होना चाहिए। समाज के लिए अच्छा काम करना यही आज के समय में देश?भक्ति है। जो पिछड़ गये हैं उन्हें आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। समाज में गरीबी अशिक्षा है तो समाज आगे कैसे बढ़ सकता है। निःस्वार्थ भाव से देश समाज के लिए कुछ करना चाहिए। स्व के आधार पर हमारा जीवन चलना चाहिए तभी हम आत्मनिर्भर बनेंगे। अमरीका रूस व चीन हमें बड़ा नहीं करेगा। वह अपना माल बेंचने का प्रयास करेंगे। हमें अपने देश में बनी चीजों का इस्तेमाल करना होगा तभी आर्थिक उन्नति कर सकते हैं।

# गृह कर बकायेदारों पर सीलिंग व कुर्की की बड़ी कार्रवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम लखनऊ द्वारा बकाया गृह कर की वसूली को लेकर बुधवार को शहर के विभिन्न जोनों में सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान गृह कर का भुगतान न करने वाले आवासीय व व्यावसायिक भवनों पर सीलिंग और कुर्की की प्रभावी कार्रवाई की गई।

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि राजस्व हित में बकायेदारों के विरुद्ध आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। जोन-1 क्षेत्र में बकाया गृह कर न जमा करने पर कई भवनों को सील किया गया। नवल किशोर रोड स्थित भवन संख्या 43/020ए पर कुल 17,94,447 रुपये का गृह कर बकाया होने के कारण सीलिंग की गई। सीलिंग के उपरांत भवन स्वामी द्वारा 4,00,000 रुपये की धनराशि नगर निगम में जमा कराई गई। इसी क्रम में असनुल्लाह अब्दूल कयूम के नाम दर्ज भवन संख्या 126/035/यू.जी.-16, बी.एन. रोड पर 1,21,967 रुपये तथा भवन संख्या 126/035/यू.जी.-14/15, बी.एन. रोड पर 1,62,633 रुपये का भुगतान न होने पर सीलिंग की गई। इसके अलावा रईश अहमद के नाम दर्ज भवन संख्या 177/058 पर 1,60,741.62 रुपये के बकाया के कारण भी कार्रवाई की गई। इस वसूली अभियान में जोनल अधिकारी अनुराग उपाध्याय, कर अधीक्षक संजय सिंह, देवेंद्र सिंह, देवी शंकर दूबे, राजस्व निरीक्षक सहित कर विभाग की टीम मौजूद रही। इसी दिन जोन-5 के अंतर्गत वार्ड चित्रगुप्त नगर में बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की/सीजर की कार्रवाई की गई। जाफर खेड़ा स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय (भवन संख्या 555ग/सीसी) पर 24,13,467.20 रुपये का बकाया न चुकाने के कारण कुर्की कर सील किया गया। यह कार्रवाई सहायक नगर आयुक्त/जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में कर अधीक्षक सभाजीत सिंह एवं राजस्व निरीक्षक रूचि यादव सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुई। वहीं, नगर निगम द्वारा बकाया गृह कर की वसूली को लेकर जोन-7 क्षेत्र में बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में कर बकाया रखने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सील किया गया। इस दौरान कुल 15.12 लाख रुपये की धनराशि जमा कराई गई। नगर निगम की टीम ने बीबीडी कॉलेज के सामने स्थित साईं मार्केट की 33 व्यावसायिक दुकानों को सील किया।

# डीएम-एसपी ने ढाईघाट मेले की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था समेत अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने ढाईघाट मेले का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही श्रद्धालुओं को चाय एवं बिस्कुट वितरित कर जलपान कराया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, डाइवर्सन प्लान, पुलिस पिकेट्स, पीआवी तैनाती, महिला पुलिस ड्यूटी एवं घाट क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की और मौके पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गंगा के अंदर लगी बैरी कटिंग को और मजबूत कराया जाए। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। पर्याप्त गोताखोर एवं नाव की व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि घाट पर एनाउंसमेंट होता रहे। ताकि श्रद्धालु अधिक गहराई में स्नान न करें। वहीं, एसपी ने कहा कि सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सहज एवं सुचारू वातावरण प्रदान किया जाए और पुलिस बल सतत सक्रिय व अलर्ट मोड पर तैनात रहे। उन्होंने मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं से बातचीत का सुरक्षा से संबंधित फीडबैक लिया और श्रद्धालुओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 112 अथवा निकटतम पुलिस चैकी से संपर्क करें। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरूण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गौरक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महामंत्री का हुआ स्वागत

**गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करे सरकार-स्वामी पदमनाभ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलहर, शाहजहांपुर। दिल्ली से प्रयागराज जाते समय राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी पद्मनाभ और राष्ट्रीय महामंत्री डा. यशवंत कुमार मैथिल बुधवार को नगर के होटल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रीय महामंत्री ने बताया कि गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित कराने कि मांग को लेकर वो विभिन्न प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ठाणे मुंबई महाराष्ट्र से पैदल यात्रा कर दिल्ली गए थे। वहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम ज्ञापन देकर रिसीविंग प्राप्त की। कहा कि अभी आंशिक सफलता प्राप्त हुई है, गौमाता के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। कहा कि गोवंश की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। एक ओर गोवंशों की तड़प-तड़प कर मौत हो रही है, वहीं इन गौवंशों से किसान भी परेशान है। कहा कि सरकार को इस पर विचार कर गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करना ही होगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष साध्वी अपराजिता, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कश्यप, सुनील शर्मा, अरविंद, दीपक राजपूत, आरती सिंह, रीना सक्सेना, मालती, गीता शर्मा, रंजना कश्यप आदि मौजूद रहे।

## हमारी संस्कृति हमारी पहचान के तहत तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

रायबरेली । उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत सांस्कृतिक उत्सव-2025-26 की श्रृंखला में जनपद की समस्त तहसीलों में तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सभा स्तर पर चयनित 14 वर्ष से 20 वर्ष एवं 21 वर्ष से 24 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने गायन, वादन एवं नृत्य को विधाओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन संबंधित तहसील हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा किया गया जिसमें उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें।इसी क्रम में सदर तहसील का कार्यक्रम, सामुदायिक रतापुर में किया गया।

# पुलिस ने चाइनीज मांझा के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान

**प्रतिबंधित मांझा मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी के निर्देश पर शहर में चाइनीज मांझा के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया और पतंग व मांझा की दुकानों पर रखे मांझे एवं पतंग सामग्री का भौतिक निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सीओ सिटी पंकज पंत ने शहर की कई पतंग व मांझा की दुकानों का निरीक्षण किया, लेकिन कहीं भी चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ।

इस दौरान सीओ सिटी ने पतंग और मांझा के दुकानदारों से कहा कि चाइनीज मांझा का प्रयोग, विक्रय, भंडारण एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित है। यह प्रतिबंध सार्वजनिक सुरक्षा, मानव जीवन, पक्षियों एवं संपत्ति को होने वाले गंभीर खतरे को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। कहा कि चाइनीज मांझा बहुत खतरनाक, धारदार और जानलेवा है। इसकी चपेट में आकर आकस्मिक दुर्घटनाएं और गहरी चोट से मौत भी हो जाती है। पक्षियों के लिए भी जानलेवा है। चेतावनी दी कि चाइनीज मांझा पाए जाने पर तत्काल अभियोग दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ताकि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री और उसके उपयोग को रोका जा सके। इस दौरान संबंधित थाना प्रभारी निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

## मंदिर से चोरी किए 10 घण्टों के साथ चोर को पकड़ा

शाहजहांपुर। थाना अल्हागंज पुलिस ने मंदिर से 10 घंण्टे चोरी करने वाले अभियुक्त को जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, आज थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव गोरा महुआ निवासी पवन वर्मा अपने साथी रक्षपाल के साथ थाने पहुंचे। उनके साथ गांव के शिव मंदिर से घण्टे चोरी करने वाला थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र के ग्ा्रम पृथ्वीपुर का रहने वाला वीरेन्द्र पुत्र श्यामाचरण भी था। पवन ने बताया कि उसके गांव में शिव मंदिर है। उस मंदिर से वीरेन्द्र ने 10 घण्टे चोरी करके अपने थैले में रख लिए थे। जिसे मौके पर पकड़ लिया। पुलिस ने पवन की तहरीर पर आरोपी वीरेन्द्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसके थैले से चोरी किए गए 10 घण्टे और एक प्लास बरामद किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त वीरेन्द्र को न्यायालय के समक्ष पेशकर उसे जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अल्हागंज थानाध्यक्ष ओमप्रकाश के साथ उपनिरीक्षक राजेश कुमार मोजूद रहे।

# डीएम और डीएफओ ने रामगंगा में छोड़े 555 कछुए

**लोगों को संरक्षण का दिलाया संकल्प**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला गंगा समिति, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया व वन विभाग की ओर से जलालाबाद में रामगंगा नदी तट स्थित गोरा घाट पर 555 कछुए रामगंगा नदी में छोड़े गए और कछुआ संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने बचाए गए कछुओं को रामगंगा नदी में छोड़कर किया। डीएम ने नदियों के संरक्षण के लिए कछुओं को पारिस्थितकीय तंत्र का महत्वपूर्ण अंग बताया और कछुओं के माध्यम से नदियों की स्वतः होने वाली साफ-सफाई पर चर्चा की। प्रभागीय वनाधिकारी ने छोड़े गए कछुओं की जानकारी देते हुए बताया कि विगत कई वर्षों में संरक्षित किए गए कछुओं की संख्या से इस बार सर्वाधिक थी। उन्होंने कछुओं को नदी के बेहतर स्वास्थ्य का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति डा. विनय कुमार सक्सेना ने किया। इस दौरान डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इण्डिया के समन्वयक डॉ. मोहम्मद आलम, समन्वयक डॉ. हरिमोहन मीना, उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार, लीड जलीय जैव विविधता समन्वयक डॉ. गौराचन्द्र दास, क्षेत्रीय वनाधिकारी विशाल रावत, वन दरोगा हरीलाल यादव, वन रक्षक अजीत सिंह, नवील अहमद आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने मेला मैदान मिदनियां में आरसीसी सड़क का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खीमपुर खीरी। मेला मैदान से मिदनियां तक निर्माणाधीन आरसीसी सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्री अभिषेक कुमार ने सड़क निर्माण की प्रगति और जमीनी हालात का जायजा लिया। उनके साथ एसडीएम सदर श्री अश्वनी सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सड़क के बीचों-बीच लगे विद्युत खंभों और ट्रांसफार्मर को सड़क किनारे स्थानांतरित किए जाने की प्रगति देखी गई।सीडीओ ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि सड़क के मध्य स्थित सभी विद्युत पोल आगामी दो दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से शिफ्ट कराए जाएं, ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य को तय समय-सीमा में, गुणवत्तापूर्ण और मानकों के अनुरूप पूरा कराने के निर्देश दिए गए।इसके बाद सीडीओ ने मेला मैदान चौराहे से मिदनियां की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात जाम और अतिक्रमण की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण में सड़क किनारे दुकानों के बाहर रखे सामान और अस्थायी अतिक्रमण के कारण आवागमन में हो रही परेशानी को गंभीरता से लिया गया। इस पर सीडीओ ने एसडीएम सदर और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि सड़क और दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।सीडीओ ने मौके पर मौजूद दुकानदारों से भी अपील की कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं और सड़क पर सामान न रखें, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु रह सके और आमजन को राहत मिले।निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्री अरविंद कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ भव्य सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पिपरिया धनी, खीरी। आज दिन बुधवार को सुबह लगभग दो बजें गोला विधानसभा के सुभाषनगर (अशरफनगर ग्रंट) में गुरुद्वारा के निकट आयोजित हुआ भव्य सम्मान समारोह आयोजित जिसके मुख्य अतिथि के रुप में खालसा विश्व एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा सदस्य सरदार जोगिंदर सिंह खालसा जी को शालॅ उठाकर कर सम्मानित किया गया और वहीं पर मुख्य अतिथि के द्वारा लोहड़ी पर्व मंकर संक्रांति पर जनता जनार्दन को दोनों त्योहारों के बारे में बताया गया। और बृद्ध गरीब लोगों को कम्बल वितरण किया गया व ठंड के बचाव के लिए कंम्बल वितरण किया गया। और वहीं पर समाजसेवी हरदेव सिंह उर्फ पप्पू ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कोई जरूरत पड़ती हैं तो तत्काल हम से संपर्क कर सकता हैं हर संभव में उसकी 24 घंटे सेवा के लिए तात्पर या रहूंगा।वहीं पर सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुषों को ठंड के बचाव के लिए कंम्बल वितरण किया गया।कार्यक्रम आयोक हरदेव सिंह इस मौके पर आचार्य संजय मिश्रा,विपिन कुमार मिश्रा,गुमीत कौर गाखल जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक महिला मोर्चा भाजपा,ओमकार सिंह जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा, जरनैल सिंह,सुखविंदर सिंह, कश्मीर सिंह, कुलदीप सिंह, समाजसेवी अमरजीत सिंह,लवी रायॅ,व सौकडों की संख्या में क्षेत्रीय जनता जनार्दन मौके पर मौजूद रहीं।

## पतौंजा के देवी मंदिर प्रांगण में होगा हिन्दू सम्मेलन एवं समरसता कार्यक्रम का आयोजन

मिश्रित, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत पतौंजा में दिनांक 15 जनवरी को समय लग भग 2:30 बजे हिंदू संत सम्मेलन एवं समरसता कार्यक्रम का आयोजन देवी मंदिर प्रांगण पर किया जा रहा है । आयोजित कार्यक्रम में नैमिषारण्य के पूज्य महंत महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद सरस्वती जी , पहला आश्रम के महंत नारायण दास जी , स्वामी विमलानंद सरस्वती जी महाराज , सनातनी संत बाबा आत्म प्रकाश जी महराज , सुरेश दास जी , अटल साहेब जी आदि संत भाग लेंगे कार्यक्रम व्यवस्थापक महंत राज नारायण जी , हाथी बाबा , सीताराम बाबा , स्वामी विनोदानंद जी परमहंस , स्वामी रामसेवक दास रामायण जी , उदय नारायण , रामदास मिस्त्री आदि हैं ।

## पेस्टीसाइड की दुकान का विधि विधान से हुआ उद्घाटन

मिश्रित,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।। विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत जसरथपुर में भूतेश्वर महादेव आश्रम के पास गणपति इंटर प्राइजेज के प्रोप्राइटर कुलदीप त्रिवेदी द्वारा आज पेस्टीसाइड की दुकान का उद्घाटन विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ कराया गया । इस मौके पर शुभम शुक्ला , मोनू मिश्रा , श्यामा कुमार मौर्य , विमल मिश्रा , मिथिलेश मिश्रा , अंबुज , आशीष मिश्रा , सुदीप मिश्रा , श्रवण कुमार मिश्र , रविकांत शुक्ला आदि उपस्थित रहे ।

## दबंगों के हौसले बुलंद, धार्मिक स्थल के स्थान पर अवैध कब्जे का प्रयास



लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा खीरी टाउन के मोहल्ला तबेला में एक ऐसा ही मामला सामने आया जब दबंगों ने जिंद बाबा के स्थान को भी नहीं छोड़ा, किया अवैध कब्जे का प्रयास। पीड़िता के सहन के आगे सार्वजनिक जमीन जिस पर एक जिंद बाबा का स्थान है जो खाली पड़ा रहता है इस स्थान पर जबरन अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास करने कि कोशिश की उसके संबंध में थाना खीरी में प्रार्थना पत्र दिया गया था उसके बाद दोनों पक्षों को थाने में बुलाया गया, दोनों पक्षों को शान्ति व्यवस्था भंग के दौरान अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में न्यायालय भेजा गया। जमानत के बाद एक बार फिर दबंगों ने शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करते हुए गड्ढा खोदकर निर्माण का काम शुरू कर दिया इसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस 112 पर डायल कर काम रुकवाया। पीड़िता बहुत डरी व सहमी हुई है विपक्षी हेकड़, दबंग किस्म का व्यक्ति कब्जा करने की फिराक में है। पीड़ित पक्ष न्याय की गुहार लगाने पहुंचा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के पास।

## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाया गया प्रवर्तन अभियान

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन तथा बिना हेलमेट चल रहे बाइक सवारों विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया। दुर्घटना संभावित स्थानों पर सड़क किनारे अवैध पार्किंग करने वाले 11 वाहनों को चिन्हित कर मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं में चालान किए गए। इसके अतिरिक्त नो हेलमेट नो फ्यूल पेट्रोल पंप पर जांच अभियान चलाकर 42 बाइक स्वरों के चालान काटे गए। कई स्थानों पर अवैध रूप से खड़े भारी एवं हल्के वाहनों के कारण यातायात बाधित हो रहा था, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। ऐसे वाहनों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें हटवाया गया।एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़ा करना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह आम नागरिकों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। कई बार सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण अवैध पार्किंग होती है, जिससे अचानक ब्रेक लगाने या दिशा बदलने की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करें।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के प्रति किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। परिवहन विभाग का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी है।परिवहन विभाग ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित, सुगम एवं दुर्घटनामुक्त यातायात व्यवस्था के लिए नियमों का पालन सभी की जिम्मेदारी है।

# मछरेहटा में जर्जर 11 हजार लाइन ने ली किसानों की मेहनत की बलि, 40 बीघा गन्ना जलकर राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। थाना मछरेहटा के गांव धनसीन नगर के दक्षिण दिशा में हिराई पुरवा के निकट ग्यारह हजार विद्युत लाइन जर्जर होने से दर्जन भर किसानों की गन्ना फसल लगभग चालीस बीघा जल गया। सूचना पाकर एक घंटे के बाद पहुंची दमकल विभाग और पुलिस की टीम।

धनसीन नगर गांव स्थिति खेतो मे बुधवार 11 हजार विद्युत लाइन के जर्जर तार गिर जाने सें गन्ना फसल मे लगी आग जिससे किसान राम सेवक 13 बीघा,परवन लाला 4 बीघा , रमेश 3बीघा ,मंगल 4 बीघा ,मुन्नीलाल, 4बीघा , नवनीत 5 बीघा,ब्रज लाला के साथ अन्य किसानों का लगभग 40 बीघे गन्ना जल के राख हो गया आग पर काबू पने के लिए आस पास के गांव के किसान मिल के आग पर काबू पाया वहीकिसानों ने बताया कि अग्निशमन विभाग को फोन कर जानकारी दी करीब 1 घंटे बाद पहुंची तब तक आग पर काबू पा चुके थे वही किसानों ने विद्युत बिभाग की लापरवाही का आरोप लगाते बताया की कई बार जर्जर तार की शिकायत की । जर्जर तार ना बदलवाये गये । हम किसानों का बहुत अधिक हानि हुई साल भर मेहनत करने के बाद मिला क्या हानि। वहीं उप खण्ड अधिकारी मछरेहटा शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि किसान प्रार्थना पत्र दे जॉच कराने के बाद विभाग से फसल मुआवजा दिलाया जाएगा।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वीरनारियों व पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मकर संक्रांति एवं पूर्व सैनिक दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर सशस्त्र सेनाओं के अमर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने वीरनारियों एवं पूर्व सैनिकों को स्मृतिचिन्ह और शाल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों का योगदान अभूतपूर्व है, जिनकी सेवा, त्याग और अनुशासन से आज देश सुरक्षित और सशक्त है। समाज और आने वाली पीढ़ियों को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन सदैव पूर्व सैनिकों, वीरनारियों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है। उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने पूर्व सैनिकों से भी आह्वान किया कि वे अपने अनुभवों और मूल्यों से युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम में ङ्गभूतपूर्व सैनिक, अभूतपूर्व योगदानङ्घ की भावना को केंद्र में रखते हुए पूर्व सैनिकों की सेवाओं को याद किया गया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पूर्व सैनिक, वीरनारियां और उनके परिजन उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण देशभक्ति और सम्मान की भावना से ओतप्रोत रहा।

# सरकार मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख दे मुआवजा : आबिद रज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सोमवार को उझानी के कूड़ा नरसिंहपुर गांव में बंद पड़ी मैन्था ऑयल फैक्ट्री में हुए हादसे में जिन लोगो ने अपनी जाने गवांई हैं उनमें से शेखूपुर विधानसभा के ग्राम पसेई निवासी मृतक विवेक यादव के पीड़ित परिवार को सात्वना देने आज पूर्वमंत्री आबिद रज़ा पसेई पहुंचे ।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों की इस हादसे में मौत हुई है हमारी पूरी संवेदना उनके परिवार के साथ है हम इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं सही जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए जो भी लड़ाई होगी हम वह लड़ाई उन परिवारों के लिए लड़ेंगे ।उन्होंने सरकार से मृतकों के परिवार को 50-50 लाख रुपए देने की मांग की इसी के साथ उन्होंने जिला अधिकारी महोदय बदायूं से मजिस्ट्रेट जांच कराने की भी मांग की इसके साथ साथ उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की। पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने मौके पर ही पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद भी की। गांव वालों ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा को बताया कि मृतक परिवार मे मृतक ही कमाने वाला इकलौता सदस्य था। गांव वालों की मांग पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने मृतक परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पान सिंह यादव, ग्राम पसेई प्रधान सौरभ यादव, ग्राम मुजाहिदपुर के प्रधान सुनील यादव, शशांक यादव, हर्षित यादव, जितेंद्र यादव , प्रदीप यादव, अनिल यादव, अंकज यादव, रिंकू यादव, रमेश यादव, गुड्डू यादव, समीर यादव, राजीव यादव,अजीत यादव, अनेशपाल यादव,अनुपम यादव, पूर्व सपा नगर अध्यक्ष फरहत सिद्दीकी, अनवर खान सभासद आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**शेखूपुर विधानसभा के ग्राम पसेई निवासी मृतक विवेक यादव के पीड़ित परिवार को सात्वना देने आज पूर्व मंत्री आबिद रज़ा पसेई पहुंचे**

## सड़क पर चलते समय हेलमेट का करें अवश्य प्रयोग: राजकुमार शर्मा

बदायूँ। बिसौली क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया में बुधवार को आयोजित यातायात सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने जीवन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा से जुड़े दस बिंदुओं पर छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। शपथ में विद्यार्थियों ने यातायात नियमों का पालन करने, पैदल चलते समय व साइकिल एवं वाहन चलाते समय बाईं ओर चलने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवरटेकिंग से बचने, धैर्य बनाए रखने, 18 वर्ष की आयु पूर्ण किए बिना वाहन न चलाने, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने, सड़क पर चलते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पर समूह बनाकर न चलने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर नीरज चौहान, विप्लव भारती, रामऔतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा, डॉ. प्रमोद शर्मा, मयंक पाठक, विपुल प्रताप सिंह, अश्वनी शर्मा सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# माता के संस्कार से ही निर्माण होता है एक देशभक्त महापुरुष का: डॉक्टर सरला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। विद्या भारती द्वारा संचालित शिव देवी सरस्वती शिशु मंदिर, सिविल लाइन्स बदायूँ में द्वितीय सप्तशक्ति संगम एवं मातृ सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की 250 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लघु नाटिकाओं की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षा सीमा रानी, मुख्य अतिथि सरला चक्रवर्ती तथा मुख्य वक्ता प्रो. शालू गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। मंचासीन अतिथियों का बैज एवं पटका पहनाकर सम्मान किया गया।मुख्य वक्ता प्रो. शालू गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण एवं कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त परिवार एवं संतुलित समाज का निर्माण कर सकती है। वहीं मुख्य अतिथि एवं गिंदो देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या सरला चक्रवर्ती ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षा सीमा रानी ने भारतीय नारी की ऐतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में आचार्या प्रियंका सिंह द्वारा उपस्थित महिलाओं को नारी सम्मान, सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर संयुक्त परिवार की आदर्श भूमिका निभाने वाली माता ऊषा देवी को विशिष्ट माता के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही सप्तशक्ति संगम की नगर कार्यवाहिका तनुजा सक्सेना, जिला संयोजिका कंचन सक्सेना एवं समाजसेविका मंजू शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन आचार्या प्रियंका सिंह ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के व्यवस्थापक नवनीत प्रताप सिंह, अध्यक्ष अमृतपाल सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव नारायण रायजादा के मार्गदर्शन एवं प्रधानाचार्य सुशील कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त आचार्य एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

**कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लघु नाटिकाओं की आकर्षक प्रस्तुति दी गई**

## आशा वर्कर्स यूनियन लगाएगी जन अदालतें, 31वें दिन भी हड़ताल जारी

बदायूँ। बदायूँ में आशा कर्मियों की हड़ताल 31वें दिन भी जारी रही। मालवीय मैदान में चल रहे धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आशा कर्मियों ने सहभागिता की।धरने को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष जौली वैश्य ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 30 दिन बीतने के बाद भी सरकार आशा कर्मियों से वार्ता नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि 20ऽ30 वर्षो तक सेवाएं देने वाली आशा कर्मियों के लिए न तो भविष्य निधि है, न ग्रेच्युटी और न ही सामाजिक सुरक्षा। यूनियन ने घोषणा की कि 19 और 20 जनवरी को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा पूरे प्रदेश में सरकार की नीतियों के खिलाफ जन अदालतें आयोजित की जाएंगी।

# समाज में बढ़ते अपराध व दहेज प्रथा के विरुद्ध मुरादाबाद मंडल में विशाल जनसभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । सर्वहित कल्याण मोर्चा संगठन द्वारा समाज में निरंतर बढ़ते अपराधों एवं विशेष रूप से दहेज प्रथा जैसी अमानवीय और घातक सामाजिक बुराई के विरुद्ध गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मुरादाबाद मंडल में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।

इस जनसभा का उद्देश्य समाज को झकझोरना, जनचेतना जागृत करना तथा सरकार का ध्यान इस गंभीर सामाजिक समस्या की ओर आकृष्ट करना रहा।इस महत्वपूर्ण जनसभा की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकम्मिल हुसैन ने की, जबकि जनसभा का संचालन मंडल अध्यक्ष मोहम्मद (सरफराज) द्वारा किया गया। दहेज प्रथा समाज की सबसे बड़ी बीमारी मुकम्मिल हुसैन अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुकम्मिल हुसैन ने दहेज प्रथा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज समाज में फैली सबसे खतरनाक और विनाशकारी बीमारी दहेज प्रथा है। यह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि अपराध को जन्म देने वाली एक घातक मानसिकता बन चुकी है। दहेज के कारण बेटियों की शादियाँ टल रही हैं, कहीं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है, तो कहीं दहेज न मिलने पर उन्हें मौत के घाट उतार दिया जाता है या जीवन भर के लिए छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश की अदालतों में दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा एवं दहेज हत्या से जुड़े हजारों मुकदमे लंबित हैं, जो इस समस्या की भयावहता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। मुकम्मिल हुसैन ने सरकार से मांग की दहेज प्रथा के विरुद्ध और अधिक कठोर कानून बनाया जाए तथा उसका सख्ती से पालन कराया जाए, ठीक उसी प्रकार जैसे माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी अन्य कानूनों का कठोरता से पालन कराकर अपराधियों में भय पैदा कर रहे हैं। इस कानून का भी वैसा ही प्रभाव दिखना चाहिए। दहेज प्रथा से अपराध, बलात्कार और हिंसा बढ़ रही है। फजलुर रहमान प्रदेश अध्यक्ष फजलुर रहमान ने अपने संबोधन में कहा कि दहेज प्रथा अब केवल पारिवारिक समस्या नहीं रही, बल्कि यह समाज में बढ़ते अपराध, बलात्कार, घरेलू हिंसा और महिलाओं के शोषण की एक बड़ी वजह बन चुकी है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है।

उन्होंने स्पष्ट किया- सर्वहित कल्याण मोर्चा संगठन इस सामाजिक बुराई के खिलाफ पूरी मजबूती, गंभीरता और संगठित रूप से कार्य करेगा। सरकार की अगुवाई में जनहितकारी अभियान चलाकर समाज को इस कलंक से मुक्त करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। हर समाज से दहेज प्रथा समाप्त होनी चाहिए। राष्ट्रीय प्रभारी मुकेश कुमार निषाद ने कहा कि दहेज प्रथा हर समाज के लिए एक अभिशाप है। जब तक यह समाप्त नहीं होगी, तब तक न तो महिलाओं को वास्तविक सम्मान मिलेगा और न ही समाज सुरक्षित बन सकेगा। संगठन इस बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए कानूनी, सामाजिक और जनआंदोलन-तीनों स्तरों पर संघर्ष करेगा। उन्होंने आगे कहा-हम सरकार के साथ हर समय खड़े हैं, लेकिन सरकार से यह भी अपेक्षा करते हैं कि दहेज प्रथा के विरुद्ध और अधिक कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इस सामाजिक अभिशाप से मुक्त हो सकें।

**सर्वहित कल्याण मोर्चा संगठन के नेतृत्व में आयोजित हुई जनसभा**

# जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पंचायतीराज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिला विकास अधिकारी राम आशीष की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी।

अंत्येष्टि स्थल 2025 -26 , कॉमन सर्विस सेंटर स्थापना तथा संचालन की प्रगति , पंचायत सहायकों की उपस्थिति का विवरण, 5 वे वित्त आयोग तथा 15 वे वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आर आर सी सेन्टर की क्रियाशीलता एवं यूजर्स चार्ज को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लास्टिक वेस्ट एवं अन्य कचरे का निस्तारण एक निर्धारित सेन्टर पर किया जाए, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण संचालन एवं प्राप्त आय की प्रगति के विवरण पर भी चर्चा की गयी। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालयों को लेकर एडीओ पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि सत्यापन का कार्य प्रमाणिकता के आधार पर किया जाए। सामुदायिक शौचालयों पर तैनात केयर टेकर के मानदेय भुगतान को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मानदेय का भुगतान नहीं रुकना चाहिए। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायती राज के अन्तर्गत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट एवं व्यय पर प्राथमिक रूप से कार्य किया जाए। ग्राम्य विकास की समीक्षा करते हुए मनरेगा के अन्तर्गत मानव दिवस को लेकर चर्चा की गयी। ई केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर भी चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी**

# टीबी एक गंभीर जानलेवा बीमारी, समय से इलाज ही बचा सकता है जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला पुरुष अस्पताल में जिला क्षय रोग अधिकारी/ क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. वीनेश ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि लगातार एक सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी आने पर इसे नजरअंदाज न करें। उनका कहना है कि यह टीवी टीबी ऽ तपेदिक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी का प्रारंभिक संकेत हो सकता है। डॉ. वीनेश ने बताया कि टीबी में अक्सर खांसी के साथ बलगम का निकलना, थकान, बुखार और वजन घटने जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर इन लक्षणों को मामूली समझकर घरेलू इलाज पर भरोसा कर लेते हैं, लेकिन इस लापरवाही के कारण बीमारी तेजी से बढ़ सकती है और जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। विशेषज्ञ ने सलाह दी कि: खांसी एक सप्ताह से अधिक समय तक रहे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। खांसी के साथ बलगम निकलने पर टीबी की जांच कराएं। समय पर इलाज शुरू करने से बीमारी पर पूर्ण नियंत्रण पाया जा सकता है। डॉ. वीनेश ने लोगों से अपील की कि स्वास्थ्य की अनदेखी बिल्कुल न करें और किसी भी संदिग्ध लक्षण की स्थिति में अत्यंत सतर्कता बरतें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लापरवाही की गई तो बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है। यह टीबी चेतावनी विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रारंभिक पहचान और समय पर इलाज से ही गंभीर परिणामों को रोका जा सकता है।

## सड़क पर चलते समय हेलमेट का करें अवश्य प्रयोग: राजकुमार शर्मा

बदायूँ। बिसौली क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया में बुधवार को आयोजित यातायात सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने जीवन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा से जुड़े दस बिंदुओं पर छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। शपथ में विद्यार्थियों ने यातायात नियमों का पालन करने, पैदल चलते समय व साइकिल एवं वाहन चलाते समय बाईं ओर चलने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवरटेकिंग से बचने, धैर्य बनाए रखने, 18 वर्ष की आयु पूर्ण किए बिना वाहन न चलाने, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने, सड़क पर चलते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पर समूह बनाकर न चलने का संकल्प भी लिया।

# मकर संक्रांति के अवसर पर क्लब में आयोजित हुआ खिचड़ी भोज कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मकर संक्रांति के अवसर पर क्लब में विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिला सदस्यों ने जनहित में खिचड़ी भोज कराया। जिसमें सभी ने सहभागिता की इस अवसर पर पम्मी मेहंदीरत्ता, रमा अग्रवाल, सारिका सजल वैश्य, अर्चना मिश्रा, शैली कोहली, पारुल सचित, विनी गुप्ता, रविंदर कौर, चारु शंखधार, सुहानी जुनेजा, स्वाति गुप्ता, रितु शर्म, छवि त्रिवेदी, पारुल वासिष्ठ, डॉ रूचि वार्ष्णेय, डॉ पूनम गुप्ता, संध्या गुप्ता, रश्मि स्वरुप, लीना वैश्य, नीतू वैश्य, राधा वैश्य, सलोनी पाठक, तनु श्रोत्रिय, श्वेता मेहंदीरत्ता, काजल दुबे, सीमा रस्तोगी, हिना गुप्ता, नेहा अनुपम, प्रियंका वैश्य, सिंधु शर्मा, डॉ. रूचि गुप्ता, आयुशी गुप्ता, प्रगति शुभम, डॉ पारुल अनमोल, लिया अरिहंत, रीतिका गुप्ता, चारु जुनेजा, डॉ स्वाति गुप्ता, शिवानी अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, रुपाली वैश्य सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सहयोग किया।

इस अवसर पर धर्म जागरण के प्रांत प्रचारक विशाल, पुलिस अधीक्षक देहात डॉ हरिदेश कठेरिया, नगर मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, डॉ अक्षत अशेष, सरला स्वरुप, शारदेदु पाठक, ज्योति मेहंदीरत्ता, वेद त्रिवेदी, डॉ अरिहंत जैन, डॉ आदित्य हरी, प्रदीप शर्मा, रविंद्र मोहन सक्सेना, राजेंद्र अग्रवाल, नितिन गुप्ता, आदित्य श्रोत्रिय, नरेश चंद्र शंखधार, अमिता उपाध्याय, श्वेता वासिष्ठ, शिल्पी रस्तोगी, दिवी वैश्य उपस्थित रहे, अंत मे ऋचा अशेष और रचि नितिन वैश्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीएम की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी आईसीडीएस मिशन शक्ति तथा समाज कल्याण की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी आईसीडीएस, मिशन शक्ति तथा समाज कल्याण की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत बच्चों के वजन माप पर चर्चा की गयी तथा वीएचएसएनडी सत्र को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सत्र पर लम्बाई एवं वजन अच्छे से हो नहीं तो कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। रॉकेट लर्निंग एनजीओ के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आंगनबाड़ियों पर कार्यवाहियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत संतृप्तिकरण कराया जाए। सैम मैम बच्चे,एनआरसी (पोषण पुनर्वास केन्द्र)चंदौसी, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण,लर्निंग लैब पर भी चर्चा की गयी। पूरक पोषण आहार में गैप चिन्हित करने के लिए समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। आंगनबाड़ी आईसीडीएस के अन्तर्गत आधार सत्यापन तथा मोबाइल सत्यापन पर चर्चा की गयी शत प्रतिशत सत्यापन कराने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति बैठक के अन्तर्गत कन्या सुमंगला के लंबित आवेदन पर चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधवा पेंशन के सत्यापन के लिए समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। समाज कल्याण के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन, फैमिली आईडी, शादी अनुदान योजना पर चर्चा की गयी। अभ्युदय योजना, आश्रम पद्धति विद्यालय पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान के लंबित आवेदन निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि पर चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# महाविद्यालय में किया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राजकीय महिला महाविद्यालय, बदायूँ में रोड सेफ्टी क्लब, एनएसएस और रेंजर के विद्यार्थियों द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार ने किया, जबकि महा विद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना इसके संरक्षक थीं।

इस अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर एवं आसपास बिना हेलमेट और बिना ड्राइविंग लाइसेंस दोपहिया वाहन चलाने वालों को रोककर जागरूक किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों और रेंजर्स ने मुख्य द्वार पर वाहन चालकों से बातचीत कर उन्हें सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा और पारिवारिक जिम्मेदारियों के प्रति सचेत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात नियमों की जानकारी बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना बताया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सतीश कुमार, डॉ. भावना सिंह, एनएसएस प्रभारी डॉ. ऋषभ भारद्वाज, रेंजर प्रभारी डॉ. सरिता गौतम और महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अभाविप ने आयोजित किया निःशुल्क 'मेडिविजन' स्वास्थ्य शिविर

बदायूँ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप ने समाज सेवा के तहत एक दिवसीय निःशुल्क 'मेडिविजन कैंप' आयोजित किया। शिविर का शुभारंभ आरएसएस विभाग प्रचारक श्री सुधांशु और प्रांत सह मंत्री संजय गुप्ता की मौजूदगी में किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों नागरिकों, महिलाओं और विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। रक्तचाप, शुगर और सामान्य रोगों का परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं।प्रांत सह मंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि अभाविप राष्ट्रहित और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर जिला विस्तारक अरुण सूर्यवंशी, नगर मंत्री संजीव ठाकुर, जितेंद्र यादव, अमरपाल जी, अखंड प्रताप सिंह, रवेंद्र यादव, आरंभ सिंह और शैलेंद्र शर्मा सहित कई कार्यकर्ता सेवा कार्य में सक्रिय रहे।

## एक गांव से तीन नाबालिग किशोरियां लापता, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बदायूँ। उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से तीन नाबालिग किशोरियां अचानक लापता हो गई हैं। किशोरियां 12 जनवरी की दोपहर से गायब हैं। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। लापता किशोरियों के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और तलाश शुरू कर दी गई है। किशोरियां आपस में अड़ोस-पड़ोस में रहने वाली बताई जा रही हैं।

## इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई के सात निशानेबाजों ने राष्ट्रीय स्तर पर किया शानदार प्रदर्शन

संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भोपाल एवं दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप , 11 दिसम्बर से 4 जनवरी 2026 में इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई, जनपद संभल के निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया।इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई से कुल 07 निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया और विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले निशानेबाज इस प्रकार हैंःनैतिक तिवारी ,एयर राइफ़लमृत्युंजय सिंह पनवर,एयर पिस्तौलआराध्य यादव,एयर राइफ़लआराध्या वाष्णेय,एयर पिस्तौलगौरव,एयर राइफ़लयुवराज,एयर राइफ़लसुरेंद्र सिंह,एयर राइफ़लप्रतियोगिता से वापस आने पर जनपद के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैसिया ने सभी निशानेबाजों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संभल श्री गोरखनाथ भट्ट ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।कार्यक्रम के दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, उप क्रीड़ाधिकारी प्रमिला भारती, शूटिंग कोच मयंक कुमार, सतीश तिवारी एवं नीरज कुमार उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों के अनुशासन, मेहनत और समर्पण की सराहना की।इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई के प्रशिक्षक मयंक कुमार ने बताया कि यह सफलता खिलाड़ियों की एक साल की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

## आकांक्षात्मक ब्लॉक के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

रजपुरा, संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आकांक्षात्मक ब्लॉक के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आज विकास खण्ड रजपुरा परिसर में अनमोल सृष्टि प्रेरणा कैंटीन का उदघाटन खण्ड विकास अधिकारी डॉ. आदेश कुमार द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख ममता यादव की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री शोधकर्ता श्रीमती रूचि राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उद्घाघाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री शोधकर्ता रूचि राठौर, एडीओ पंचायत श्री अक्षय कुमार, समस्त ब्लॉक स्टाफ, पंचायत सहायकगण, क्षेत्रवासी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रेरणा कैंटीन के माध्यम से विकास खण्ड परिसर में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को नाश्ता, लंच एवं अन्य खानपान की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह ल्लअनमोल सृष्टि की सदस्य श्रीमती सुशीला द्वारा किया जाएगा। यह पहल एनआरएलएम योजना के अंतर्गत महिला आजीविका संवर्धन एवं मिशन शक्ति अभियान को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा।खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रेरणा कैंटीन की सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई।

## विराट हिन्दू सम्मेलन से पहले निकाली यात्रा

चन्दौसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार को सीता आश्रम पर होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवम चौधरी के नेतृत्व में बिसौली गेट,पुरानी पैठ,घासमंडी, पाटिया बाजार, ब्रह्म बाजार,सीता रोड,गणेश कॉलोनी, छोटे लाल कॉलोनी में, नगर भ्रमण करते हुए बुधवार को पद यात्रा निकालकर लोगों से कल के विराट हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया । इस दौरान अमित अग्रवाल,विष्णु शंकर अग्रवाल, ,डॉ टीएस पाल, उमेश अग्रवाल, दुर्गेश गुप्ता,कुलदीप वार्ष्णेय,अंकुर अग्रवाल, ऋतुपर्ण शर्मा,राहुल चौधरी, देवेंद्र गुप्ता, वीरपाल सिंह, सुरेश चंद्र,दिनेश चीनी, गिरीश यादव, आकाश शर्मा,संजय सैनी,क्रांति कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जिला बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव 21 को

बदायू, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 21 जनवरी को होगा, जिसमें 20 पदों पर 34 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अध्यक्ष पद पर चार और महामंत्री पद तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। निर्वाचन अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद पर दिनेश चंद्र, देव पाल सिंह, देवेंद्र कुमार, गेंदन लाल वधेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार जौहरी व दिनेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मरगूब अहमद खान, महामंत्री पद पर कृष्ण गोपाल पाठक, संदीप कुमार मिश्रा और सूरजपाल सिंह ने अपना दावा ठोंका है। उन्होंने बताया कि संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर नीलम रानी, विनोद बाबू सक्सेना, जसवीर सिंह, अमित कुमार सोलंकी, याकूब अली खान, भानु प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर अनिल कुमार यादव, आंशू मियां, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर मुकेश कुमार वैश्य, नीलू मिश्रा, मनोज कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर अवधेश कुमार, कौशल मिश्रा, कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह पदों पर सुमन कश्यप, नीरज सक्सेना, आनंद सिंह, किरण रानी, राष्ट्र गौरव, पवन कुमार गौतम, फरमान अली, सतीश पाल, कुमारेश कुलश्रेष्ठ चुनाव लड़ रहे हैं। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए आदित्य कुमार सिंह, सुरेंद्र पाल शर्मा ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हाईकोर्ट से 15 जनवरी 2026 मकर संक्रांति का अवकाश होने के बावजूद जिला बार एसोसिएशन के चुनाव प्रक्रिया पूर्व कार्यक्रम के अनुसार रहेगी।

## ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, हालत गंभीर

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी युवक गंभीर रूप से घायल के हादसा फर्रुखाबाद मुरादाबाद एम एफ हाईवे अलापुर का है। आपको बता दें कि थाना अलापुर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा गंभीर रूप से घायल,वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन, ट्रक सवार ट्रक लेकर मौके से फरार, सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी, पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस फरार ट्रक की तलाश में जुटी, आलापुर थाना क्षेत्र के इंडियन गैस एजेंसी के पास का मामला, वही पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में जिले के स्काउट्स ने किया शानदार प्रदर्शन

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवरऽ रेंजर जंबूरी में बदायूँ जिले के स्काउट्स ने 15 किलोमीटर लंबी ओवरनाइट हाइक पूरी कर बैज हासिल किए और जिले का नाम रोशन किया। जंबूरी के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं में अद्भुत क्षमता और अतुलनीय शक्ति होती है, जिससे हर लक्ष्य संभव है। उन्होंने युवाओं से चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। भारत स्काउट और गाइड के राष्ट्रीय मुख्यायुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल ने युवाओं से अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाने की अपील की। जंबूरी में उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के स्काउट-गाइड्स ने सांस्कृतिक और विषयगत प्रदर्शनी प्रस्तुत की।

# वीडियो और एपीओ की छत्र छाया में चल रहा मनरेगा में भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले के इटियाथोक ब्लॉक की गाँवो में अर्जुनपुर,अयाह,कर्मडीह कला, निसारुपुर, विशु नपुर माफी,सिसई बहलोलपुर,रुदापुर, के गाँव में इन दिनों वीडियो, एपीओ, और तकनीकी सहायक कि छत्रछाया में मनरेगा में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। यहां फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की लूट की जा रही है। वह भी डंके की चोट पर है सबसे बड़ी बात तो यह है कि मनरेगा योजना में धांधली की तमाम शिकायतों के बाद भी ब्लॉक

के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी के नींद में सो रहे हैं और कार्रवाई करने के बजाय खाना पूर्ति कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टा चार पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं लेकिन उनके ही प्रदेश गोंडा जिले के इटियाथोक ब्लॉक में मनरेगा योजना में खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है।इस खे ल में जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है।जिले के इटिया थोक ब्लॉक में मनरेगा योजना के अंतर्गत करा ए जा रहे कार्यों में रोजाना कोई न कोई नया मा मला देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम पंचायत अयाह का है इस ग्राम पंचायत में काग ज पर एक फोटो से 60 श्रमिकों की फर्जी हा जिरी लगाई जा रही है।अधिकारियों की उदासी नता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यों का आंकलन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं ऐसे ही कर्मडीह कला ग्राम पंचायत में भी कार्य स्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है,उसे देख कर ही अंदा जा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिन भर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।फर्जी मस्टर रोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अयाह में वेद्पुर सड़क से राम निहाल के चक होते हुवे सरयू नहर तक भूमि विकास कार्य कागजों में चल रहा है।इस कार्य पर रोजा ना 60 श्रमिकों की ओर से कार्य होना दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।इसी तरह निसारुपुर में अछैबर के घर से पानी टंकी तक नाला जीर्णोद्धार कार्य के लिए 78 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है लेकिन धरातल की वास्तविकता चौंकाने वाली है।हैरत की बात यह है कि कार्य का सत्यापन करने वा ले जिम्मेदार अधिकारी भी आंखें बंद करके ही सत्यापन कर दे रहे हैं।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः मंडलायुक्त

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# त्रिलोकी सिंह बने भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने त्रिलोकी सिंह को संगठन का जिला मंत्री मनोनीत किया है,उन्होंने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और कि सानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने की जिम्मेदारी सौंपी है।जिलामंत्री बनाने पर हर्ष जताते हुए तमाम लोगों ने उनके आवास गांव वैशन पुरवा आटा परसपुर पर आकर फूल मा लाओं से स्वागत करके एक दूसरे को मिष्ठान वितरित किया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने बता या कि जल्दी ही जिले की कार्यकारिणी का वि स्तार किया जाएगा और किसानों की समस्या ओं का प्रमुखता से समाधान कराया जाएगा। त्रिलोकी सिंह के नेतृत्व में संगठन और समाज को नई मजबूती मिलेगी।

# निजी वाहनों पर अवैध सायरन का बढ़ता चलन, पुलिस की खामोशी पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में निजी वाहनों के चालकों ने अपने वाहनों पर अवैध रूप से सायरन लगाए हुए हैं। ये जाम में फंसने एवं अन्य वाहनों से साइड़ लेते समय सायरन बजाकर इस तरह से अपना दब दबा दिखाते हैं जैसे ना जाने कितने बड़े नेता या अधिकारी हों,ऐसे वाहनचालकों के विरुद्ध यूपी पुलिस के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।क्षेत्र के लोगों ने कहा पुलिस अधिकारियों के साथ - साथ यातायात थाना पुलिस को चाहिए कि वे वाहनों की जांच करते समय यह भी जां च करें किसी वाहन में अवैध रूप से सायरन तो नहीं लगा हुआ है ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानु सार कार्रवाई करें।

दबदबा बनाने के लिए बजा रहे हैं सायरन

बताते है कि आजकल अपने आप को बहुत ब ड़ा दिखाने या फिर अपना दबदबा दिखाने के लिए गोंडा जिले में कुछ लोगों ने अपने प्राइवेट वाहनों में सायरन लगवाए हुए हैं जो कि केवल पुलिस,दमकल विभाग,एंबुलेंस या अन्य बड़े अ धिकारियों के लिए ही जरुरी है।ताकि आवश्क ता पडऩे पर ये सायरन का इस्तेमाल कर सकें। लेकिन नूंह जिला में कुछ व्यक्ति ऐसे हैं जिन्होंने अपने वाहनों पर सायर लगाए हुए हैं।और ये बि ना वजह खाली सडकों पर भी सायरन बजाकर रौब दिखाते दिख जाएंगे,आए दिन काफी लोग पुलिस से शिकायत करते रहते हैं लेकिन फिर भी लेकिन स्थानीय पुलिस व यातायात प्रभारी और उनकी टीम द्वारा वाहनों की समय- समय पर जांच करते समय यह भी जांच करें कि उस वाहन में हूटर तो नहीं लगा है।यदि लगाया हुआ है तो ऐसे वाहन चालकों या मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें।लेकिन ऐसा हो होता दिख नहीं रहा है और धड़ल्ले से काली फिल्म लगी और सायरन बजाते हुए गाड़ियां दौड़ रही है।कई बार ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं याता यात थाना एवं सभी थाना प्रभारियों को आए दिन आदेश जारी किये जाते है वाहनों की जांच करते समय यह भी जांच करें कि किसी प्राइवेट वाहन में कोई हूटर तो नहीं लगा हुआ है। यदि कोई हूटर बजाता मिलता है या वाहन मे हूटर लगा मिलता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।यातायात सीओ गोण्डा।

# ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर गिरफ्तारी की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में सोशल मीडिया क्रिएटर रीना चौ हान द्वारा ब्राह्मण समाज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर नाराजगी बढ़ गई है। अवध केसरी सेना के कार्यकर्ताओं और पदाधि कारियों ने नगर कोतवाली पहुंचकर विरोध प्रद र्शन किया और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।सैकड़ों की संख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर रीना चौहान की गिरफ्तारी की मांग की।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा,इसी बीच एक अन्य सोशल मीडिया क्रि एटर रीना दीक्षित के खिलाफ भी नगर कोतवा ली में तहरीर दी गई है।उन पर सोशल मीडिया पर आए दिन गाली-गलौज करने का आरोप है, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है।लोगों ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।अ वध केसरी सेना के सेना प्रमुख ठाकुर नीरज सिंह ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि रीना सिंह चौहान की टिप्पणी से ब्राह्मण समा ज ही नहीं,बल्कि हर वर्ग शर्मिंदा है।उन्होंने रीना चौहान के सोशल मीडिया अकाउंट को तत्काल बंद करने और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।रीना दीक्षित पर आरोप है कि वह खुलेआम सोशल मीडिया पर गाली-गलौज करती हैं,जिससे महिलाएं और बच्चे श र्मिंदा होते हैं।यह समाज में एक गलत संदेश भे ज रहा है। ज्ञापन देने वालों में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ पदाधिकारी सोनी सिंह, अधिव क्ता अमित सिंह,अवध केसरी सेना के प्रदेश अ ध्यक्ष नील ठाकुर,गोंडा सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।गोंडा नगर कोतवाल ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज की भेट चढ़ी विवाहिता: पति समेत सात पर दहेज हत्या का केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के वजीरगंज कस्बे में मंगलवार देर शाम 26 वर्षीय विवाहिता आंचल मोदनवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।मायके पक्ष ने पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करया जाएगा। मृतका के भाई अभिषेक मोदनवाल जो साहब गंज अयोध्या के निवासी ने बताया कि उनकी बहन आंचल की शादी आठ फरवरी 2019 को वजीरगंज निवासी सुजीत मोदनवाल से हुई थी शादी के बाद से ही पति सुजीत ससुर जगदीश, सास दुर्गेश, जेठ राकेश,जेठानी, ननद कोमल और जूही पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेक र मारपीट करने का आरोप है।अभिषेक मोदन वाल को मंगलवार देर शाम 9 बजे अपनी बहन की मौत की सूचना मिली।इस संबंध में थानाध्य क्ष विपुल कुमार पांडेय ने बुधवार सुबह करीब दस बजे जानकारी दी कि पति समेत सात ससु रालियों के विरुद्ध दहेज हत्या के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति सुजीत,ससुर जगदीश,सास दुर्गेश और जेठ राकेश को हिरासत में ले लिया है।आंचल मोदनवाल की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

# भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी व पुलिस की संयुक्त गश्त, 16 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारतऽनेपाल सीमा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 16 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के दिशानिर्देशन में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा चौकी बलाईगाँव से उप निरीक्षक (सामान्य) नरेश कुमार अपने साथ चार अन्य एसएसबी कार्मिकों के साथ तथा स्थानीय पुलिस थाना मोतीपुर के उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव एक अन्य पुलिसकर्मी के साथ संयुक्त गश्त पर भारतऽनेपाल सीमा क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 665/1 की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति कच्चे रास्ते से भारत से नेपाल की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। गश्ती दल को सामने देखकर उक्त व्यक्ति घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए गश्ती दल ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल कुमार चौदरी, पुत्र परदेशी चौदरी, निवासी बजनाथ, जिला बर्दिया (नेपाल) बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने पास नशीला पदार्थ स्मैक होने की बात स्वीकार की। इसके बाद गश्ती दल कमांडर द्वारा इसकी सूचना तत्काल सहायक कमांडेंट असम सुशिल सिंह को दी गई। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और उनकी उपस्थिति में अभियुक्त की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान प्लास्टिक की एक छोटी पोटली बरामद हुई, जिसे खोलने पर उसमें स्मैक पाया गया। अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर, जिला बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया।

### मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए 18 जनवरी को सभी बूथों पर मेगा कैंप : एसडीएम मोनालिसा जौहरी



नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार 18 जनवरी को तहसील नानपारा की विधानसभा-283 नानपारा के सभी मतदेय स्थलों पर मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मतदाता सूची का पठन एवं खुली बैठक आयोजित होगी। कैंप का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व 11 जनवरी 2026 को भी सभी बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति रही है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो अथवा नाम सूची में दर्ज न हो, तो संबंधित दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं। एसडीएम नानपारा ने सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस अभियान में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए, क्षेत्रीय प्रधान एवं स्थानीय पार्षदों से भी सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा व्यापक मतदाता ही जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। मेगा कैंप का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। कैंप में उपस्थित बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली (ड्राफ्ट सूची) का पठन किया जाएगा। छूटे हुए पात्र व्यक्ति नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा किसी भी संशोधन के लिए फॉर्म-8 जमा कर सकेंगे। खुली बैठक के दौरान बीएलओ के साथ-साथ राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट, लेखपाल, पंचायत सहायक, राशन डीलर एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहकर सहयोग करेंगे।

### आनलाइन डाउनलोड किये जा सकते हैं प्रवेश पत्र

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रऊफ अहमद ने बताया कि 05 फरवरी 2026 से कक्षा-9 एवं कक्षा 11 पार्श्व प्रवेश चयन परीक्षा-2026 के प्रवेश पत्र वेब साइट नवोदया डाट जीओवी डाट इन से निःशुल्क डाउनलोड किये जा सकते हैं। श्री अहमद ने बताया कि ऐसे अभिभावक जिनके द्वारा आनलाइन आवेदन किये गये हैं 05 फरवरी 2026 से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### डॉ. आंबेडकर समान नागरिक संहिता के समर्थक एवं वामपंथ व मुस्लिम कट्टरपंथ के प्रखर विरोधी थे

औरैया। वरिष्ठ इतिहासकार एवं प्रतिष्ठित लेखक मुनीश त्रिपाठी की अपकमिंग पुस्तक ललआंबेडकर, हिंदुत्व और भारतङ्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन, विचार और वैचारिक पक्षों को लेकर कई महत्वपूर्ण और चर्चित दावे किए गए हैं। पुस्तक में यह दावा किया गया है कि डॉ. आंबेडकर समान नागरिक संहिता के समर्थक थे और वे मुस्लिम कट्टरपंथ तथा वामपंथ के सख्त विरोधी थे। लेखक का कहना है कि आंबेडकर के इन पक्षों को लम्बे समय तक समाज और अकादमिक विमर्श से छिपाया गया। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा प्रतिष्ठित केएम मुंशी पुरस्कार से सम्मानित मुनीश त्रिपाठी की यह चौथी पुस्तक है, जिसका विमोचन 16 जनवरी को दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेले के दौरान किया जाएगा। इससे पूर्व वे विभाजन की त्रासदी, भरतपुर का सूरजमल और द लाइन विच डिवाइडेड भारत जैसी चर्चित पुस्तकों के लेखक रह चुके हैं। वर्ष 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विमोचित संग्रह ग्रंथ लोकावलोकन में भी उनका लेख शामिल रहा है। बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में मुनीश त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर को केवल दलित सुधारक और संविधान निर्माता के रूप में सीमित कर दिया गया, जबकि वे एक गहरे अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और धर्मवेत्ता भी थे। उन्होंने दावा किया कि डॉ. आंबेडकर मुस्लिम कट्टरपंथ के तीखे आलोचक थे और खिलाफत आंदोलन को असहयोग आंदोलन में शामिल किए जाने के निर्णय का उन्होंने खुलकर विरोध किया था।

पुस्तक में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 1932 में पुणे प्रवास के दौरान डॉ. आंबेडकर की गाड़ी पर ' ? ' अंकित भगवा ध्वज लहरा रहा था। लेखक के अनुसार, संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष होने के नाते हिंदू महासभा के कुछ सदस्यों ने उनसे भारत के भगवा ध्वज को राष्ट्रीय ध्वज घोषित किए जाने की मांग की थी ।

# कुनाल की पारी से बहराइच योद्धा ने जीता मुकाबला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । स्वर्गीय कुशमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में इंदिरा स्टेडियम में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में आज का मुकाबला बहराइच योद्धा एवं बहराइच सुपर किंग्स के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी ज्योति बंसल व नितिन बंसल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया बहराइच सुपर किंग्स के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए योद्धा के बल्लेबाजों ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। दोनों ओपनर बल्लेबाज कुणाल यादव की 89 एवं कुलदीप की 67 रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत योद्धा ने निर्धारित 22 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 186 रनों का अच्छा स्कोर खड़ा किया। सुपर किंग्स की तरफ से ओम ठाकुर एवं त्रिपुरेश मिश्रा ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। 187 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच सुपर किंग्स की तरफ से ओम ठाकुर ने 59 रनों की अच्छी पारी खेली । अन्य कोई बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे पाया और पूरी टीम 22वें ओवर में 140 रनों पर आल आउट हो गई। बहराइच योद्धा की तरफ से अमन पासवान ने 3, कुनाल एवं निखिल ने 2-2 विकेट अपने नाम किये। बहराइच योद्धा ने 46 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत कुनाल यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। और बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार ओम ठाकुर को दिया गया।मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अकील अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे । आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। लाइव प्रसारण गोविंद सिंह चौहान के द्वारा किया गया। इस दौरान इफ्तिखार अली, सुनील राय, रामानंद सिंह, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, तुषार सोनी,आशुतोष कैराती, सारिक, उत्कर्ष , एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### पत्नी की गला काटकर की थी हत्या, हत्यारोपी पहुंचा जेल

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना नगला खंगर पुलिस टीम ने पत्नी की गला काटकर हत्या करने वाले हत्यारोपित पति को आलाकत्ल कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। थाना नगला खंगर क्षेत्र अन्तर्गत गांव नगला नंदे निवासी आशुतोष ने मंगलवार को पारिवारिक विवाद के बाद पत्नी लता की गला काटकर नृशंस हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतका के पिता सुरेश चन्द्र पुत्र दाऊदयाल निवासी ग्राम नगला भूड थाना अराँव ने थाना नगला खंगर में अपने दामाद आशुतोष के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी नगला सिंघी गिरीश कुमार ने बुधवार को बताया कि हत्यारोपित आशुतोष पुत्र रामस्वरुप निवासी ग्राम नगला नन्दे थाना नगला खंगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी (आलाकत्ल) को बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर उसे जेल भेजा है।

# सड़क हादसा में 22 वर्षीय युवती की मौत, सड़क जाम कर विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले के हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवती रूपा की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धनपतगंज थाना क्षेत्र के पीपरगांव स्थित पूरे राधे पंडित के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार डंपर ने युवती को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे के बाद परिजन और स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतका के परिवार को मुआवजा देने और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही धनपतगंज थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया।घटनास्थल पर बल्दीराय और गोसाईगंज थानों की पुलिस भी मौजूद है। परिजनों का आरोप है कि इस इलाके में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने कभी ठोस कदम नहीं उठाया और न ही पीड़ित परिवारों को कोई सहायता मिली। इसी नाराजगी के चलते परिजन शव उठाने से इनकार कर रहे हैं और न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

# युवा दंपत्ति जब वैवाहिक बंधन से पकड़े हाथ तो जीवनभर निभाएं साथ : समरसता प्रमुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भय और डर से हमें धर्मांतरण नहीं करना है। सनातन हमें निर्भीकता और कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाता है। अन्ना हजारे की राह पर चलें और शराब से दूर हटकर बच्चों को शिक्षित करने के लिए आगे आएं। समरसता प्रमुख आरएसएस कृपा शंकर द्विवेदी ने संबोधन के दौरान यह बातें कहीं।

धनपतगंज विकासखंड अंतर्गत जज्जौर ग्राम पंचायत में सिद्धि वीर बाबा पब्लिक स्कूल के सामने पं रामकृपाल पांडेय स्मृति सेवा समिति प्रयागराज एवं बनबासी कल्याण आश्रम सीता कुंड के संयुक्त तत्वाधान में मकर संक्रांति खिचड़ी भोज कार्यक्रम आयोजित हुआ। समरसता प्रमुख आरएसएस कृपा शंकर द्विवेदी ने कहा कि ईसाई और मुस्लिम मिशनरियों से हमको सावधान रहने की जरूरत है। झांसा देकर बड़े पैमाने पर यह लोग धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आत्माराम पांडेय ने कहा कि बेटियों की शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। बेटियां ससुराल और मायका दो घर सुधरती हैं। कार्यक्रम में आए अतिथियों और वनवासी स्त्री पुरुषों का स्वागत जमुना प्रसाद पांडेय ने किया। इस मौके पर अभिषेक तिवारी, जितेंद्र सिंह विष्णु नारायण तिवारी, सुरेंद्रजी, बलराम मिश्रा आदि लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# जिले की शिक्षिका बनीं यूपी टीम की कोच राष्ट्रीय कबड्डी में करेंगी नेतृत्व जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश का किया नाम रोशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जनपद पीलीभीत की जिला व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा का चयन उत्तर प्रदेश टीम के कोच के रूप में 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालय कबड्डी अंडर-19 बालिका प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 19 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक सोलन हिमाचल प्रदेश में आयोजित होगी। शिक्षिका विभा मिश्रा विगत कई वर्षों से बालिकाओं को कबड्डी का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दे रही हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में अनेक खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उनके इस चयन से जनपद पीलीभीत सहित पूरे खेल जगत में हर्ष और गर्व का वातावरण है।उनकी इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह,जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह सहित अनेक खेल प्रेमियों,शिक्षकों, शिक्षिकाओं, जनपद के अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी तथा उत्तर प्रदेश टीम की जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित कीं है।

# तहसील में कपसाड़ हत्या कांड को लेकर भीम आर्मी ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील में कपसाड़ गांव, थाना सरधना, जनपद मेरठ में हुई अनुसूचित जाति की महिला सुनीता की नृशंस हत्या की घटना को लेकर भीम आर्मी ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन के पदाधिकारियों ने इस मामले को संगठित जातीय आतंक बताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि कपसाड़ गांव में हुई यह घटना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय के विरुद्ध संगठित हिंसा का गंभीर उदाहरण है। हत्या के बाद से पीड़ित परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन व्यतीत कर रहा है तथा उन्हें संवैधानिक संरक्षण का अभाव महसूस हो रहा है। भीम आर्मी ने मांग की कि पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। संगठन की ओर से मांग की गई कि परिवार की सुरक्षा के लिए दो स्थायी सशस्त्र गनर तैनात किए जाएं तथा परिवार को पुलिस चौकी या थाना के निकट सुरक्षित सरकारी आवास उपलब्ध कराया जाए, जिससे 24 घंटे सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही पात्र परिजनों को शस्त्र लाइसेंस जारी कर शस्त्र उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। ज्ञापन में एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत घोषित पेंशन व अन्य समस्त देय लाभ तत्काल प्रदान करने, मृतका सुनीता के परिवार को घटना की गंभीरता को देखते हुए एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की गई है। साथ ही इस घटना को कमजोर वर्ग में भय फैलाने की साजिश मानते हुए एनएसए और यूएपीए की सुसंगत धाराएं लगाने की भी मांग की गई। इसके अतिरिक्त, अपहृत बालिका/युवती की शीघ्र बरामदगी के लिए प्रशासन और जांच एजेंसियों की पूरी शक्ति लगाने की मांग की गई। भीम आर्मी ने कहा कि यदि समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा।

## गोमती गुरुद्वारा में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोमती गुरुद्वारा में मघी पर्व पर वुधवार दोपहर दो बजे आयोजित विशाल समागम के दौरान एक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर का उद्घाटन एसएसबी डीआईजी सेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने किया। उद्घाटन के अवसर पर सेक्टर कमांडेंट राजेंद्र भी विशेष रूप से मौजूद रहे। यह रक्तदान शिविर आईएमए बरेली के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अकाल अकादमी कजरी के अवतार सिंह सिद्धू का अहम योगदान रहा, जिनकी अगुवाई में पूरे कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। इस अवसर पर अदनान खान, परविंदर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने रक्तदान को मानवता की सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस महाअभियान से जुड़ने की अपील की। रक्तदाताओं के उत्साह और सहयोग से शिविर को सफल बनाया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक इनवर्टर बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में बाइक चोर एक बार फिर सक्रिय नजर आ रहे हैं शहर मे बीते दिन घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गईं मोहल्ला कायस्थान मैजिक अड्डे के पास रहने वाले विशाल बंसल की बाइक घर के बाहर खड़ी थी जिसे चोर उठा ले गये और साथ मे इनवर्टर बैटरी भी चोरी कर ले गये आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी उसे बाइक नहीं मिली

## हिंदू सम्मेलन हेतु जनजागरण के लिए 21 जनवरी को होगी बाइक रैली

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर एस आर डी सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर व खंड की एक बड़ी बैठक संपन्न हुई इस बैठक में 27 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए योजना बनाई गई बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक श्रीमान दुष्यंत जी ने विभिन्न संगठनों तथा समाज के लोगों के साथ हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चर्चा वार्ता की बैठक में तय किया गया की 21 जनवरी 2026 को हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए नगर में जन जागरण के लिए बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा बाइक रैली पी डब्लू गेस्ट हाउस से प्रारंभ होगी बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंध समिति, विभिन्न समाज के संगठन तथा संघ के अनुसांगिक संगठनों के दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## युवक युवती को लेकर हुआ फरार, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली के मोहल्ला कायस्थान की रहने वाली युवती की दी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है दर्ज मुकदमे मे बताया कि मोहल्ला गणेशगंज वॉर्ड नम्बर 06 के रहने वाला देव पुत्र दिनेश उसकी छोटी बहन को लेकर फरार हो गया है पुलिस ने युवक के परिजनों से पूछताछ कर रही है दोनों के बरामदगी को लेकर पुलिस ने युवती और युवक के परिजनों से पूछताछ की है।

# श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

एजेंसी

प्रतापगढ़ । उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद में माघमेला प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। बुधवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहों एवं रूट डायवर्जन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर कोहड़ौर बाजार, गोड़े बाईपास, भुपियामऊ चौराहा एवं एटीएल ग्राउंड का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों का जायजा और मौके पर उपस्थित सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रयागराज माघ मेला में जाने वाले या वहां से लौटने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में बनाए गए सभी रैन बसेरों में स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालु वहां विश्राम कर सकें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि किसी श्रद्धालु को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या उत्पन्न होती है, तो उसका त्वरित उपचार प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

एटीएल ग्राउंड के निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के ठहराव की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यहां हेल्प डेस्क स्थापित की जाए। टेंट, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, जिससे अत्यधिक भीड़ की स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित रूप से ठहराया जा सके। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

## पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी,थाना जगदीशपुर पुलिस ने इक्कीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान आलोक कुमार श्रीवास्तव उर्फ कल्लू पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम मऊ अतवारा थाना जगदीशपुर को इक्कीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना युवक के सीने को चीरती हुई आर–पार हुई सरिया, मौके पर मौत

सुलतानपुर। देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के लोहरामऊ गांव के पास मंगलवार देर रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। सुलतानपुर–वाराणसी फोरलेन हाईवे पर वैगन–आर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे 4 फीट लंबा लोहे का सरिया कार में बैठे युवक के सीने को चीरते हुए आर–पार निकल गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि शव कार में फंस गया। उसे बाहर निकालने के लिए गैस कटर की मदद लेनी पड़ी। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। कोतवाली देहात के मुरारपुर निवासी ओम प्रकाश पांडेय का परिवार प्रतापगढ़ जिले के कुंडा स्थित मनगढ़ भक्तिधाम (कृपालु जी महाराज) के दर्शन कर लौट रहा था। रात करीब 10 बजे जैसे ही कार लोहरामऊ गांव के पास पहुंची, सड़क किनारे खड़े ई–रिक्शा को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। डिवाइडर में लगी लोहे की रेलिंग (सरिया) ड्राइविंग सीट के बगल बैठे युवक के सीने में घुस गई। कुछ लोगों का कहना है कि सरिया डिवाइडर में लगी थी, जबकि कुछ का मानना है कि यह किसी भारी वाहन से गिरकर सड़क पर पड़ी थी।

## अनियंत्रित ट्रक ने गोलगप्पे खा रहे लोगों को रौंदा, एक की मौत, सात घायल

सेहरामऊ । थाना क्षेत्र के गढ़वा खेड़ा में बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर नीचे उतर आया और सड़क किनारे गोलगप्पे खा रहे लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।जानकारी के अनुसार सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव जोगराजपुर निवासी मोहम्मद वक्स पुत्र इमाम वक्स और उनका भाई मोहम्मद अजीम कपड़े का काम करते हैं। बुधवार दोनों भाई पूरनपुर से कपड़ा लदवाकर ई–रिक्शा के माध्यम से जोगराजपुर भेज चुके थे। इसके बाद मोहम्मद वक्स, उनके भाई अजीम और उनके बच्चे गढ़वा खेड़ा गांव के पास सभी लोग एक गोलगप्पे की दुकान पर रुक गए और गोलगप्पे खाने लगे। इसी दौरान अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक हाईवे से अनियंत्रित होकर नीचे उतर आया और दुकान के पास खड़े लोगों को कुचल दिया। हादसे में जोगराजपुर निवासी मोहम्मद अजीम, मोहम्मद वक्स, उनके बच्चे जीलानी पुत्र रशीद उम्र सात वर्ष और अयान पुत्र मोहम्मद वक्स उम्र आठ वर्ष के साथ ही गढ़वा खेड़ा निवासी चंद्रशेखर पुत्र मुनीश समेत करीब आठ लोग घायल हो गए। ट्रक की चपेट में आने से तीन बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों को आनन–फानन में पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोहम्मद अजीम को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# भोपतपुर के पास हाइवे पर सांड से टकराई तेज रफ्तार कार, उछलकर दूसरी गाड़ी पर गिरा सांड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव गोरा में एक मरीज को अस्पताल ले जा रही ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद की कार एक हादसे का शिकार हो गई। हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ने सांड को टक्कर मारी, जिसके बाद सांड उछलकर मरीज ले जा रही हाइवे के किनारे खड़ी प्रधान की कार पर जा गिरा। इस घटना में ग्राम प्रधान की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार बीती रात लगभग 9 बजे की है, जब गोरा गांव के एक ग्रामीण की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने इलाज के लिए गांव के प्रधान नूर मोहम्मद से मदद मांगी। प्रधान नूर मोहम्मद ने तुरंत अपनी कार से अपने छोटे भाई को मरीज के साथ पीलीभीत अस्पताल के लिए रवाना किया।मरीज को लेकर जा रही यह कार जब हाईवे पर भोपतपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तो चालक ने परिजनों के अनुरोध पर कार को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी दौरान पूरनपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने अचानक सड़क पर आए एक सांड को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सांड उछलकर पास में खड़ी ग्राम प्रधान की कार पर जा गिरा।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, गनीमत रही कि ग्राम प्रधान की कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। इस दुर्घटना में ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए।ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद ने बताया कि उनके छोटे भाई एक मरीज को लेकर पीलीभीत जा रहे थे। तभी रास्ते में एक कार की टक्कर सांड से हुई और सांड उछलकर उनकी खड़ी कार पर आ गिरा। उन्होंने पुष्टि की कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है, लेकिन सभी सवार सुरक्षित हैं। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की चिंता बढ़ा दी है।

# पुण्य तिथि पर बुजुर्गों व मेधावियों का सम्मान 200 जरूरतमंदों को कंबल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरे तुलसीराम में स्वर्गीय जगपती देवी की चतुर्थ पुण्य तिथि के अवसर पर बुजुर्गों एवं मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तुलसी ग्रामोत्थान न्यास के तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ, हवन एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। आयोजन का संचालन धर्मेन्द्र शुक्ल ने किया। सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को अंगवस्त्र एवं भगवान राम की बालक प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं वरिष्ठ नागरिकों व बुजुर्गों को शाल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अवधेश त्रिपाठी (जिला संचालक, सुलतानपुर) ने कहा कि ऐसे पुनीत आयोजनों से बुजुर्गों और मेधावी छात्रों का मनोबल बढ़ता है तथा समाज में सकारात्मक और प्रेरणादायी संदेश जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जुगुल किशोर श्रीवास्तव ने की।इस आयोजन का संयोजन तुलसी ग्रामोत्थान न्यास के संरक्षक बीरेंद्र तिवारी एवं अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार प्रबीण तिवारी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में राजधर शुक्ला, विशाल जायसवाल, जगप्रसाद वर्मा, रूपनारायण तिवारी, सोनू तिवारी, रमा शंकर वर्मा सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में 200 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे गरीब व पात्र लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## धनाराघाट रामनगरिया मेले में शारदा नदी पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान, प्रशासन ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट स्थित शारदा नदी पर चल रहे रामनगरिया मेले में बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का स्नान शुरू हो गया। तड़के से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु शारदा नदी के घाटों पर पहुंचे और आस्था के साथ पवित्र स्नान किया। मेले को लेकर क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा।जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब तीन बजे एसडीएम अजीत प्रताप एवं नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मेले में सुरक्षा, व्यवस्था, घाटों की स्थिति तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस व प्रशासनिक कर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न हो।

## महिला आयोग की अध्यक्ष आज से दो दिवसीय अमेठी भ्रमण करेंगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान जी का दो दिवसीय जनपद अमेठी भ्रमण कार्यक्रम पन्द्रह व सोलह जनवरी को प्रस्तावित हुआ है, उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की अध्यक्ष पन्द्रह जनवरी को सायं साढ़े पांच बजे जनपद अमेठी के गेस्ट हाउस पहुंचेंगी जहां रात्रि विश्राम के उपरान्त सोलह जनवरी को दस बजे जिला महिला चिकित्सालय, अमेठी का निरीक्षण करेंगी, उसके उपरान्त आयोजित गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। इसके बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा साढ़े ग्यारह बजे गौरीगंज तहसील के सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उददेश्य से जनसुनवाई करेंगी जिसमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न अथवा अन्य किसी भी प्रकार से पीड़ित महिलायें अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। इसके बाद महिला कल्याण, बाल विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, बेसिक माध्यमिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, उद्योग, एनआरएलएम, पंचायतीराज, कौशल विभाग, परिवहन के अधिकारियों के साथ शासन द्वारा संचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगी।

## सम्पादकीय

# माँ–बाप की नीयत, परवरिश और टूटते घर

भारतीय समाज में माता-पिता को सर्वोच्च नैतिक स्थान प्राप्त है। उन्हें त्याग, तपस्या और निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक माना जाता है। बचपन से ही यह सिखाया जाता है कि माँ-बाप कभी गलत नहीं हो सकते। उनकी हर बात आदेश है, हर निर्णय अंतिम सत्य। लेकिन बदलते सामाजिक परिदृश्य में यह धारणा अब कई सवालों के घेरे में है। आज जब पारिवारिक विघटन, तलाक, अलगाव और घरेलू तनाव की घटनाएँ बढ़ रही हैं, तब यह जरूरी हो गया है कि हम ईमानदारी से यह स्वीकार करें–माँ-बाप भी हमेशा सही नहीं होते। आज अनेक परिवारों में टूटन का कारण केवल पति-पत्नी के बीच का मतभेद नहीं है, बल्कि उसके पीछे माता-पिता की भूमिका भी उतनी ही निर्णायक होती जा रही है। यह कहना कठोर लग सकता है, लेकिन सच्चाई यही है कि कई घरों में माता-पिता द्वारा किया गया पक्षपात, हस्तक्षेप और नियंत्रण रिश्तों को भीतर से खोखला कर रहा है। सबसे पहले बात करते हैं भेदभाव की संस्कृति की। भारतीय परिवारों में यह कोई नई बात नहीं है कि बच्चों के बीच तुलना और पक्षपात होता रहा है। बड़ा बेटा वारिस माना जाता है, छोटा समझौता करता है, बेटी पराया धन होती है और बहू बाहरी। यही सोच जब व्यवहार में उतरती है, तो घर में स्थायी तनाव पैदा हो जाता है। माता-पिता अनजाने में या जानबूझकर एक बेटे के पक्ष में खड़े हो जाते हैं, दूसरे को उपेक्षित कर देते हैं। बहू को हर विवाद की जड़ मान लिया जाता है, जबकि बेटी के दोष पर पर्दा डाल दिया जाता है। यह असमानता रिश्तों को धीरे-धीरे तोड़ देती है। विवाह के बाद बहू का स्थान आज भी कई घरों में संदिग्ध बना रहता है। उससे उम्मीद की जाती है कि वह बिना सवाल किए हर परंपरा को स्वीकार करे, हर निर्णय माने और अपनी पहचान को त्याग दे। यदि वह अपने अधिकार, सम्मान या स्वतंत्रता की बात करती है, तो उसे घर तोड़ने वाली करार दे दिया जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि कई बार घर पहले ही भीतर से टूट चुका होता है–सिर्फ दिखावा बचा होता है। माता-पिता का अत्यधिक हस्तक्षेप भी आज पारिवारिक विघटन का बड़ा कारण बन रहा है। बेटे-बहू के निजी मामलों में दखल देना, छोटी-छोटी बातों को तूल देना, बहू की शिकायतों को नजरअंदाज करना और बेटे को भावनात्मक दबाव में रखना–ये सब स्थितियाँ विवाह को बोझ बना देती हैं। बेटा अक्सर दो पाटों के बीच फँस जाता है–एक ओर पत्नी, दूसरी ओर माता-पिता। और समाज उसे यही सिखाता है कि माता-पिता का साथ देना ही धर्म है, चाहे इसके लिए दांपत्य जीवन की बलि क्यों न देनी पड़े। यह भी देखने में आता है कि बेटी की शादी के बाद भी माता-पिता उसे अपने नियंत्रण में रखना चाहते हैं। बेटी को बार-बार मायके बुलाकर, उसके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप कर, दामाद के खिलाफ राय बनाकर, वे अनजाने में बेटी का घर कमजोर कर देते हैं। नतीजा यह होता है कि बेटी और दामाद के बीच अविश्वास पनपता है, और अंततः रिश्ता टूटने की कगार पर पहुँच जाता है। एक और गंभीर पहलू है भावनात्मक ब्लैकमेल। हमने तुम्हारे लिए क्या-क्या नहीं किया, हमारे कारण तुम इस मुकाम पर हो, अगर हमारी बात नहीं मानी तो लोग क्या कहेंगे–ऐसे वाक्य बच्चों को मानसिक रूप से जकड़ लेते हैं। वे अपनी खुशी, अपने रिश्ते और अपने सपनों की कीमत पर भी माता-पिता को खुश रखने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह दबा हुआ असंतोष किसी न किसी दिन विस्फोट बनकर सामने आता है। समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब समाज भी इस मानसिकता को बढ़ावा देता है। हर विवाद में सबसे पहले सवाल बहू से किया जाता है–क्या किया तुमने? बेटे को मजबूर मान लिया जाता है और माता-पिता को पीड़ित। इस सामूहिक पूर्वाग्रह के कारण सच्चाई कभी सामने नहीं आ पाती। जिन घरों में माता-पिता की भूमिका नकारात्मक होती है, वहाँ भी उन्हें प्रश्नों से ऊपर रखा जाता है।

# बुढ़ापे का सच्चा साथी कौन?

**परिवार का साथ मानसिक शांति और खुशहाली के लिए जरूरी है। जब स्वास्थ्य या पैसा दोनों ही कम पड़ जाएं, तो परिवार ही वास्तविक सहारा बनता है। पोते-पोतियों और बच्चों के आसपास रहना जीवन को एक नया उद्देश्य और अर्थ देता है। यदि आपके पास अच्छा स्वास्थ्य है, तो आपके लिए पैसा कमाना या रिश्तों का आनंद लेना आसान हो जाता है। लेकिन अगर आपको सिर्फ एक को चुनना हो, तो अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा साथी है। क्योंकि अगर आप स्वस्थ हैं, तो आप खुश रहेंगे, आपके रिश्ते मजबूत रहेंगे, और आप अपनी बची हुई पूंजी को बेहतर तरीके से प्रबंधित कर पाएंगे। पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बाद जवानी में हर इनसान मेहनत करके पैसा कमाता है ताकि वह सुकून से अपना बुढ़ापा गुजार सके। इसीलिए रिटायरमेंट की उम्र भी 60 वर्ष रखी गई है। मगर इस समय लोगों पर आर्थिक दबाव और महंगाई की मार पड़ रही है। इसे झेल पाना हर किसी के बस की बात नहीं है।**

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को कम पढ़े-लिखे बुजुर्गों के लिए नौकरियों की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि वे अपना जीवनयापन कर सकें। कुल मिला कर हमें याद रहे कि बुढ़ापे का सम्बन्ध सिर्फ उम्र से नहीं है। बुढ़ापा हमारे अंदर की नकारात्मकता, तनाव, भय, चिंता का सूचक है। उत्साह की कमी, आलस्य को भी यह बतलाता है। पाश्चात्य जगत में ऐसे अनेकों विद्वान हुए हैं जिन्होंने बुढ़ापे में ही अपनी अमर कृतियां लिखीं। जॉन मिल्टन का उदाहरण प्रत्यक्ष है, जिन्होंने अपनी ढलती आयु में पैराडाइज लॉस्ट जैसी रचना की। लियो टॉलस्टाय भी इनमें से एक थे। हमारे देश में भी ऐसे बहुत से लोग हुए हैं, जिन्होंने वृद्धावस्था में ऐसे ऐसे काम किए, जो नौजवान भी नहीं कर सकते थे३

आजकल बुढ़ापे में अनेक लोगों का बुरा हाल और दुर्गति होती नजर आ रही है। इसके अनेक कारण हो सकते हैं, जैसे कि यदि आपने समुचित रूप से भविष्य के लिए धन संचित नहीं किया हो, यदि आपने जीवन भर दूसरों के साथ छल किया हो, यदि आपने अपनी संतानों को केवल अपना स्वार्थ साधने की शिक्षा दी हो, यदि आपने अपने जीवन को कोई सही दिशा नहीं दी हो, यदि आप अपने जीवनसाथी के प्रति निष्ठावान नहीं रहे हों। यदि परोपकार और क्षणिक सुख में आपने क्षणिक सुख को अधिक महत्त्व दिया हो। यदि आपने खुद को मशीन मानते हुए रिटायरमेंट को जीवन का अंत मान लिया हो। इसके अलावा भी अनेक और कारण गिनाए जा सकते है। वो लोग जो अपना पूरा जीवन पैसा कमाने और जोडऩे में गंवा देते हैं, अपने परिवार की अपेक्षा बस पैसा बनाने में अपना जीवन खपा देते हैं या व्यर्थ कर देते हैं, ऐसे लोग जिन्होंने हंसना कभी सीखा ही नहीं होता, ऐसे निरर्थक व्यक्ति जब अशक्त हो जाते हैं, तब उन्होंने जो परिवार में अभाव, असंतुष्टि के बीज बोये होते हैं, उस फसल को काटने का समय आ जाता है, और फिर उन्हें वही सब परिवार और सगे सम्बन्धियों से मिलता है अर्थात उपेक्षा, तिरस्कार, ताने, व्यंग इत्यादि शामिल है। इसके विपरीत जो व्यक्ति अपने जीवन में आपने परिवार को धन अर्जन की अपेक्षा प्राथमिकता देते हैं, सारा समय प्रसन्न रहते, अपनी कमाई से सन्तुष्ट रहते हैं, अपने इष्ट मित्रों को पूरा समय और सम्मान देते हैं और अपने शरीर और स्वास्थ्य को व्यापार की बजाय प्रथम स्थान पर रखते हैं, मृत्यु को अटल सत्य मानकर वृद्धावस्था का भी आनन्द लेते हैं, वे न तो कभी सनकी होते हैं और न ही कभी उपेक्षित। जरा संजीदगी से विचारें तो बुढ़ापे का सबसे बड़ा साथी कौन होता है, यह एक गहरा सवाल है और इसका जवाब हर व्यक्ति के लिए थोड़ा अलग हो सकता है। लेकिन अगर एक सबसे बड़े साथी की बात करें, तो ज्यादातर लोग मानेंगे कि अच्छा स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है। अच्छा स्वास्थ्य बुढ़ापे का आधार है। इसके बिना, पैसा और रिश्तेदार दोनों का महत्व कम हो जाता है। अच्छा स्वास्थ्य आपको स्वतंत्र रखता है। आप अपने काम खुद कर पाते हैं और किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता, जो बुढ़ापे में आत्म-सम्मान और गरिमा के लिए बहुत जरूरी है। अगर स्वास्थ्य खराब है, तो सारा पैसा इलाज और दवाओं पर खर्च हो जाता है। अच्छा स्वास्थ्य पैसे को बचाता है। आप स्वस्थ हैं तभी रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बिताने और उनका साथ खुशी से महसूस करने में सक्षम होंगे। बीमार शरीर के साथ हर रिश्ता एक बोझ जैसा लग सकता है। पैसा बुढ़ापे में सुरक्षा और सुविधा प्रदान करता है, खासकर जब स्वास्थ्य डगमगाने लगे। पैसा आपको एक अच्छी जीवनशैली बनाए रखने, अपनी जरूरतों को पूरा करने और किसी पर निर्भर न होने का आत्मविश्वास देता है। यदि स्वास्थ्य बिगड़ता है, तो पैसा ही आपको सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधाएं और देखभाल (नर्सिंग या सहायक) प्रदान कर सकता है। पैसा आपको अपनी इच्छानुसार यात्रा करने या शौक पूरे करने की आजादी देता है। इसके साथ ही रिश्तेदार और परिवार बुढ़ापे में भावनात्मक समर्थन और अकेलेपन से मुक्ति देते हैं। बुढ़ापे में अकेलापन एक बड़ी समस्या है। परिवार का साथ मानसिक शांति और खुशहाली के लिए जरूरी है। जब स्वास्थ्य या पैसा दोनों ही कम पड़ जाएं, तो परिवार ही वास्तविक सहारा बनता है। पोते-पोतियों और बच्चों के आसपास



रहना जीवन को एक नया उद्देश्य और अर्थ देता है। यदि आपके पास अच्छा स्वास्थ्य है, तो आपके लिए पैसा कमाना या रिश्तों का आनंद लेना आसान हो जाता है। लेकिन अगर आपको सिर्फ एक को चुनना हो, तो अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा साथी है। क्योंकि अगर आप स्वस्थ हैं, तो आप खुश रहेंगे, आपके रिश्ते मजबूत रहेंगे, और आप अपनी बची हुई पूंजी को बेहतर तरीके से प्रबंधित कर पाएंगे। पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बाद जवानी में हर इनसान मेहनत करके पैसा कमाता है ताकि वह सुकून से अपना बुढ़ापा गुजार सके। इसीलिए रिटायरमेंट की उम्र भी 60 वर्ष रखी गई है। मगर इस समय लोगों पर आर्थिक दबाव और महंगाई की मार पड़ रही है। इसे झेल पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। प्राइवेट जॉब में पेंशन न होने के चलते लोगों को बुढ़ापे में काफी समस्याओं को झेलना पड़ता है। ऐसा ही कुछ दक्षिण कोरिया में हो रहा है, जहां की लगभग आधी वृद्ध आबादी नौकरियों की तलाश कर रही है। यह चौंकाने वाला खुलासा सरकार द्वारा जारी आंकड़ों से हुआ। आंकड़ों के अनुसार दक्षिण कोरिया में 65 साल से ज्यादा उम्र के आधे बुजुर्ग नौकरियां करना चाहते हैं। इनमें से लगभग 20 फीसदी लोगों ने इस दौरान नौकरियों की तलाश भी की। इस सर्वे के नतीजों से पता चलता है कि 65 से 79 वर्ष के 55.7 फीसदी बुजुर्ग आर्थिक चुनौतियों से परेशान हैं और वो काम करना चाहते हैं। इससे एक साल पहले यही आंकड़ा 54.8 फीसदी था। साल 2013 से अगर तुलना करें तो उस समय नौकरी तलाश कर रहे बुजुर्गों का आंकड़ा सिर्फ 43.6 फीसदी था। कोरिया एम्प्लॉयमेंट इन्फॉर्मेशन सर्विस ने बताया कि सर्वे के आधार पर जो विश्लेषण किया, उसमें हैरान करने वाले नतीजे आए हैं। बुजुर्गों में पैसा कमाने की जरूरत बढ़ती ही जा रही है। साल 2013 से लेकर अब तक 10 सालों में नौकरी की चाहत रखने वाले उम्रदराज लोगों का आंकड़ा 12.1 फीसदी उछल चुका है। यह चिंताजनक आंकड़ा है। यदि इस रिपोर्ट के अन्य नतीजों पर नजर डालें तो पता चलेगा कि नौकरी की तलाश कर रहे बुजुर्गों में 65 फीसदी पुरुष और 47 फीसदी महिलाएं हैं। इनसे बातचीत में जो कारण निकलकर सामने आया, वह हैरान कर देने वाला था। ये सभी सिर्फ आर्थिक चुनौतियों के चलते नौकरी तलाशने को मजबूर हो रहे हैं। पिछले एक साल में 19 फीसदी पुरुष और 18 फीसदी बुजुर्ग महिलाएं नौकरी की तलाश में निकले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को कम पढ़े-लिखे बुजुर्गों के लिए नौकरियों की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि वे अपना जीवनयापन कर सकें। कुल मिला कर हमें याद रहे कि बुढ़ापे का सम्बन्ध सिर्फ उम्र से नहीं है। बुढ़ापा हमारे अंदर की नकारात्मकता, तनाव, भय, चिंता का सूचक है। उत्साह की कमी, आलस्य, प्रमाद को भी यह बतलाता है। पाश्चात्य जगत में ऐसे अनेकों विद्वान हुए हैं जिन्होंने बुढ़ापे में ही अपनी अमर कृतियां लिखीं। जान मिल्टन का उदाहरण प्रत्यक्ष है, जिन्होंने अपनी ढलती आयु में पैराडाइज लॉस्ट जैसी रचना की। लियो टॉलस्टाय भी इनमें से एक थे। हमारे देश में भी ऐसे बहुत से लोग हुए हैं, जिन्होंने वृद्धावस्था में ऐसे ऐसे काम किए, जो नौजवान भी नहीं कर सकते थे। हमारे सीनियर सिटिजन इसी सोच से जिंदगी काटें तो बेहतर है।

डा. वरिंदर भाटिया

# सृष्टि में ऊर्ज़ा का नवसंचार करने वाला पर्व - मकर संक्रांति

**मृत्युंजय दीक्षित**

शीत ऋतु के मध्य जब सूर्यदेव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उनकी उत्तरायण गति प्रारम्भ होती है, तब मकर संक्रांति होती है। यह पर्व सृष्टि में उर्ज़ा का नवसंचार करने वाला पर्व है। मकर संक्रांति के दिन जप, तप, दान, स्नान, श्रद्धा, तर्पण आदि धार्मिक विधि विधान व कर्मों का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दिया गया दान सौ गुना बढ़कर प्राप्त होता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, गौ, स्वर्ण, ऊनी, वस्त्र, कम्बल आदि दान करने का विशेष महत्व है। । इस दिन गंगा स्नान एवं गंगातट पर दान का विशेष महत्व है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगा सागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। इस संक्रांति से सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं।

इस पर्व का का सम्बन्ध हमारे पौराणिक इतिहास से भी है। इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। महाभारत काल में इसी दिन भीष्म पितामह ने अपनी देह का त्याग किया था। आज ही के दिन गंगाजी भगीरथ के पीछे- पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। इसी दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी और यही कारण है कि इस पर्व को बुराइयों और नकारात्मकता समाप्त करने का पर्व कहा जाता है। वैज्ञानिक मान्यता है कि इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा सूर्य का ताप बढ़ने लगता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश का वातावरण अधिक होता है अतः सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना गया है। प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चैतन्यता एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती हैं।

इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत में सूर्य देव की उपासना, आराधना एवं पूजन करने का विधि-विधान है। हरियाणा और पंजाब में यह पर्व लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल गुड़ चावल और भुने हुए मुक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिल चौली कहा जाता है। इस दिन पारम्परिक मक्के की रोटी व सरसों के साग का आनंद भी उठाया जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पर्व दान का पर्व है। तीर्थराज प्रयाग में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर विशाल मेला लगता है, जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है। उसी दिन से मांगलिक कार्यों भी आरम्भ हो जाते है। माघ मेला स्नान पौष पूर्णिमा से शिवरात्रि तक चलता है।उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में गोरखनाथ मंदिर में विशाल मेला लगता है जो खिचड़ी मेले के नाम से प्रसिद्ध है। इस अवसर पर नेपाल के राज परिवार की ओर से गोरक्षनाथ को प्रथम खिचड़ी अर्पित होती है।राज्य की सभी नदियों के तट पर स्नान तथा व दान पर्व होता है।इस दिन दान के उपरांत खिचड़ी खाने एवं खिलाने का बड़ा महत्व है।तमिलनाडु में इस पर्व को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाया जाता है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है।जिसे पोंगल कहते हैं। इसके बाद सूर्यदेव को भोग लगाया जाता है। कर्नाटक, केरल व आंध्रप्रदेश में इसे संक्रांति ही कहते हैं। बिहार में भी इस पर्व को खिचड़ी नाम से ही जाना जाता हैं।महाराष्ट्र में भी यह पर्व बड़े धूमधाम व उमंग के साथ मनाया जाता है यहाँ इस दिन महिलाएं आपस में तिल, गुड़ एवं रोली और हल्दी बांटती है। वहीं बगाल में इस पर्व पर तिल दान करने की प्रथा है। यहां गंगासागर में प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है।असोम में मकर संक्रांति को माघ बिहु अथवा भोगाली बिहू के नाम से मनाया जाता हैं।गुजरात में मकर संक्रांति पर दान स्नान के साथ साथ पतंग उड़ाने का भी प्रचलन है जिसमें भारी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक तथा बड़ी- बड़ी हस्तियां हिस्सा लेती हैं। मकर सक्रांति का पर्व पूरे भारत को एक सूत्र में जोड़ने वाला उत्साह, उमंग और उल्लास का पर्व है। यह समाज को सकारात्मक विचार प्रदान करने वाला पर्व है। सामाजिक एकीकरण का पर्व है हिन्दुओं की साझी परंपरा का पर्व है। हमें इस आध्यात्मिक ऊ.र्ज़ा से भरे पर्व की राष्ट्रीय सार्थकता को समझते हुए इसके मूल स्वरूप को बचाए रखने का प्रण लेकर इसे उपभोक्तावाद से संरक्षित करना होगा।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में गाजर को अवश्य करें डाइट में शामिल, मिलेंगे यह जबरदस्त लाभ

सर्दी का मौसम आते ही बाजार में लाल-लाल गाजर बेहद सस्ते दाम में मिलने लगती हैं। इतना ही नहीं, इस मौसम में लोग गाजर की सब्जी से लेकर उसका जूस तक पीना पसंद करते हैं। यूं तो गाजर को कई तहर से खाया जाता है लेकिन क्या आप इससे मिलने वाले फायदों से वाकिफ हैं। नहीं न, तो चलिए जानते हैं गाजर से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? गाजर में कई तरह के पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। खासतौर से इसमें बीटा कैरोटीन, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी 1, कई तरह के खनिज लवण व एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। गाजर का सेवन आंखों के लिए विशेष रूप से लाभदायी माना गया है। ऐसा इसमें मौजूद बीटा कैरोटीन व विटामिन ए की वजह से होता है। इसलिए जो लोग गाजर का सेवन पर्याप्त मात्रा में करते हैं, उनकी आंखों की रोशनी लंबे समय तक दुरूस्त तो रहती है ही, साथ ही रतौंधी व मोतियाबिंद जैसी बीमारियां होने की आशंका भी कम हो जाती है। समय के पहिए को रोक पाना भले ही किसी के लिए संभव न हो लेकिन लंबे समय तक जवां बने रहने के लिए कुछ उपाय तो किए ही जा सकते हैं। इन्हीं में से एक है गाजर का सेवन करना। दरअसल, इसमें बीटा?कैरोटीन और एंटी?ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो विभिन्न कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं और एजिंग के साइन्स को लंबे समय तक आने से रोकते हैं। इतना ही नहीं, गाजर का सेवन रूखी त्वचा, पिंपल्स, पिगमेंटेशन आदि समस्या से भी निजात दिलाते हैं। गाजर हृदय के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। दरअसल, इसमें कैरोटीनॉयड्स पाए जाते हैं जो किसी भी तरह के हृदय रोग की आशंका को कम करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें बीटा?कैरोटीन के साथ?साथ अल्फा कैरोटीन और ल्यूटिन भी पाया जाता है। गाजर का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी नियंत्रित करने में मदद करता है। गाजर प्लैक और खाद्य कणों को मुंह से निकालकर दांतों व पूरे मुंहे की सफाई करने का काम करता है। ठीक उसी तरह, जिस प्रकार एक टूथब्रश व टूथपेस्ट अपना काम करता है। गाजर में पाए जाने वाले मिनरल्स दांतों को किसी भी तरह की क्षति से बखूबी बचाते हैं।

## धर्म मंत्र

# मकर संक्रांति पर तिल से पूजा भी करें और तिल खाएं भी, होगा बड़ा लाभ

हिन्दू धर्म का एक विशेष पर्व माने जाने वाले मकर संक्रांति के अवसर पर लोग सिर्फ पूजा-पाठ, स्नान या दान ही नहीं करते। बल्कि इस दिन तिल खाने और उसे दान करने का एक विशेष महत्व है। यूं तो इस दिन तिल के अतिरिक्त चावल, उड़द की दाल, मूंगफली या गुड़ आदि का भी सेवन किया जाता है परंतु तिल का एक अलग ही महत्व है। लोग अन्य कोई चीज खाएं या न खाएं, लेकिन तिल को किसी न किसी रूप में शामिल अवश्य करते हैं। मकर संक्रांति के दिन तिल की महत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस पर्व को ''तिल संक्रांति'' के नाम से भी पुकारा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वास्तव में इस दिन तिल को इतना महत्व क्यों दिया जाता है। नहीं न, तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं? मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, इसलिए इस पर्व को मकर संक्रांति कहकर पुकारा जाता है और मकर के स्वामी शनि देव हैं। सूर्य और शनि देव भले ही पिता?पुत्र हैं लेकिन फिर भी वे आपस में बैर भाव रखते हैं। ऐसे में जब सूर्य देव शनि के घर प्रवेश करते हैं तो तिल की उपस्थिति के कारण शनि उन्हें किसी प्रकार का कष्ट नहीं देते। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि तिल शनि प्रिय वस्तु है। शनि व्यक्ति के पूर्व जन्म के पापों का प्रायश्चित करवाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन अगर तिल का दान व उसका सेवन किया जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं और उनका कुप्रभाव कम होता है। जो लोग इस दिन तिल का सेवन व दान करते हैं, उनका राहु व शनि दोष निवारण बेहद आसानी से हो जाता है।

## पर्यटन



# अंडमान निकोबार के खूबसूरत बीच, छुट्टियों में जरूर जाएं

दुनिया में घूमने के लिए बहुत से खूबसूरत बीच हैं जहां पर आप अपनी छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं। अगर आप भी वेकेशन में बीच पर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो अंडमान निकोबार आपके लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां पर बहुत सारे बीच हैं जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे। अंडमान जाने के लिए अक्टूबर से मार्च तक का समय सबसे अच्छा माना जाता है। गर्मियों के उमस भरे मौस में यहां पर जाना ठीक नही रहेगा। यात्रा कष्टमयी हो सकती है। राधानगर बीच- हैवलॉक का राधानगर बीच अंडमान निकोबार के बेस्ट बीचेस में से एक है। यह एक मैगजीन द्वारा दुनिया के 7 वें बेस्ट बीच के रैंक में शामिल हो चुका है। यहां की रेत स्पार्क जैसी है जो सनसेट में चमकती है। इसके अलावा यहां पर स्नोर्कलिंग, फिसिंग गेम, स्वीमिंग और स्कूबा डाइविंग आदि काफी फ़ेमस है। इसका आप खूब आनंद ले सकते हैं। एलीफेंट बीच- एलीफेंट बीच भी अंडमान और निकोबार समुद्र तट पर स्थित है। यह भी इन खूबसूरत बीच में से एक है। हैवलॉक द्वीप से इस बीच में जानें के लिए आप नाव से या फिर जंगल के रास्ते से जा सकते हैं। आपको 30 मिनट की दूरी तय करनी पड़ेगी। यहां के समुद्र तट का पानी नेवी है। यहां पर आपको अलग तरह के समुद्री जीव और स्नॉर्कलिंग देखने को मिलेंगे। विजयनगर बीच- हैवलॉक का विजयनगर बीच भी काफी शानदार है। यहां पर आप पानी को हवा में उछलने का अच्छा नजारा देख सकते हैं। यह तैराकी, नौकायन, फोटोग्राफी और वाटर सर्फिंग के लिए यह बीच बहुत परफ़ेक्ट माना जाता है। इस बीच में समुद्र के नीले पानी के किनारे, पेड़ों की छाव का नजारा आप देख सकते हैं। यह जगह बहुत ही खूबसूरत है जो लोगों को अपनी तरफ खिंचता है। काला पत्थर बीच-काला पत्थर बीच का नाम सुनने में थोड़ा अटपटा है लेकिन इसका नजारा बेहद ही खूबसूरत है हैवलॉक आईलैंड में आने वाले पर्यटक यहां पर खूब मस्ती करते हैं।

# प्रशासन का जन हित में साहसिक निर्णय,महावीर मार्ग से हटेगी मछली मंडी

## उच्च न्यायालय ने भरी हामी.! हटेगी सब्जी मंडी भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भगवान महावीर मार्ग पर स्थित मछली मांस मंडी को हटाने का नगर पालिका प्रशासन का निर्णय वाकई साहसिक और प्रशंसनीय है! इससे न केवल सड़क की स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। कई शहरों में इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं, जैसे कि अंबेडकरनगर में मांस-मछली मंडी को शहर के बाहर स्थानांतरित करने की योजना।





जिला प्रशासन की कार्य योजना नगर पालिका परिषद नवाबगंज के इस दूरदृष्टि पूर्ण निर्णय पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ लखनऊ द्वारा सहमति से स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों को भी लाभ होगा, क्योंकि इससे क्षेत्र की स्वच्छता और सौंदर्य में वृद्धि होगी।

'' व्यापारियों व नागरिकों में खाशी प्रसन्नता''

रेलवे स्टेशन से शहर की हृदयस्थली धनोखर तालाब और छाया चौराहा तक ''भगवान महावीर मार्ग से मछली मंडी स्थानांतरित की जाएगी। मछली मंडी हटाने की मांग नगर के नागरिक और बाहर से आने वाले व्यवसाइयों द्वारा वर्षों की जा रही थी। इच्छा शक्ति का अभाव की बदबू और गंदगी से निजात की पहल नहीं की गई। वर्तमान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का जज़्बा कि अधिशासी अधिकारी की इच्छा शक्ति को बल मिला। बरसों से जन सामान्य व अल्पसंख्यकों महावीर स्वामी अनुयायियों द्वारा की जा रही मांग का संज्ञान लेकर नगर पालिका प्रशासन ने मछली बिक्रेताओं को अलग विस्थापित की कार्य योजना को मूर्त रूप दिया। प्रशासन की नेक नियति शायद लोगों के गले नहीं उतरी और उन्होंने लोगों को उकसाया। फल स्वरुप कुछ जन मछली बिक्रेता हाईकोर्ट चले गए थे। उच्च न्यायालय में नगर पालिका ने भी अपना पक्ष रखते हुए बताया कि मछली मंडी को माल गोदाम रोड पर अस्थाई रूप से स्थापित किया जाएगा। कुछ दिन बाद स्थाई व्यवस्था की जाएगी।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि हाईकोर्ट ने नगर पालिका के जवाब पर संतोष जताया। फल स्वरुप माल गोदाम रोड पर अस्थाई टिनशेड बनवाए जा रहे हैं।

इसी के साथ बस स्टेशन से जवाहर लाल नेहरू डिग्री कॉलेज (जनेस्मा) के सामने लगने वाली सब्जी मंडी भी माल गोदाम रोड पर सांई मंदिर के निकट स्थानांतरित किए जाने की कार्य योजना तय है। नगर पालिका प्रशासन ने इस योजना को अमली जामा पहनाते हुए मंगलवार को जनेस्मा के सामने पटरी के सब्जी विक्रेताओं को नगर पालिका के अहलकारों द्वारा माल गोदाम रोड सांई मंदिर के निकट नई बाजार स्थल पहुंचाया गया।

''अंबेडकर नगर, जहां विस्थापित हुए मांस मछली विक्रेता''।

उत्तर प्रदेश के जनपद अंबेडकरनगर में मांस-मछली की दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया चुका? है।

## समाजवादी पुरोधा असर्फी लाल की पुण्यतिथि , भव्य आयोजन कल

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक नेता एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय मास्टर अशर्फी लाल यादव जी की 11वीं पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आगामी 16 जनवरी दिन शुक्रवार समय 11 बजे दिन में उनकी समाधि स्थल अशर्फी लाल यादव जनता मोंटेसरी स्कूल के प्रांगण में परंपरागत रूप से मनाई जाएगी। विदित हो कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूर्व विधायक स्वर्गीय मास्टर अशर्फी लाल यादव जी की 11वीं पुण्यतिथि का आयोजन अशर्फी लाल यादव जनता मोंटेसरी स्कूल के प्रांगण में आगामी 16 जनवरी को 11बजे दिन में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय अशर्फी लाल यादव जी के तमाम मित्रगण सहयोगी प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता विधायक पूर्व मंत्री सम्मिलित होंगे जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उनके साथियों व सहयोगियों के पहुंचने की अपील की गई है उक्त जानकारी जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने दी है।

## बार चुनाव, प्रत्याशी व समर्थको द्वारा जनसंपर्क

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चल रहे चुनावी गहमा-गहमी के बीच आज अजय शंकर श्रीवास्तव के समर्थको ने जिला टैक्स बार एसोसिएशन पहुंच कर समर्थन जुटाया। इसके साथ-साथ परेश मिश्रा के साथियो ने भी जन सम्पर्क किया। कल मकर संक्रांति का अवकाश घोषित हो जाने के कारण चुनाव प्रचार का आखिरी दिन था। स्थानीय प्रत्याशी रीतेश मिश्रा ने भी अपने दल-बल के साथ अधिवकताओ से सीधे संपर्क साधा। इस मौके पर टैक्सेसन के वरिष्ठ अधिवक्ता राम जी श्रीवास्तव, सुशील गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, ब्रजेश यादव, आलोक श्रीवास्तव, सर्वेश श्रीवास्तव, राजन चतुर्वेदी व हनुमान प्रसाद वर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

## भागवत सप्ताह यादगार समापन, कथा व्यास को भावभीनी विदाई

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम बलवन्तपुर भनमतिया स्थित बाबा दास कुटी पर आयोजित दिव्य श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ भव्य एवं विधिवत समापन हुआ था । कथा समापन के उपरांत बुधवार को कथावाचक वेद प्रकाश जी महाराज की भक्तों द्वारा अत्यंत भावुक वातावरण में विदाई की गई। विदाई समारोह में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा परिसर हरि बोल, जय श्रीकृष्ण एवं राधे-राधे के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा के दौरान वेद प्रकाश जी महाराज द्वारा किए गए ओजस्वी प्रवचनों ने श्रद्धालुओं के हृदय को छू लिया और उनके मन-मस्तिष्क पर गहरी आध्यात्मिक छाप छोड़ी।

विदाई के समय श्रद्धालु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आतुर दिखाई दिए। अनेक भक्तों की आंखें नम थीं और चेहरों पर भावुकता के भाव स्पष्ट झलक रहे थे। श्रद्धा, विश्वास और भक्ति से ओतप्रोत यह क्षण सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया। इस अवसर पर राजाराम, राम आदेश यादव, बृजेश कुमार, सहजराम, मोहित यादव, पवन कुमार, शिवम, दयाराम यादव, ग्राम प्रधान उमेश कुमार, सौरभ कुमार, नौमी लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## युवा पखवाड़ा एबीवीपी की संगोष्ठी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मनाये जा रहे युवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर इकाई फतेहपुर द्वारा सर्वजीत इंटर कॉलेज मे संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मंच पर आदित्य श्रीवास्तव(प्रान्तकार्यकारणी सदस्य अवध प्रान्त), सुधांशु जी(प्रधानाचार्य), उमंग श्रीवास्तव(कार्यक्रम सयोजक)जी रहे। विवेकानंद जी के जीवान यात्रा वा आधुनिक युवा पीढ़ी संगठन का कैसे समावेश हो इस पर आदित्य जी ने प्रकाश डाला।सामूहिक वन्देमातरम कराकर इस संगोष्ठी को समाप्त किया गया सत्यम जी(विद्यालय आचार्य), आनंद जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीएलओ के कार्य से मुक्त हों शिक्षक ! बुनियादी शिक्षा बेपटरी-राकेश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिक्षकों को बीएलओ के कार्य से मुक्त किये बिना परिषदीय विद्यालयों के पठन पाठन के माहौल को गुणवत्तापूर्ण बनाये रखना अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में लगातार कई माह से शिक्षक सम्पूर्ण विद्यालय स्टाफ के साथ संलग्न हैं ।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उ.प्र के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने उ प्र.शासन से मांग की है कि परिषदीय शिक्षकों को बीएल, ओबी एल ए तथा पर्यवेक्षक के कार्य से मुक्त किया जाए । गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए ऐसा किया जाना शिक्षा , शिक्षक एवं छात्रहित हेतु आवश्यक है ।शीतकालीन अवकाश के बाद सत्र परीक्षाएं प्रस्तावित हैं । विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान और शीतकालीन अवकाश के बाद सत्र परीक्षाएं और निपुण आकलन का आयोजन होने से पठन-पाठन का माहौल पटरी पर कैसे लाया जाए यह शिक्षकों के सामने कठिन चुनौती है। शिक्षक ,शिक्षामित्र ,अनुदेशक और प्रधानाध्यापक भी बूथ लेवेल ऑफिसर ,पदाविहित अधिकारी और पर्यवेक्षक के पद पर गहन पुनरीक्षण अभियान में लगाए गये हैं। शीतकालीन अवकाश के बीच शिक्षकों को मीटिंग और बीएलओ /बी एलए/ पर्यवेक्षक ड्यूटी के नाम पर अवकाश के दिनों में भी ड्यूटी पर बुलाया गया है।अवकाश आदि की सुविधा को समाप्त कर दिये जाने की जानकारी उच्चाधिकारी गण द्वारा संगठन प्रतिनिधियों को दी गयी है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने बताया शिक्षकों के गैर शैक्षणिक कार्यों में लगे होने से परिषदीय विद्यालयों की पठन पाठन प्रक्रिया बेपटरी हो रही है।

## सिविल कोर्ट में मकर संक्रान्ति अवकाश आज

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिविल कोर्ट व अधिनस्थ सिविल कोर्ट हैदरगढ़,ग्राम न्यायालय राम नगर तथा सिरौलीगौसपुर ग्राम न्यायालय आज 15 जनवरी को मकर संक्रान्ति अवकाश के कारण बंद रहेंगे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार की ओर से जारी आदेश के उल्लेख में जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा मकर संक्रान्ति अवकाश का आदेश निर्गत किया गया है।उत्तर प्रदेश सरकार ने एन आई एक्ट के तहत यह अवकाश घोषित किया इसी के तहत माननीय उच्च न्यायालय ने अधिनस्थ न्यायालयों में अवकाश घोषित किया है।

## शिवलिंग लेकर पहुंचे नाग देवता, हलचल

रामनगर बाराबंकी। थाना क्षेत्र के बिचलखा गांव में शिवलिंग प्रकट होने की रहस्यमयी घटना से गांव में आस्था और उल्लास का माहौल है।ग्रामीण रामप्रताप यादव के द्वार पर रात में एक काला सर्प छोटे से शिवलिंग को अपनी पूंछ में लपेटे दिखाई दिया।परिजनों द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद सर्प गायब हो गया शिवलिंग वहीं रह गई।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे।ग्रामीण इसे शिवजी का चमत्कार मान रहे हैं।फिलहाल शिवलिंग को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है यहां पर मंदिर निर्माण हेतु ग्रामीणों में विचार विमर्श चल रहा है।

## नेताजी जी की जयंती पर पुलिस लाइन मे ब्लैक आउट मॉक ड्रिल कार्यक्रम, डीएम ने की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश दिवसऽ2026 के अवसर पर तथा महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 23 जनवरी 2026 को मनाए जाने वाले *नागरिक सुरक्षा दिवस* के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ की गई।

इस दौरान अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशों के क्रम में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन, बाराबंकी में किया जाएगा। जिसमे 23 जनवरी को शाम 6 बजे सायरन बजाकर ब्लैक आउट अभ्यास कराया जाएगा, जिसके दौरान विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु विभागीय तैयारियों का व्यवहारिक परीक्षण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, विद्युत, नगर निकाय, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा संगठन एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समस्त तैयारियाँ समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार एवं आपात सेवाओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए गए कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया जाए। नागरिक सुरक्षा दिवस के अंतर्गत आयोजित सभी कार्यक्रम शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाएं। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित जिला युवा कल्याण अधिकारी का बेतन बाधित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) निरंकार सिंह,एएसपी उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## परंपरागत आयोजन बंदरों का खिचड़ी भोज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसरांय कस्बे की प्रमुख समाजसेवी ज्योति गुप्ता ने मकर संक्रांति के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस बार भी बंदर भोज कराया। बुधवार को समाजसेवी ज्योति गुप्ता ने बदोसरांय कस्बे में मातन मंदिर विदुर आश्रम, टिकुरी पुरनिया, मरकामऊ सहित कई स्थानों पर एकत्रित बंदरों को खिचड़ी, फल, लाई और लड्डू खिलाए। इस दौरान बंदरों को विशेष रूप से तैयार की गई खिचड़ी के साथ-साथ केला, लाई और लड्डू जैसे खाद्य पदार्थ खिलाए गए।ज्योति गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनुष्यों को तो सभी खिलाते हैं, लेकिन बेजुबान जानवरों की देखभाल पर कम ध्यान दिया जाता है। इसी विचार के साथ हर साल मकर संक्रांति पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।इस अवसर पर गांव के ही नन्हा मौर्या, गोविंद मौर्या, बृजेश यादव और अनिल कनौजिया सहित कई अन्य सहयोगी भी उपस्थित रहे।

## 15 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी।पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार किया है।अभियुक्त पर अवैध हथियार, पशु क्रूरता, व एनडीपीएस एक्ट के तहत जिले के कई थानों, कोठी, रामसनेहीघाट व जैदपुर तथा बहराइच जिला समेत 28 मुकदमेंअपराध दर्ज है। बताते हैं कि बीती रात पुलिस टीम अपराध नियंत्रण के लिए गश्त कर रही थी तभी भनौली नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध अपराधी की मौजूदगी का पता चला।पुलिस ने संदिग्ध को रुकने का इशारा किया। उसने अपने को गिरा देख? पुलिस पर फायर झोका और भागने का प्रयास किया। पुलिस जवाबी कार्रवाई में परपर गोली मारी। पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। आरोपी की पहचान मोहम्मद वसीम पुत्र मुन्ना, निवासी ग्राम जमलापुर, थाना असन्द्रा के रूप में हुई है। वसीम पर 15000 का इनाम घोषित है।



## फागुनी मेला, तहसील प्रशासन हुआ सजग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। आगामी फाल्गुनी मेला 2026 के दृष्टिगत तहसील प्रशासन अलर्ट हुआ है। एसडीएम गुंजिता अग्रवाल ने आज मेला परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तहसीलदार विपुल सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी कोतवाल अनिल कुमार पांडेय सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान मेला परिसर में साफ सफाई जलभराव पेयजल व्यवस्था और बैरिकेडिंग का जायजा लिया गया।उपजिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग व मंदिर समिति को निर्देश दिए कि मेला शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं।उन्होंने कहा कि फाल्गुनी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुविधा और स्वच्छता की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।साथ ही निरीक्षण में पाई गई कमियों को शीघ्र दूर कराने के निर्देश दिए गए।



## बार काउंसिल चुनाव रितेश और अजय ने साधा संपर्क, प्रचार का अंतिम दिवस

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चल रहे चुनावी गहमा-गहमी के बीच आज अजय शंकर श्रीवास्तव के समर्थको ने जिला टैक्स बार एसोसिएशन पहुंच कर समर्थन जुटाया। इसके साथ-साथ परेश मिश्रा के साथियो ने भी जनसम्पर्क किया। कल मकर संक्रांति का अवकाश घोषित हो जाने के कारण चुनाव प्रचार का आखिरी दिन था। स्थानीय प्रत्याशी रीतेश मिश्रा ने भी अपने दल-बल के साथ अधिवकताओ से सीधे संपर्क साधा। इस मौके पर टैक्सेसन के वरिष्ठ अधिवक्ता राम जी श्रीवास्तव, सुशील गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, ब्रजेश यादव, आलोक श्रीवास्तव, सर्वेश श्रीवास्तव, राजन चतुर्वेदी व हनुमान प्रसाद वर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

## भव्य भंडारा के साथ भागवत कथा सम्पूर्ण

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड क्षेत्र के ओदार ग्राम पंचायत में स्थित बजरा भवानी माता मंदिर परिसर में बीते 10 जनवरी से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आज विशाल भंडारे के साथ श्रद्धापूर्वक समापन हुआ। अंतिम दिवस पर सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे और उन्होंने कथा के अमृतमय प्रसंगों का रसपान करते हुए भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कथा समापन अवसर पर रामनगर विधायक फरीद महफूज किदवई भी मंदिर परिसर पहुंचे और श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। विधायक के आगमन से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। इस दौरान पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में पवन यादव, जितेंद्र यादव, ज्ञानेंद्र,अशोक सिंह, बलवीर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26: रोहित शर्मा और विराट कोहली को घरेलू साथियों से मिली जमकर सराहना

एजेंसी

नई दिल्ली । विजय हजारे ट्रॉफी (वीएचटी) 2025-26 में भारत के दिग्गज क्रिकेटरों रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी ने न सिर्फ दर्शकों बल्कि उनके घरेलू टीम के साथियों को भी गहराई से प्रभावित किया है। मुंबई और दिल्ली की टीमों के खिलाड़ियों ने इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की है। यह टूर्नामेंट 23 दिसंबर से शुरू हुआ है, जबकि फाइनल मुकाबला 18 जनवरी को खेला जाएगा।

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने इस सीज़न में दो-दो मुकाबले खेले। रोहित ने 2018 के बाद पहली बार घरेलू वनडे क्रिकेट में वापसी की, जबकि कोहली ने करीब 15 साल बाद 2010 के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा लिया। रोहित ने मुंबई की ओर से सिक्किम के खिलाफ पहले मैच में शानदार 155 रन की पारी खेली, हालांकि उत्तराखंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में वह बिना खाता खोले आउट हो गए। वहीं विराट कोहली ने दिल्ली के लिए गुजरात के खिलाफ 77 रन बनाए और इसके बाद आंध्र प्रदेश के खिलाफ 131 रन की यादगार पारी खेली।



बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में मुंबई के सूर्यांश शेडगे, अंगकृष रघुवंशी, मुशीर खान और शम्स मुलानी ने रोहित शर्मा की प्रशंसा की, जबकि दिल्ली के प्रिंस यादव, नवदीप सैनी और रोहन राणा ने विराट कोहली के अनुभव और मार्गदर्शन को सराहा। मुंबई के सूर्यांश शेडगे ने कहा, ल्लपहले दिन जब रोहित भाई अभ्यास सत्र में आए तो मुझे अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। फिर मैं यह जानने के लिए उत्सुक हो गया कि वह कैसे इतने बड़े स्तर तक पहुंचे और देश के लिए इतने खिताब जीते। मैंने अभ्यास के दौरान उन्हें करीब से देखा और महसूस किया कि वह हर समय क्रिकेट के बारे में सोचते रहते हैं और क्रिकेट पर बात करना उन्हें पसंद है। अंगकृष रघुवंशी ने रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा, ल्लमुझे उनके साथ पारी की शुरुआत करने का सौभाग्य मिला। हमने 140 रन की साझेदारी की, जिसमें मेरे सिर्फ 40 रन थे और बाकी रोहित भाई चारों ओर शॉट लगा रहे थे। नॉन-स्ट्राइकर एंड से उनका बल्लेबाज़ी करना देखना जादुई अनुभव था। वह सचमुच एक लीजेंड हैं। दिल्ली के तेज़ गेंदबाज़ प्रिंस यादव ने अभ्यास के दौरान विराट कोहली को गेंदबाज़ी करने के अनुभव को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा, ल्लप्रैक्टिस में उन्हें गेंदबाज़ी करना शानदार अनुभव था। जब आप विराट कोहली जैसे खिलाड़ी को अच्छी गेंद डालते हैं, तो मैदान पर उतरते समय आत्मविश्वास और आक्रामकता अपने आप बढ़ जाती है। मुंबई के ऑलराउंडर शम्स मुलानी ने बताया कि रोहित शर्मा की मौजूदगी से टीम का माहौल पूरी तरह बदल जाता है। उन्होंने कहा, ल्लरोहित भाई जब टीम में आते हैं तो उनकी आभा अलग ही होती है। हर खिलाड़ी उनके सामने अपने खेल को साबित करना चाहता है और यही चीज़ टीम को और गंभीर बना देती है।

दिल्ली के गेंदबाज़ नवदीप सैनी ने टीम बस का एक किस्सा साझा करते हुए कहा, ल्लआमतौर पर विराट भैया बस की पहली सीट पर बैठते हैं, लेकिन एक दिन उन्होंने हमारे साथ पीछे बैठना चुना।

## एआईएफएफ से चर्चा के बाद केरल ब्लास्टर्स फुटबॉल क्लब का आईएसएल में भाग लेने का फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली,। केरल ब्लास्टर्स फुटबॉल क्लब ने बुधवार को फरवरी से शुरू होने वाली इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में अपनी भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि कर दी है।

क्लब के आधिकारिक बयान में कहा गया कि क्लब आगामी इंडियन सुपर लीग में अपनी भागीदारी की पुष्टि करता है, जो फरवरी में शुरू होने वाली है। यह निर्णय अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और अन्य संबंधित पक्षों के साथ व्यापक चर्चा के बाद लिया गया है। क्लब ने हस्तक्षेप और मध्यस्थता के लिए युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय और खेल मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। बयान में आगे कहा गया कि केरल ब्लास्टर्स मौजूदा स्थिति की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा और भारतीय फुटबॉल के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगा।

क्लब ने कहा कि हम जानते हैं कि कई सवाल और चिंताएं हैं और हम स्वयं भी कई मुद्दों पर स्पष्टता हासिल करने की प्रक्रिया में हैं। भारतीय फुटबॉल इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जहां नई आर्थिक, नियामक और खेल संबंधी वास्तविकताएं सामने आएंगी। केरल ब्लास्टर्स हमेशा अपने वर्तमान की रक्षा और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगा। क्लब ने यह भी बताया कि रणनीति को अंतिम रूप देने और लंबित मुद्दों पर स्पष्टता मिलने के बाद जल्द ही उपयुक्त माध्यमों से विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही, प्रशंसकों से धैर्य और समर्थन बनाए रखने की अपील की गई है।

इससे पहले मंगलवार को ओडिशा एफसी ने भी आगामी आईएसएल सीजन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की थी। क्लब ने इंस्टाग्राम पर जारी बयान में भारतीय फुटबॉल की निरंतरता, स्थिरता और दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने के सरकार के उद्देश्य का समर्थन किया था।

इस बीच केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि इंडियन सुपर लीग का नया सीजन 14 फरवरी से शुरू होगा। उन्होंने यह भी बताया कि लीग में शामिल सभी 14 क्लबों ने इस सीजन में खेलने पर सहमति जता दी है। मांडविया ने कहा, ल्लहमने फैसला किया है कि आईएसएल 14 फरवरी, शनिवार से शुरू होगी और सभी क्लब इसमें भाग लेंगे। देश में फुटबॉल का स्तर लगातार बेहतर हुआ है। इस लीग के माध्यम से देश को अच्छे खिलाड़ी मिलते हैं और इसी उद्देश्य से आईएसएल का आयोजन किया जाएगा।

इससे पहले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की आपात समिति की बैठक हुई थी, जिसमें एआईएफएफ-ऋद्दख्र समन्वय समिति की रिपोर्ट पर विचार किया गया। यह समिति 20 दिसंबर 2025 को गठित की गई थी और उसने 2 जनवरी तक अपनी रिपोर्ट एआईएफएफ सचिवालय को सौंप दी थी। आपात समिति ने रिपोर्ट को औपचारिक रूप से स्वीकार करते हुए एआईएफएफ को लीग आयोजित करने की सिफारिश की है।

## इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से सिंधु बाहर श्रीकांत प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के लिए मिला-जुला दिन रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु चौंकाने वाले अंदाज़ में पहले दौर में ही बाहर हो गईं, जबकि अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने कड़े मुकाबले में जीत दर्ज कर राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सिंधु, जो पिछले सप्ताह मलेशिया सुपर-1000 के सेमीफाइनल में पहुंची थीं, शुरुआती गेम जीतने के बावजूद दबाव बनाए नहीं रख सकीं। उन्होंने पहला गेम बेहद करीबी मुकाबले में 22-20 से जीता, लेकिन इसके बाद वियतनाम की थुई लिन्ह गुयेन के सामने 12-21, 15-21 से हार गईं। यह मुकाबला कुल 68 मिनट तक चला।

पुरुष एकल में पूर्व विश्व नंबर-1 किदांबी श्रीकांत को भी आसान जीत नहीं मिली। उन्होंने साथी भारतीय थरुण मन्नेपल्ली के खिलाफ पहला गेम 15-21 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-6 और 21-19 से जीतकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। महिला एकल में चोट से वापसी कर रहीं मालविका बंसोड़ ने धैर्यपूर्ण और मजबूत रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन करते हुए चाइनीज ताइपे की पाई यू पो को 21-18, 21-19 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। महिला युगल में भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने भी शानदार शुरुआत की। उन्होंने थाईलैंड की ओर्ननिचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिट्टा सुवाचाई की जोड़ी को 21-15, 21-11 से आसानी से हराया। पिछले नवंबर में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब बचाने वाली भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त ली यी जिंग और लुओ शू मिन से होगा। हालांकि, मिश्रित युगल में भारत के लिए दिन निराशाजनक रहा। घरेलू दर्शकों के सामने भारत की तीनों जोड़ियां पहले दौर में ही बाहर हो गईं। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो को थाईलैंड के पक्कापोन तीरारत्साकुल और साप्सिरी टैराट्टनाचाई से 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे जर्मनी के मार्विन साइडल और थुक फुओंग गुयेन से 19-21, 14-21 से पराजित हुए। इसके अलावा आशिथ सूर्य और अमृता प्रमुथेश की जोड़ी को जापान के यूइची शिमोगामी और सायाका होबारा के खिलाफ 15-21, 7-21 से हार झेलनी पड़ी।

## राजकोट वनडे में केएल राहुल का शानदार शतक, भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 285 रन का लक्ष्य रखा

एजेंसी

राजकोट। स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज़ केएल राहुल की नाबाद और शानदार शतकीय पारी की बदौलत भारत ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के दूसरे मुकाबले में 50 ओवर में 284/7 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया और न्यूज़ीलैंड के सामने जीत के लिए 285 रन का लक्ष्य रखा है। यह मुकाबला बुधवार को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत संभली हुई रही। शुरुआती छह ओवरों में भारत ने बिना किसी नुकसान के 18 रन बनाए। इसके बाद रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल ने तेजी दिखाई और 10 ओवर में स्कोर 57/0 तक पहुंचा दिया। 13वें ओवर में क्रिस्टियन क्लार्क ने रोहित शर्मा को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। रोहित 38 गेंदों में चार चौकों की मदद से 24 रन बनाकर स्वीपर कवर पर कैच दे बैठे। इसी के साथ 70 रन की ओपनिंग साझेदारी भी टूट गई। कप्तान शुभमन गिल ने 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया और भारत का स्कोर 87/1 तक पहुंचाया।



यह भारत में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गिल का सात वनडे पारियों में पांचवां 50+ स्कोर था। हालांकि, 17वें ओवर में तेज़ गेंदबाज़ काइल जैमीसन ने गिल को पवेलियन भेज दिया। गिल ने 53 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाए। इसके बाद विकेटों का पतन जारी रहा। क्रिस्टियन क्लार्क ने 22वें ओवर में श्रेयस अय्यर (8) और 24वें ओवर में विराट कोहली (23) को आउट कर भारत को 120/4 पर ला खड़ा किया।

23 रन की पारी के दौरान विराट कोहली ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। वह वनडे में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत के सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बन गए और उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 1750 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इस सूची में कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (1971 रन) अब भी कोहली से आगे हैं। 30 ओवर के बाद भारत का स्कोर 142/4 था। इसके बाद केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने पारी को संभालते हुए महत्वपूर्ण 73 रन की साझेदारी की। हालांकि, 39वें ओवर की पहली गेंद पर माइकल ब्रेसवेल ने शानदार कैच एंड बोल्ड करते हुए जडेजा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया ओपन बैडमिंटन: दिल्ली में प्रदूषण के कारण एंडर्स एंटोनसेन ने टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

नई दिल्ली । डेनमार्क के विश्व नंबर-3 और चार बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन ने दिल्ली में हो रहे इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से लगातार तीसरे साल नाम वापस ले लिया है। एंटोनसेन ने इसका कारण राजधानी दिल्ली में मौजूदा अत्यधिक वायु प्रदूषण को बताया है। 28 वर्षीय एंटोनसेन ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, ल्लकई लोग जानना चाहते हैं कि मैंने लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन से नाम क्यों वापस लिया। फिलहाल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बेहद गंभीर है और मुझे नहीं लगता कि ऐसी स्थिति में यहां बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि अगस्त में इसी वेन्यू पर होने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान हालात बेहतर होंगे। एंटोनसेन ने कहा, ल्लउम्मीद करता हूं कि गर्मियों में, जब वर्ल्ड चैंपियनशिप दिल्ली में होगी, तब परिस्थितियां बेहतर रहेंगी। उल्लेखनीय है कि वह अब तक विश्व चैंपियनशिप में एक रजत और तीन कांस्य पदक जीत चुके हैं। ड्रॉ जारी होने से पहले ही टूर्नामेंट से हटने के कारण एंटोनसेन पर विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने 5,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। उन्होंने 2023 में आखिरी बार इंडिया ओपन खेला था, जहां उन्हें दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा था। बीडब्ल्यूएफ के प्लेयर कमिटमेंट नियमों के अनुसार, 'टॉप कमिटेड प्लेयर्स' (सिंगल्स में शीर्ष-15 और डबल्स में शीर्ष-10 खिलाड़ी) के लिए वर्ल्ड टूर 750, वर्ल्ड टूर 1000 और वर्ल्ड टूर फाइनल्स में भाग लेना अनिवार्य है। बिना चोट या मेडिकल छूट के टूर्नामेंट से हटने पर खिलाड़ियों पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, एंटोनसेन ने बीडब्ल्यूएफ से छूट की अपील की थी, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया। हालांकि, नियमों में यह प्रावधान है कि खिलाड़ी टूर्नामेंट स्थल पर पहुंचकर एक दिन के प्रचार या मीडिया गतिविधियों में हिस्सा लेकर छूट पा सकते हैं। इसी रास्ते को मौजूदा विश्व चैंपियन और विश्व नंबर-1 शी यू ची ने अपनाया था, जिन्होंने प्रतियोगिता नहीं खेली, लेकिन दिल्ली आकर प्रचार गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस बीच, कोरिया की विश्व नंबर-1 पुरुष युगल जोड़ी किम वोन-हो और सियो सियुंग-जे ने भी बुधवार को अपने शुरुआती मैच से ठीक पहले नाम वापस ले लिया। सियो ने कंधे की चोट का हवाला दिया है। एंटोनसेन का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब एक दिन पहले ही उनकी हमवतन मिया ब्लिचफ़ेल्ट ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में स्वच्छता और परिस्थितियों को लेकर चिंता जताई थी। टूर्नामेंट को के.डी.जाधव इंडोर स्टेडियम से बड़े इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में स्थानांतरित किया गया है। ब्लिचफ़ेल्ट ने बड़े वेन्यू की सराहना तो की, लेकिन हालात को अब भी चुनौतीपूर्ण बताया। यह स्थानांतरण आंशिक रूप से अगस्त में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए इस वेन्यू को टेस्ट इवेंट के रूप में इस्तेमाल करने के उद्देश्य से किया गया है। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी दिल्ली की सर्दी के कारण वार्म-अप में दिक्कत होने की बात कही है। इस मुद्दे पर बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव संजय मिश्रा ने सफाई देते हुए कहा कि ब्लिचफ़ेल्ट की टिप्पणियां मुख्य खेल एरिना को लेकर नहीं थीं। उन्होंने कहा,ल्लमिया की टिप्पणियां सामान्य परिस्थितियों और व्यक्तिगत स्वास्थ्य संवेदनशीलताओं से जुड़ी थीं, न कि इंडिया ओपन के मुख्य खेल स्थल से। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगिता स्थल अच्छी तरह से मेंटेन किया गया है।

### मुरादाबाद के बैडमिंटन कोच आसिफ और गगन की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक

मुरादाबाद । बरेली में 9 से 12 जनवरी तक खेली गई राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष डबल्स 35 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में मुरादाबाद के बैडमिंटन प्रशिक्षक-कोच आसिफ सिद्दीकी और गगन पासवान की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता है। सोनकपुर स्टेडियम में बैडमिंटन के प्रशिक्षक-कोच पद पर तैनात आसिफ सिद्दीकी का सोनकपुर स्टेडियम में सम्मान किया गया। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने उन्हें प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ी आगरा में प्रस्तावित ऑल इंडिया बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## टी-20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन टी20 मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा पाकिस्तान

एजेंसी

लाहौर। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ खेली जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह सीरीज़ 29 जनवरी से फरवरी की शुरुआत तक लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित होगी। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम 28 जनवरी, बुधवार को लाहौर पहुंचेगी। यह सीरीज़ दोनों टीमों के लिए आगामी टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज़ से बेहद अहम मानी जा रही है। पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने कहा, ल्लयह दौरा पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसकों के लिए साल की शानदार शुरुआत है। मैं फैंस से अपील करता हूं कि वे बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचकर दोनों टीमों का समर्थन करें, क्योंकि ये



टीमें टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों को अंतिम रूप दे रही हैं। यह मार्चऽअप्रैल 2022 के बाद से ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान का तीसरा दौरा होगा। उस समय दोनों टीमों के बीच तीन टेस्ट, एक वनडे सीरीज़ और एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला गया था। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भी पाकिस्तान में अपने तीन मैच खेले थे। गौरतलब है कि 2022 में गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इकलौते टी20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को तीन विकेट से करीबी मुकाबले में हराया था।

सुमैर अहमद सैयद ने कहा, ल्लगद्दाफी स्टेडियम अब ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए जाना-पहचाना मैदान बन चुका है। मार्च 2022 के बाद से उन्होंने यहां एक टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान को ग्रुप-ए में भारत, नामीबिया, नीदरलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है। पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला 7 फरवरी को कोलंबो में नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। वर्ष-2009 के टी20 वर्ल्ड कप विजेता पाकिस्तान का पिछला प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां वे ग्रुप चरण से बाहर हो गए थे। हालांकि, 2022 संस्करण में पाकिस्तान उपविजेता रहा था। वहीं ऑस्ट्रेलिया को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप-बी में सह-मेज़बान श्रीलंका के अलावा आयरलैंड, ज़िम्बाब्वे और ओमान के साथ रखा गया है।

## ग्रीनवुड की हैट्रिक से मार्सेई फ्रेंच कप के अंतिम-16 में

एजेंसी

बायो, फ्रांस । मेसन ग्रीनवुड की शानदार हैट्रिक और दो गोल में अहम भूमिका की बदौलत मार्सेई ने क्षेत्रीय टीम बायो को 9-0 से करारी शिकस्त देकर फ्रेंच कप के अंतिम-16 में जगह बना ली। यह मुकाबला मंगलवार रात को खेला गया।

पिछले सीजन में सभी प्रतियोगिताओं में 22 गोल के साथ मार्सेई के शीर्ष स्कोरर रहे ग्रीनवुड ने मौजूदा सत्र में भी जबरदस्त फॉर्म जारी रखते हुए अब तक 25 मैचों में 19 गोल दाग दिए हैं।

ग्रीनवुड के स्ट्राइक पार्टनर अमीन गुइरी ने भी शानदार प्रदर्शन किया और दो गोल करने के साथ एक गोल में असिस्ट दिया। हालांकि बायो की टीम ने जुझारूपन दिखाया, लेकिन कमजोर डिफेंस के कारण वह बड़े अंतर से हार से नहीं बच सकी।

फ्रेंच कप में मार्सेई का आक्रामक प्रदर्शन लगातार जारी है। इससे पहले पिछले दौर में उसने तीसरे डिवीजन की टीम बुर्ग-एन-ब्रेस को 6-0 से हराया था। इस तरह दो मुकाबलों में मार्सेई ने कुल 15 गोल दाग दिए हैं।

पूर्व मैनचेस्टर यूनाइटेड खिलाड़ी ग्रीनवुड ने 90वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की।

अब फ्रेंच कप के अगले दौर में मार्सेई की भिड़ंत अगले महीने की शुरुआत में लीग-1 की ही टीम रेनेस से होगी, जो एक ऑल-फर्स्ट डिवीजन मुकाबला होगा।

## लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी

नई दिल्ली । पूरे दिन उतार-चढ़ाव पर सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद दिनभर लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी ऊपर-नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से बाजार हरे निशान में भी पहुंचा, लेकिन बिकवाली के दबाव ने बाजार को लाल निशान में गोता लगाने के लिए मजबूर कर दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा ऑयल एंड गैस तथा कैपिटल गुड्स इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, रियल्टी, आईटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थ केयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 30 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 468.12 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 467.79 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 33 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,344 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,012 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,153 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 179 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,864 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,441 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,423 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 269.15 अंक की कमजोरी के साथ 83,358.54 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 182.29 अंक की मजबूती के साथ 83,809.98 अंक तक पहुंचा। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 624.78 अंक टूट कर 442.49 अंक की कमजोरी के साथ 83,185.20 अंक तक गिर भी गया। हालांकि आखिरी 1 घंटे के कारोबार में हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 200 अंक सुधर कर 244.98 अंक की गिरावट के साथ 83,382.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 83.75 अंक लुढ़क कर 25,648.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 59.45 अंक की तेजी के साथ 25,791.75 अंक के स्तर तक पहुंच गया। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 187.80 अंक टूट कर 128.35 अंक की गिरावट के साथ 25,603.95 अंक तक गिर भी गया। हालांकि अंत में खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिसके कारण निफ्टी दिन के निचले स्तर से 61.65 अंक की रिकवरी करके 66.70 की कमजोरी के साथ 25,665.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा स्टील 3.66 प्रतिशत, एनटीपीसी 3.31 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 2.92 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 2.03 प्रतिशत और ओएनजीसी 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एशियन पेंट्स 2.39 प्रतिशत, टीसीएस 2.30 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 1.77 प्रतिशत, सन फार्मास्युटिकल्स 1.69 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# पोंगल पर्व में शामिल हुए मोदी, कहा प्रकृति के संरक्षण की प्रेरणा देता है यह त्यौहार

एजेंसी





नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को पोंगल पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण को जीवन शैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा देता है।

श्री मोदी बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्री एल मुरूगन के निवास पर पोंगल उत्सव में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा , ''पोंगल का पर्व हमें प्रेरणा देता है कि पृथ्वी के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित ना रहे उसे हम जीवन शैली का हिस्सा बनाएं।''उन्होंने कहा कि जब ये धरती हमें इतना कुछ देती है, उसे संजोने का दायित्व भी हमारा है। अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना, पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना, सबसे जरूरी है। मिशन लाइफ, एक पेड़ मां के नाम, अमृत सरोवर, जैसे हमारे अभियान इसी भावना को आगे बढ़ाते हैं। हम खेती को अधिक सतत और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल एक वैश्विक त्योहार बन चुका है। दुनिया भर में तमिल समुदाय और तमिल संस्कृति से प्रेम करने वाले लोग इसे उत्साह के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि तमिल जीवन में पोंगल एक सुखद अनुभूति की तरह है, इसमें अन्नदाता की मेहनत, धरती और सूर्य के प्रति आभार का भाव है, साथ ही ये पर्व हमें प्रकृति, परिवार और समाज में संतुलन बनाने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा, '' इस समय देश के अलग-अलग हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और अन्य त्योहारों की भी उमंग है। मैं भारत और दुनिया भर में रहने वाले सभी तमिल भाई-बहनों को पोंगल की और सभी पर्वों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।'' पिछले वर्ष तमिल संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रमों में शामिल होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझी विरासत है, इतना ही नहीं, पूरी मानवता की ये साझी विरासत है। पोंगल जैसे पर्व 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त बनाते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि दुनिया की लगभग सभी सभ्यताओं में फसलों से जुड़ा कोई न कोई उत्सव मनाया जाता है। तमिल संस्कृति में किसान को जीवन का आधार माना गया है। तिरुक्कुरल में कृषि और किसानों पर विस्तार से लिखा गया है। हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं, उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत मजबूती मिल रही है। केंद्र सरकार भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार काम कर रही है।

श्री मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है। तमिल संस्कृति सदियों को जोड़ती है, वो इतिहास से सीखकर वर्तमान को आगे का रास्ता दिखाती है। इसी प्रेरणा से आज का भारत अपनी जड़ों से शक्ति लेकर नई संभावनाओं की ओर आगे बढ़ रहा है। आज पोंगल के इस पावन अवसर पर हम उस विश्वास को महसूस कर रहे हैं, जो भारत को आगे बढ़ा रहा है। एक ऐसा भारत जो अपनी संस्कृति से जुड़ा है, अपनी धरती का सम्मान करता है और भविष्य को लेकर भरोसे में भरा हुआ है।

### समृद्धि, सद्भाव और एकजुटता की भावना को दर्शाता है पोंगल : प्रधान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि पोंगल तमिलनाडु की जीवंत संस्कृति का पर्याय है जो समृद्धि, सद्भाव और एकजुटता की भावना को दर्शाता है। श्री प्रधान आज चेन्नई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में पोंगल उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने तमिलनाडु के लोगों और देश भर में पोंगल का त्योहार मनाने वाले सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पोंगल तमिलनाडु की जीवंत संस्कृति का पर्याय है और यह समृद्धि, सद्भाव तथा एकजुटता की भावना को दर्शाता है। उन्होंने आईआईटी मद्रास परिवार के साथ पोंगल मनाने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह त्योहार समृद्धि, स्नेह और एकजुटता की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कामना की कि यह अवसर सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सुख, शांति, समृद्धि और सद्भाव लेकर आए। इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामाकोटी, संकाय सदस्य, छात्र, कर्मचारी और परिसर समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

### मोदी ने बर्बाद कर दी अर्थव्यवस्था, 2025 में एशिया में सबसे ज्यादा गिरा रुपया : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि उनकी गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई है और यही वजह है कि 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ है। कांग्रेस ने कहा कि एशिया की बाकी करेंसी के मुकाबले रुपया सबसे ज्यादा गिरा है जबकि चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपए के मुकाबले बेहतर रहा है। पार्टी का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपए की रिकार्ड गिरावट न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर सवाल खड़े करती है बल्कि यह हमारी साख का भी सवाल बन गया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पेज पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा ''एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी बना रुपया और 2025 में रुपए ने एशिया के देशों की बाकी करेंसी के मुकाबले सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की है। जहां डॉलर के मुकाबले रुपया -6.03 प्रतिशत कमजोर हुआ, वहीं चीनी युआन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पार्टी ने कहा कि रुपए में ऐसी रिकॉर्ड गिरावट- न सिर्फ हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। पार्टी ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए कहा कि श्री मोदी देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### भारत ने चीन से कहा, द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक कदम जरूरी

**नयी दिल्ली।** भारत ने चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए लोगों के बीच परस्पर समझ बढाने और अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने तीन दिन की भारत यात्रा पर आईं चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग (आईडीसीपीसी) की उप मंत्री सुश्री सुन हाइयान से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने की दिशा में प्रगति की समीक्षा की जिसमें व्यापार और जन-केंद्रित संपर्कों को प्राथमिकता दी गई, तथा नए वर्ष में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश सचिव ने दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी समझ बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया जिससे द्विपक्षीय संबंधों की बहाली में सहायता मिल सके। इस संदर्भ में उन्होंने बेहतर द्विपक्षीय संबंधों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। दोनों पक्षों ने अपने-अपने नेताओं द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को लागू करने तथा द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के मार्ग पर आगे बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सुश्री सुन हाइयान ने अपनी भारत यात्रा के अनुभवों से विदेश सचिव को अवगत कराया, जिसमें भारतीय मीडिया, थिंक टैंकों और राजनीतिक दलों के साथ उनकी बातचीत शामिल थी। उन्होंने विदेश मंत्रालयऽआईडीसीपीसी कार्यक्रम के तहत आदान-प्रदान को और सुदृढ़ करने की चीन की अपेक्षाएं भी साझा कीं। चीन ने इस वर्ष भारत द्वारा ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने पर भारत को बधाई दी और भारत में सफल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

## नितिन नबीन 19 को भाजपा अध्यक्ष पद के लिए पर्चा भरेंगे, पार्टी में अध्यक्ष पद परिवर्तन की संभावनाएं तेज

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अध्यक्ष पद के लिए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन 19 जनवरी अपना पर्चा दाखिल करेंगे। इस घोषणा के साथ ही एक बार फिर पार्टी में अध्यक्ष पद के बदलाव और संगठन नेतृत्व में परिवर्तन की संभावनाओं को बल मिल रहा है। भाजपा सूत्रों के अनुसार श्री नबीन ने पार्टी नेतृत्व और उच्च स्तरीय पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है। इसके पीछे पार्टी की आगामी राजनीतिक रणनीतियों, संगठनात्मक मजबूती और राज्यों में नेतृत्व को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता को मुख्य कारण बताया जा रहा है।

पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा है कि श्री नबीन का नाम इसलिए भी तेजी से उभर रहा है क्योंकि उन्होंने पिछले कई वर्षों में संगठन के विस्तार, जन संपर्क अभियानों और चुनावी रणनीति के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक, 19 जनवरी को आयोजित होने वाला पर्चा भरा जाना भाजपा में एक नए अध्याय की शुरुआत भी माना जा रहा है।

भाजपा के नियमों के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए पर्चा दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी रखी गई है। इसके बाद स्वीकार/अस्वीकार होने की प्रक्रिया चलेगी, और उसी के अनुसार चुनावी प्रचार और उम्मीदवारों के समर्थन जुटाने की मुहिम तेज़ होगी।

पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन का सिलसिला प्राकृतिक है। यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक ढंग से आगे बढ़ रही है और सभी योग्य नेताओं को समान अवसर मिल रहा है। हालांकि, उन्होंने नाम नहीं लेकर यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व को संगठनात्मक मजबूती के लिए नई ऊर्जा और अनुभव की आवश्यकता भी है।

श्री नबीन भाजपा के सुदृढ़ संगठनकर्ता माने जाते हैं। पार्टी के भीतर उनके अनुभव, रणनीतिक सोच और जमीन से जुड़े कार्यकर्ता के तौर पर उनकी पहचान है। उनके समर्थक मानते हैं कि यदि श्री नबीन अध्यक्ष चुने जाते हैं, तो पार्टी को नई दिशा, विस्तार और आगामी चुनावी चुनौतियों में नई ताकत मिल सकती है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा अध्यक्ष पद के चुनाव में श्री नबीन का नाम फाइनल होना पार्टी के भीतर एक नए संतुलन और रणनीतिक बदलाव की दिशा का संकेत है। इससे संगठन की नीतियों, भविष्य की चुनावी रणनीति और कार्यकर्ता उत्साह पर भी असर पड़ेगा। भाजपा में अध्यक्ष पद के लिये पर्चा भरे जाने के बाद पार्टी के भीतर और बाहरी राजनीतिक गलियारों में इसकी प्रतिक्रिया तेज़ होने की उम्मीद है।

## प्रिंट से डिजिटल तक के बदलावों पर केंद्रित होगा इंडिया बुक मार्केट रिपोर्ट का तीसरा संस्करण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय प्रकाशन उद्योग में तेजी से हो रहे बदलावों को समझने के लिए भारतीय प्रकाशक संघ (एफआईपी) और नील्सन आईक्यू बुकडेटा संयुक्त रूप से इंडिया बुक मार्केट रिपोर्ट का तीसरा अंक जारी करेंगे। यह रिपोर्ट प्रिंट किताबों के साथ-साथ डिजिटल और ऑडियोबुक पब्लिशिंग में हो रहे विकास और उनके आर्थिक योगदान के आंकड़ा आधारित विश्लेषण प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट की घोषणा विश्व पुस्तक मेला में मीडिया से बातचीत में हुयी। रिपोर्ट के अगस्तऽसितंबर 2026 तक जारी होने की संभावना है।

एफआईपी के उपाध्यक्ष प्रणव गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट का यह तीसरा संस्करण पहले की रिपोर्टों से काफी अलग होगा। उन्होंने कहा कि अब तक के अध्ययनों में मुख्य रूप से प्रिंट पब्लिशिंग पर ध्यान दिया गया था, लेकिन यह रिपोर्ट बदलते समय के अनुरूप होगी। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट भारतीय प्रिंट बुक मार्केट के साथ-साथ डिजिटल पब्लिशिंग के सभी स्वरूपों-ई-बुक और ऑडियोबुक-को कवर करेगी। इसके साथ ही पहली बार यह भी आकलन किया जाएगा कि डिजिटल पब्लिशिंग भारतीय अर्थव्यवस्था में कितना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि नया संस्करण प्रिंट और डिजिटल दोनों प्रारूपों का एक साथ अध्ययन करेगा, जिससे यह समझने में मदद मिलेगी कि भारतीय प्रकाशन उद्योग किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। नील्सन आईक्यू बुकडेटा इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विक्रांत माथुर ने कहा कि पहले के संस्करणों में कोविड-19 का प्रकाशन उद्योग पर प्रभाव, शिक्षा क्षेत्र का विस्तार, स्कूल बोर्डों में नामांकन, आयात-निर्यात, कॉपीराइट और पाइरेसी जैसी चुनौतियों का विश्लेषण किया गया था। उन्होंने कहा कि अब हमारा उद्देश्य पांच साल बाद बाजार की स्थिति को दोबारा समझना है। हम यह जानना चाहते हैं कि डिजिटल पब्लिशिंग कितनी तेजी से बढ़ रही है।

## तृणमूल का दावा नैतिक और संवैधानिक रूप से गलत: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट के फैसले को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर करारा हमला किया है।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मीडिया को दिये एक बयान में कहा कि हाईकोर्ट द्वारा तृणमूल कंग्रेस (टीएमसी) के दावे को खारिज किया जाना यह साफ करता है कि पार्टी का पक्ष नैतिक और संवैधानिक दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह गलत था। श्री त्रिवेदी ने कहा कि इस पूरे मामले ने कई गंभीर राजनीतिक और संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है जब कोई राजनीतिक पार्टी किसी निजी संस्था के बचाव में सामने आई है। उन्होंने कहा कि यदि तृणमूल कांग्रेस का यह दावा सही है कि पूरी राजनीतिक रणनीति एक निजी संस्था के पास थी, तो इसका अर्थ है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अपने ही वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को अयोग्य और असमर्थ मानता है। उन्होंने कहा कि यदि उस निजी संस्था के पास कोई संवेदनशील जानकारी थी, तो यह और भी गंभीर मामला है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी ही पुलिस पर भरोसा नहीं किया। इससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिम बंगाल सरकार को अपनी पुलिस व्यवस्था पर भी विश्वास नहीं है। इसी कारण मुख्यमंत्री स्वयं वहां गईं। भाजपा नेता ने कहा कि इतना ही नहीं, सुश्री ममता ने अपने निजी स्टाफ पर भी भरोसा नहीं किया और खुद जाकर दस्तावेज अपने हाथों से उठाए। यह व्यवहार न केवल राजनीतिक रूप से गलत है, बल्कि संवैधानिक मर्यादाओं के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री का इस प्रकार किसी निजी संस्था से जुड़े मामलों में सीधे हस्तक्षेप करना गंभीर चिंता का विषय है। इससे यह संदेश जाता है कि सत्ता का उपयोग नियमों और संस्थाओं से ऊपर रखकर किया जा रहा है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि देश की जनता को यह बात गंभीरता से समझनी चाहिए कि जहां-जहां इंडिया गठबंधन या उसके घटक दल सत्ता में हैं, वहां संविधान खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की कार्यशैली लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाली है। उन्होंने कहा कि अदालत का यह फैसला सिर्फ एक कानूनी निर्णय नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र और संविधान की जीत है।

## पेज एक का शेष

### ईरान-यूएस...

जुड़े हालात की गंभीरता को लेकर ब्रीफ किया गया है। एक इजरायली अधिकारी ने बताया कि ट्रंप प्रशासन ने ईरान में हस्तक्षेप का फैसला कर लिया है, हालांकि कार्रवाई की समय-सीमा और दायरा अभी साफ नहीं है। प्रदर्शनों की जड़ें महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष में हैं, लेकिन अब यह अंतरराष्ट्रीय संकट का रूप ले चुका है। क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति समीकरण- अमेरिका, रूस, चीन और मध्यपूर्व के देशों की प्रतिक्रिया-इस संघर्ष को और जटिल बना रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर ईरान और अमेरिका के बीच सैन्य टकराव हुआ तो न केवल मध्यपूर्व बल्कि वैश्विक तेल आपूर्ति और व्यापार पर भी गंभीर असर पड़ेगा। ईरान और अमेरिका की इस जंग की आहट ने पूरी दुनिया की नजरें कतर एयरबेस और तेहरान की गतिविधियों पर मोड़ दी हैं। आने वाले दिनों में कोई भी कदम क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति की दिशा बदल सकता है। इजरायल के 'आर्मी रेडियो' की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने ईरान से जुड़े संभावित सैन्य टकराव की आशंका को देखते हुए तैयारी बढ़ा दी है और कई सैन्य टुकड़ियों को हाई अलर्ट पर रखा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि ईरान से जुड़े घटनाक्रमों पर चर्चा करने के लिए राजनीतिक-सुरक्षा कैबिनेट की पहले से निर्धारित बैठक को बुलाया गया है। इजरायल के सार्वजनिक प्रसारक 'कान' ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायल की हवाई रक्षा प्रणालियों में बदलाव किए गए हैं, जिसमें 'आयरन डोम इंटरसेप्टर सिस्टम' की तैनाती भी शामिल है। इजरायली अधिकारियों के आकलन के अनुसार, ईरान तब तक इजरायल पर हमला नहीं करेगा, जब तक कि अमेरिका ईरानी क्षेत्र पर बड़े पैमाने पर हमला नहीं करता। फिलहाल 'आरक्षित सैनिकों' को तुरंत बुलाए जाने का कोई आदेश नहीं दिया गया है और न ही आईडीएफ की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी आई है। ये कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन टिप्पणियों के बाद उठाए गए हैं, जिनमें उन्होंने ईरानियों से विरोध प्रदर्शन जारी रखने का आग्रह किया था और कहा था कि 'मदद आने वाली है'। गौरतलब है कि पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिवसीय युद्ध हुआ था, जिसके दौरान इजरायली युद्धक विमानों ने ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे।

### सुकमा में 29...

कमांडर), हेमला हड़मा (मिलिशिया डिप्टी कमांडर), माड़वी देवा (सदस्य), हेमला नंदा (सदस्य), मड़कम बुधरा (पंच कमेटी सदस्य), मुचाकी सोमा (जनताना सरकार सदस्य), मुचाकी गुट्टा (सदस्य), पोड़ियाम देवा (सदस्य), मुचाकी बुधरा (सदस्य), पोड़ियाम सोमड़ा (सदस्य), मुचाकी मूड़ा (सदस्य), सोड़ी देवा (सदस्य), मुचाकी हड़मा (सदस्य), वेट्टी देवा (सदस्य), मुचाकी नंदा (सदस्य), माड़वी राजा (सदस्य), पोड़ियाम बण्डी (सदस्य), सोड़ी नंदा (सदस्य), मड़कम कोसा (सदस्य), सोड़ी बुधरा (सदस्य), मुचाकी आयता (सदस्य), मुचाकी नंदा (सदस्य), मुचाकी मुका (सदस्य), माड़वी सुक्का (सदस्य), माड़वी देवा (सदस्य), मुचाकी हड़मा (सदस्य) और मुचाकी लक्खा (सदस्य) है। पुलिस प्रमुख ने शेष सक्रिय माओवादियों से भी हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और विकास की इस पहल में शामिल होने की अपील की है।

### युवा शक्ति नए भारत...

बढ़ने, अनुशासन के साथ कदमताल करने और समर्पण के साथ सेवा करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण युवा शक्ति ही करेगी।

### बुधवार को रही...

अधिकांश हिस्सों में दिन और रात के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इसके कारण पश्चिमी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री से नीचे चला गया, जिससे मेरठ, मुजफ्फरनगर और बरेली में शीतलहर की स्थिति बनी। आगामी 48 घंटों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने का कोई नहीं अनुमान नहीं है। आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और रोहिलखंड मंडल के कुछ हिस्सों में शीतलहर और पाले का असर जारी रह सकता है। वहीं तराई क्षेत्रों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाने की संभावना है, जो दिन चढ़ने के साथ छंट जाएगा और धूप निकलने से दिन में ठंड से कुछ राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार लगातार सक्रिय हो रहे दो पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से 15 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जारी शीतलहर से राहत मिल सकती है। वहीं 18 जनवरी से प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी शुरू हो सकती है, जो अगले दो से तीन दिनों में तेज हो सकती है।

### पूर्व सैनिक देशभक्ति...

कार्यस्थल बदल सकता है, लेकिन देशभक्ति और सेवा की भावना हमेशा बनी रहती है। सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान हमारी नैतिक और भावनात्मक जिम्मेदारी है।'' इस अवसर पर पूर्व सैनिक कल्याण सचिव सुकृति लिखी ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के अदम्य साहस को नमन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र और उसके सैनिकों के बीच आजीवन बने रहने वाले संबंध की याद दिलाने का अवसर है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष लगभग 60,000 सैनिक सेवानिवृत्त होते हैं, जिससे देश में पूर्व सैनिकों की संख्या लगभग 35 लाख हो जाती है, और यह राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है कि उन्हें सम्मान, गरिमा और आत्मसम्मान के साथ जीवनयापन सुनिश्चित किया जाए।

## अमेरिका को पीछे छोड़ इस वर्ष दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बन जाएगा भारत: रिपोर्ट

एजेंसी

मुंबई। भारत का सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण बाजार 2026 में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बन जाएगा। वैश्विक जिंस बाजार अनुसंधान फर्म ब्लूमबर्गएनईएफ (बीएनईएफ) की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लगता है लेकिन 2024 में नीलाम कई परियोजनाओं को अब भी बिजली के खरीदारों का इंतजार है जो लक्ष्य की राह में एक जोखिम है। इसमें सौर ऊर्जा मॉड्यूल की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से अधिक हो चुकी है। इसके साथ ही इनके निर्माण में कुछ कच्चे माल और हिस्से पुर्जों के लिए आयात निर्भरता बनी हुई है। बीएनईएफ की ओर से मीडिया को उपलब्ध करायी गयी इस रिपोर्ट के सारांश में कहा गया है कि इस वर्ष चीन की धीमी गति पड़ेगी और इससे पहली बार वैश्विक सोलर निर्माण में कुल मिला कर कमी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सौर निर्माण बाजार में तेज गिरावट दिख रही है और 2026 में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनने के लिए तैयार है। अमेरिका में गिरावट के बीच सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन (स्थापना) में नाम मात्र की वृद्धि जारी है । बीएनईएफ के अनुमान के अनुसार भारत में सौर बिजली क्षमता निर्माण छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50,000 मेगावाट से थोड़ा अधिक रहेगा। देश में अधिकांश नयी क्षमता बड़ी परियोजनाओं के माध्यम बनेगी। इसके अलावा सरकारी सब्सिडी से आवासीय रूफटॉप सौर प्रणाली को बढ़ावा मिल रहा है। अमेरिका में जनकल्याण योजनाओं पर सब्सिडी की कटौती वाले 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट'के कारण इस साल वहां सौर बिजली स्थापना में 14 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। इस विधेयक के अंतर्गत अमेरिका में नये वर्ष में शुरू होने वाली परियोजनाओं को कम लाभ के लिए विदेशी संस्था से संबंधित नियमों का पालन करना होगा, जिससे परियोजना विकास करने वाली कंपनियों के लिए एक और बाधा पैदा होगी। इससे अमेरिका सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण में भारत से पीछे आ जाएगा जबकि वह 2019 से लगातार दूसरे स्थान पर था। चीन वार्षिक वृद्धि में अपेक्षित गिरावट के बावजूद, काफी बड़े अंतर से दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बना हुआ है। बीएनईएफ का अनुमान है कि चीन में 2026 में 3,21,000 मेगावाट की नयी स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता होगी। यह पिछले साल से 14 प्रतिशत कम है। भारत में पिछले वर्ष नवंबर में समाप्त पहले 11 महीनों में भारत में 35,000 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की गयी जो एक रिकार्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में नई सौर क्षमता निर्माण की यह रफ्तार 2030 तक 5,00,000 मेगावाट खनिज ईंधनों से मुक्त बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य को साध्य बना रही है। अडानी ग्रीन एनर्जी, एनटीपीसी, रीन्यू, अवाडा और टाटा पावर देश की शीर्ष सौर ऊर्जा उत्पाक कंपनियों में हैं और देश में बिजली के विभिन्न स्रोतों में सौर पैनल वाली ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी से इन कंपनियों को फायदा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का नीलामी कार्यक्रम इस क्षेत्र की तीव्र वृद्धि को मजबूत आधार दे रहा है। रिपोर्ट में जोखिमों का भी उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि भारत ने 2024 में रिकॉर्ड 60,000 मेगावाट की नवीकरणीय क्षमताओं वाली परियोजनाएं नीलाम कीं। इनमें से 42,000 मेगावाट की परियोजनाएं बिजली खरीद के पक्के अनुबंधों की प्रतीक्षा में हैं।इनका भविष्य इन प्रस्तावित अनुबंधों पर टिका है। इसमें 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा क्षमता के समग्र लक्ष्य को पूरा करने में जोखिम भी छुपा है। बीएनईएफ के अनुसार भारत सरकार फोटोवोल्टिक (पीवी सेल्स) सप्लाई चेन में स्थानीय मूल्यवर्धन को प्रोत्साहित कर रही है। परियोजनाओं में उन्हीं पीवी मॉड्यूल्स का इस्तेमाल करने की शर्त जोड़ी जाती है जो सरकार द्वारा स्वीकृत मॉडलों विनिर्माताओं की सूची (एएलएमएम) में हैं। इससे आयात में बाधा हुई है तथा घरेलू विनिर्माण में निवेश तेज हुआ है। वारी एनर्जीज, विक्रम सोलर और प्रीमियर एनर्जीज जैसे प्रमुख सोलर विनिर्माता पिछले दो सालों में सामने आए हैं और भविष्य में अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक निर्गम से पूंजी जुटाने की सोच रहे हैं। भारत में पीवी मॉड्यूल बनाने की क्षमता सालाना लगभग 1,25,000 मेगावाट की है जो जरूरत से अधिक है। मॉड्यूल बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राथमिक या माध्यमिक सामग्री और हिस्से-पुर्जे की स्थानीय आपूर्ति क्षमता घरेलू मांग से कम है, जिससे आयात पर निर्भरता बनी हुई है।

# शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव : सीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी स्थिति नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय विंटर टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया है।

उन्होंने शीतकालीन पर्यटन को जन आंदोलन बनाने और उत्तराखंड को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। बुधवार को नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी में आयोजित विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के लिए पर्यटन बिजनेस नहीं बल्कि रोजगार का पूरा इंजन है।

यहां वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग और वेडिंग डेस्टिनेशन के



रूप में भी उत्तराखंड नई पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि ल्लशीतकालीन यात्राङ्क की शुरुआत का उद्देश्य प्रदेश में बारहों महीने पर्यटन की निरंतरता सुनिश्चित करना है। गढ़वाल और कुमाऊं में एक-एक स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन की स्थापना की योजना भी इसी दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान का उत्सव होने के साथ-साथ विकास भीऽविरासत भी की सोच को साकार करता है।

सीएम ने कहा कि यह विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति, परंपरा और हमारी विरासत और लोक कलाओं को प्रस्तुत करने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध होगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शीतकालीन यात्रा के आह्वान से राज्य के सभी पर्यटन क्षेत्रों में शीतकालीन पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। युवा ट्रेकिंग गाइड, होम-स्टे, होटल एवं पर्यटन से जुड़े अन्य कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं और इन क्षेत्रों में पलायन में कमी आई है।

उन्होंने कहा कि शीतकालीन पर्यटन से लोक कलाकारों, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा। कॉनक्लेव में एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से देश के विभिन्न राज्यों से आए 50 टूर ऑपरेटर्स ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर से 50 तथा स्थानीय स्तर से भी 50 टूर ऑपरेटर्स ने कॉनक्लेव में भाग लिया। कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन उत्तरकाशी एवं बड़कोट, ट्रैकिंग संगठन उत्तरकाशी और सांकरी के पंजीकृत प्रतिनिधियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। निम में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से शीतकालीन पर्यटन की संभावनाओं पर मंथन किया गया तथा उत्तराखंड को वर्षभर पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया। तीन दिवसीय विंटर टूरिज्म कॉन्क्लेव के तहत मां गंगा का शीतकालीन प्रवास मुखबा एवं मां यमुना का खरसाली तथा सांकरी में

# देहरादून में जलीय जैव विविधता संरक्षण कार्यक्रम शुरू कर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री बोले- नदियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि नदियों को केवल जलधाराओं के रूप में नहीं बल्कि जीवनदायिनी पारिस्थितिकी प्रणालियों के रूप में देखने की आवश्यकता है। किसी नदी के स्वास्थ्य का वास्तविक संकेत उसमें पनपने वाली जलीय जैव विविधता से मिलता है।

सीआर पाटिल ने बुधवार को यहां के भारतीय वन्यजीव संस्थान में नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत जलीय जैव विविधता संरक्षण से जुड़ी कई दूरगामी पहलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में पाटिल ने नदी पुनर्जीवन और जलीय जीवन संरक्षण की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार रुहेला, भारतीय वन्यजीव संस्थान के निदेशक डॉ. गोविंद सागर भारद्वाज, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल सहित वरिष्ठ अधिकारी, शोधकर्ता, विशेषज्ञ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय वन्यजीव संस्थान के सहयोग से गंगा एवं अन्य नदियों के लिए एक समर्पित जलीय जैव विविधता संरक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। जल शक्ति मंत्री ने इस केंद्र को राष्ट्र को समर्पित किया। गंगा एवं अन्य नदियों के लिए जलीय जीवन संरक्षण निगरानी केंद्र के रूप में स्थापित यह केंद्र गंगा सहित देश की प्रमुख नदियों में जलीय जीवों की निगरानी और संरक्षण के लिए एक संगठित और उन्नत संस्थागत ढांचा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और डेटा आधारित निर्णय प्रणाली के माध्यम से यह केंद्र जलीय प्रजातियों के संरक्षण और दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए मजबूत आधार बनेगा। भविष्य में यह केंद्र नीति निर्माण, अनुसंधान और संरक्षण रणनीतियों में मार्गदर्शक भूमिका निभाएगा। केंद्र में पर्यावरण विषविज्ञान, जलीय पारिस्थितिकी और स्थानिक पारिस्थितिकी की प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जहां जल और जलीय प्रजातियों के नमूनों का परीक्षण कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। इसके साथ ही एक सूक्ष्म-प्लास्टिक प्रयोगशाला भी बनाई गई है, जो नदी पारिस्थितिकी तंत्र में मौजूद सूक्ष्म-प्लास्टिक की पहचान और अध्ययन करेगी।

कार्यक्रम के दौरान टीएसएएफआई की डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस का भी उद्घाटन किया गया। यह एम्बुलेंस संकटग्रस्त गंगा डॉल्फिन के लिए त्वरित, संवेदनशील और वैज्ञानिक रूप से सुसज्जित जीवनरक्षक सेवा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि गंगा डॉल्फिन नदी के स्वास्थ्य का संवेदनशील संकेतक है और यह पहल जलीय जीवन संरक्षण के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क सुरक्षा पर सख्ती, नशे में ड्राइविंग करते चालक गिरफ्तार

चंपावत। जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में लोहाघाट पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे एक चालक को गिरफ्तार कर उसका वाहन सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई बुधवार को खेतीखान तिराहे पर नियमित वाहन चेकिंग अभियान के दौरान हुई। पुलिस टीम ने ऑल्टो कार (यूके–03–टीए–1584) को रोका। जांच में चालक नाथू राम (36 वर्ष), पुत्र हयात राम, निवासी ग्राम बेड़ाओढ़, इजड़ा, थाना लोहाघाट शराब के नशे में वाहन चलाता पाया गया। यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघन को देखते हुए पुलिस ने नाथू राम को तत्काल गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर लिया। प्रकरण में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही जारी है। इस कार्रवाई में प्रभारी थाना लोहाघाट उप निरीक्षक हेमन्त कठैत के नेतृत्व में उप निरीक्षक कुंदन बोरा, कांस्टेबल संजय साहनी और कांस्टेबल चंदन सिंह शामिल थे। पुलिस टीम ने मौके पर अन्य वाहन चालकों को भी यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। प्रभारी थाना लोहाघाट उप निरीक्षक हेमन्त कठैत ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह आम नागरिकों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के मामलों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी और भविष्य में भी शून्य सहनशीलता नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी।
कठैत ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और स्वयं तथा समाज की सुरक्षा में सहयोग करें।

### शताब्दी समारोह की तैयारियों को मिला संगठित, सुरक्षित और सांस्कृतिक स्वरूप

हरिद्वार। राजा दक्ष की नगरी कनखल स्थित वैरागी द्वीप पर आयोजित होने जा रहे अखिल विश्व गायत्री परिवार के ऐतिहासिक शताब्दी समारोह की तैयारियाँ अब पूर्णतः सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से सुरक्षित और वैचारिक रूप से सुदृढ़ स्वरूप में सामने आ रही हैं। इसी क्रम में शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ. चिन्मय पंड्या एवं हिमायलन इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, जौलीरग्रांट के प्रमुख डॉ विजय धस्माना के कर–कमलों से सांस्कृतिक विभाग, महिला प्रकोष्ठ, केंद्रीय जोनल कार्यालय, विद्युत विभाग, समूह चर्चा–संकल्प कार्यालय, उद्यान विभाग, संगीत विभाग, पंजीयन कार्यालय तथा अस्थायी अस्पताल सहित अनेक महत्वपूर्ण व्यवस्थागत इकाइयों का विधिवत अनावरण किया गया। आयोजन की सुरक्षा और सुव्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गेट नंबर 1 पर पंजीयन कार्यालय का विधिवत अनावरण किया गया। शताब्दी समारोह में बारकोड आधारित डिजिटल पंजीयन प्रणाली लागू की गई है, जो आधार ऑथेंटिकेशन से जुड़ी होगी। इससे प्रत्येक प्रतिभागी, कार्यकर्ता एवं आगंतुक की पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी। समारोह मे नो कॉर्ड नो एंट्री नियम सख्ती से लागू रहेगा। वहीं केंद्रीय जोनल कार्यालय, संस्कृतिक विभाग, महिला प्रकोष्ठ, केंद्रीय जोनल कार्यालय, विद्युत विभाग, समूह चर्चा, उद्यान विभाग, संगीत विभाग, पंजीयन कार्यालय तथा अस्थायी अस्पताल का अनावरण किया गया।
शांतिकुंज की केंद्रीय टीम द्वारा देशभर में संगठनात्मक विस्तार के अंतर्गत पूर्वी जोन, पश्चिमी जोन एनसीआर सहित 13 जोनों में बांटा गया है। पूरे देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले कार्यकर्ता इस केंद्रीय जोनल कार्यालय के माध्यम से संपर्क, समन्वय एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे, जिससे आयोजन अवधि में संगठनात्मक व्यवस्था और संवाद को और अधिक सुचारु बनाया जा सकेगा। सांस्कृतिक गरिमा को सुदृढ़ करने हेतु संस्कृतिक विभाग का उद्घाटन किया गया, जिसमें आदिवासी सम्मेलन, देश की विभिन्न जनजातियों की झलकियाँ, राज्यों के कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य–विशेष आधारित प्रस्तुतियाँ तथा प्रस्तावित ज्योति कलश रैली में झांकियों की प्रस्तुति की रूपरेखा रखी गई। वहीं संगीत विभाग का उद्घाटन शंखनाद, विविध वाद्य यंत्रों एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अत्यंत कर्णप्रिय वातावरण में संपन्न हुआ।
इसके साथ ही समूह चर्चा एवं संकल्प कार्यालय में संगठन को मजबूत व विस्तार के लिए विचार–विमर्श हेतु शांतिकुंज कार्यकर्त्ताओं की 40 टीम बनाई गयी है। शताब्दी समारोह में बने अस्थायी अस्पताल में 16 बिस्तर, 10 चिकित्सक, 4 एंबुलेंस तथा 20 से अधिक सहयोगी स्टाफ है।

# दिल्ली में 81 और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ, संख्या बढ़कर 319 हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मकर संक्रांति पर यहां के ग्राम नंगल राया में एक कार्यक्रम के दौरान 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्लीवासियों को समर्पित किए। इन नए केंद्रों के शुभारंभ के साथ दिल्ली में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या बढ़कर 319 हो गयी है।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, लैब, दवा वितरण काउंटर, वैक्सीनेशन यूनिट और जच्चा-बच्चा देखभाल केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित नर्सों, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से बातचीत करते हुए उनके कार्य अनुभव और मरीजों को दी जा रही सेवाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम की भी समीक्षा की। उन्होंने मरीजों के पंजीकरण, मेडिकल रिकॉर्ड और डेटा मैनेजमेंट की




प्रक्रिया को विस्तार से समझा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिकॉर्ड प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और सुगम बनी रहे। इस अवसर पर हरि नगर के विधायक श्याम शर्मा सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति और लोहड़ी के पर्व पर दिल्ली की जनता को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर समर्पित करना सरकार के लिए विशेष संतोष का विषय है। पिछली सरकारों के कार्यकाल में स्वास्थ्य ढांचे की अनदेखी के कारण कई अस्पतालों की परियोजनाएं वर्षों तक अधर में लटकी रहीं। वर्तमान सरकार अब उन सभी अधूरी परियोजनाओं को पारदर्शिता और तय प्रक्रिया के तहत पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली के स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए लगातार मदद दे रही है। इसी के तहत नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लैब और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। बीते 11 महीनों में दिल्ली सरकार ने 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जन औषधि केंद्र, पांच बड़े अस्पतालों में नए ब्लॉक, नई डायलिसिस मशीनों की स्थापना और सभी सरकारी अस्पतालों का डिजिटलीकरण जैसे जरूरी काम किए हैं। आज दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मरीज मोबाइल से ओपीडी अपॉइंटमेंट और मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दिल्ली में 6 लाख से अधिक नागरिक पंजीकृत हो चुके हैं और हजारों परिवारों को अब तक मुफ्त इलाज का लाभ मिल चुका है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इलाज की आय सीमा 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की गई है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का यह विस्तार बड़े अस्पतालों पर दबाव कम करेगा और नागरिकों को घर के पास सुलभ, निःशुल्क और सम्मानजनक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। विकसित भारत के विजन के साथ विकसित दिल्ली का निर्माण सरकर का संकल्प है। सरकार के मुताबिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में डॉक्टर एवं अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की सेवाएं, लगभग 80 प्रकार के डायग्नोस्टिक टेस्ट, जरूरी दवाओं का निःशुल्क वितरण, जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण परामर्श और डे-केयर ट्रीटमेंट की सुविधाएं हैं।

## अपराधी जिला छोड़ें या फिर जेल जाने को तैयार रहें : पुलिस अधीक्षक बगहा

पश्चिम चम्पारण( बगहा)। बगहा पुलिस जिला के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक, रामानंद कौशल ने आज बुधवार को पदभार ग्रहण किया है।इस अवसर पर पुलिस जिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा, रामनगर कुमार देवेंद्र,रागिनी कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक,एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहें। इस दौरान नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक को बुके देकर कार्यालय में स्वागत किया गया। एसपी रामानंद कौशल ने बगहा पुलिस जिला की विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई,महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और नागरिकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

नवपदस्थापित एसपी ने कहा कि बगहा पुलिस जिला में अपराध नियंत्रण, सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है।

# कोरियाई भिक्षुओं ने लौरिया के नंदनगढ़ स्तूप पर की पूजा, बोले– विश्व में ऐसा दूसरा कोई बौद्ध स्थल नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चंपारण के ऐतिहासिक नंदनगढ़ बौद्ध स्तूप पर बुधवार को साउथ कोरिया से आए बौद्ध भिक्षुओं के दल ने विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान भिक्षुओं ने इस स्थल को विश्व का एक अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र बताते हुए कहा कि यहां भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष सुरक्षित हैं, जो इसे पूरी दुनिया में अद्वितीय बनाते हैं। कोरिया के प्रसिद्ध बॉन मंदिर के मॉन्क हम हांगेजीउन ने सिल्क टूर इंडिया के द्विभाषीय गाइड सत्येन्द्र कुमार सिंह के माध्यम से कहा कि लौरिया का यह स्तूप उन्हें गहरे आध्यात्मिक भाव से भर देता है। वहीं दूसरे मॉन्क माईइयोनगजा ने इसे एक अद्भुत और दिव्य स्थल बताते हुए कहा कि यहां आकर उन्हें अत्यंत शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। भिक्षुओं ने नंदनगढ़ स्तूप पर बुद्ध की प्रतिमा स्थापित कर अपने धर्मानुसार परिक्रमा की और घंटों तक मंत्रोच्चार के साथ पूजा की। भिक्षुओं ने अशोक स्तंभ का भी दर्शन किया और वहां अगरबत्ती जलाकर ध्यान साधना की। उन्होंने कहा कि वे अपने देश लौटकर कोरिया के लोगों को इस पवित्र स्थल के बारे में बताएंगे और अगली बार सैकड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं के साथ यहां आएंगे। इसे उन्होंने अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बताया। इसके बाद सभी भिक्षुओं ने स्थानीय लोगों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और इस यात्रा को यादगार बताया। उनका अगला पड़ाव कुशीनगर, सारनाथ, वैशाली, राजगीर होते हुए बोधगया रहेगा।

स्थानीय भोजपुरी गायक पप्पू परवाना ने कहा कि लौरिया में लगातार अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन उनके ठहरने और खाने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

उन्होंने सरकार से यहां जल्द से जल्द गेस्ट हाउस और पर्यटक सुविधाएं विकसित करने की मांग की।इस अवसर पर कोरियाई बौद्ध प्रतिनिधिमंडल में ली जंग सुक, ली हिस्सुक, कीम यूं ही, चंग तैय जो, पार्क एकीयॉन्ग, सॉन्ग दुक्यो, कीम की ओन समेत कई अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

# मकर संक्रांति पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश: शिक्षाविद डॉ. अनुज सिंह ने 200 पौधे लगाकर लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा । मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देते हुए शिक्षाविद एवं मॉडर्न ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह ने नवादा नगर के कुंती नगर खेल परिसर में व्यापक पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। बुधवार को आयोजित इस अभियान के तहत उनके कार्यकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों के कर्मचारियों और सामाजिक सहयोगियों ने मिलकर कुल 200 पौधे लगाए।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि धरती को बचाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति और अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने पौधारोपण को जीवन का संकल्प बनाया है। यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगामी दो महीनों तक



नवादा और आसपास के विभिन्न स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा, ताकि हरियाली बढ़े और पर्यावरण संतुलन मजबूत हो सके। डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि आज प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटती हरियाली मानवता के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। पौधे न केवल ऑक्सीजन का प्रमुख स्रोत हैं, बल्कि वे जल संरक्षण, तापमान संतुलन और जैव विविधता को भी सुरक्षित रखते हैं। ल्लधरती बचेगी तभी जीवन बचेगाङ्क–इसी संदेश के साथ उन्होंने सभी से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होने की अपील की।

कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवी अनिल कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी पौधारोपण कर अभियान को समर्थन दिया। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख की जाएगी, ताकि वे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। आयोजन स्थल पर पौधों के संरक्षण हेतु जल व्यवस्था और सुरक्षा की भी व्यवस्था की गई। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलती है ।

# चिन्यालीसौड़ क्षेत्र में धर्म परिवर्तन की चर्चाएं

उत्तरकाशी। नगर पालिका क्षेत्र चिन्यालीसौड़ में कुछ परिवारों द्वारा हिन्दू धर्म से ईसाई धर्म अपनाने के मामलों को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। नागणी, सुलीठांग, चिन्यालीसौड़ और शक्ति पुरम कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में ऐसे कुछ परिवारों के धर्म परिवर्तन की चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय धर्मशास्त्रियों और सामाजिक संगठनों ने इसे क्षेत्र की सामाजिक व सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ते हुए चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि यह क्षेत्र देवी-देवताओं की आस्था से जुड़ा रहा है, जहाँ लंबे समय से धार्मिक परंपराओं का पालन किया जाता रहा है। इस विषय पर पंडित आचार्य दिनेश प्रसाद जोशी ने कहा कि जिन परिवारों की पीढ़ियाँ लंबे समय से सनातन धर्म की परंपराओं का पालन करती आई हैं, उनके धर्म परिवर्तन के कारणों को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पर समाज स्तर पर संवाद होना चाहिए। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाहक चंद्रपाल सिंह राणा ने कहा कि परिस्थितिवश धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसे मामलों को लेकर शासन-प्रशासन को स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063